डाक पंजीयन क्र. MP/Bhopal/186/2024-2026
लाइसेंस क्र. Tech/23-04/08/2024-2026
आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या 38506/84

# रोज़गार और निर्माण

प्रति सोमवार को प्रकाशित, भोपाल 14.04.2025 से 20.04.2025 ▶ वर्ष-42 ▶ अंक-16 ▶ मूल्य ₹ 10.00

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी अशोकनगर जिले के आनंदपुर धाम में आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए

# मध्यप्रदेश अजब और गजब है, विरासत के संरक्षण के साथ विकास के लिए प्रदेश में सिंहस्थ 2028 की हो रही तैयारियां

**अशोकनगर,** सेवा ऐसी गंगा है, जिसमें प्रत्येक व्यक्ति डुबकी लगाए तो उसका जीवन सार्थक हो सकता है। आनंदपुर धाम आकर मन अभिभूत है, जिस भूमि का कण-कण संतों की तपस्या से सींचा गया है, जहां सेवा के संकल्प मानवता का पथ प्रशस्त करते हों, वो धरती साधारण नहीं है। यह बात प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने अशोकनगर जिले के आनंदपुर धाम में वार्षिक वैशाखी मेले और संस्था के गुरु महाराज के अवतरण दिवस पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कही। प्रधानमंत्री ने कहा कि स्वास्थ्य, शिक्षा, कृषि, पर्यावरण संरक्षण क्षेत्र में श्री आनंदपुर ट्रस्ट के प्रयास सराहनीय और अनुकरणीय हैं। केन्द्र सरकार भी सेवा की भावना को केन्द्र में रखकर निर्धन वर्ग के लिए नि:शुल्क अनाज, पेयजल, आवास और स्वास्थ्य से जुड़ी योजनाओं का संचालन कर रही है। देश में नए-नए एम्स, आईआईटी, आईआईएम संस्थान प्रारंभ किए जा रहे हैं। पर्यावरण संरक्षण के लिए एक पेड़ मां के नाम अभियान जारी है। गरीब और वंचित व्यक्तियों के उत्थान के लिए सबका साथ-सबका विकास-सबका विश्वास-सबका प्रयास का मंत्र सरकार की नीति और निष्ठा है।



प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने आनंदधाम में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित किया

### आनंदपुर क्षेत्र के विकास को प्राथमिकता

प्रधानमंत्री ने कहा कि अशोकनगर के आनंदपुर क्षेत्र का विकास हमारा दायित्व है। इस क्षेत्र में कला, संस्कृति अर्थात् विरासत से विकास की अपार संभावनाएं हैं। इस क्षेत्र में चंदेरी साड़ी को जीआई टैग प्राप्त हुआ है। प्राणपुर में हैण्डलूम विलेज प्रारंभ किया गया है। मध्यप्रदेश में विरासत के संरक्षण के साथ विकास के प्रयास हो रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव सिंहस्थ - 2028 की तैयारियां भी प्रारंभ करवा चुके हैं।

### अद्वैत दर्शन का महत्व

प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत भूमि-ऋषियों की भूमि रही है। समाज जब किसी मुश्किल दौर से गुजरता है तो कोई ऋषि अवश्य अवतरित होता है। आदि शंकराचार्य ने अद्वैत से हम सबका परिचय करवाया। उस कालखंड में ऐसे ऋषि-मुनि आए जिन्होंने अद्वैत का विचार रखकर समाज को जागृत करने का कार्य किया।

### गरीबों की सेवा ही ईश्वर सेवा

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि गरीबों की सेवा करो और उनकी आत्मा में रच-बस जाओ, यही परमार्थ है, यही सच्ची मानव सेवा है। गुरुजी महाराज की सेवा भावना से हमें भी प्रेरणा मिलती है। शांति का जो पाठ उन्होंने समाज को दिया है वह अनुकरणीय है। गुरु जी महाराज ने इस आनंदधाम को सेवा का केंद्र बनाया है।

# सहकारी समितियों की कार्य प्रणाली में पारदर्शिता सुनिश्चित करें

**भोपाल,** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सहकारिता विभाग की समीक्षा बैठक को संबोधित करते हुए निर्देशित किया कि सहकारी समितियों की साख और जन सामान्य में उनके प्रति विश्वास बनाए रखने के लिए समितियों की कार्य प्रणाली में पारदर्शिता सुनिश्चित करना आवश्यक है। अत: सभी प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियों के कार्यों का शत प्रतिशत कम्प्यूटराइजेशन सुनिश्चित किया जाए। मुख्यमंत्री ने जून 2025 तक समितियों का ऑडिट पूर्ण कर कृषकों को लेन-देन की सूचना एसएमएस के माध्यम से उपलब्ध कराने और इस वर्ष के अंत अर्थात दिसम्बर 2025 तक सभी समितियों के कार्यों




का कम्प्यूटराइजेशन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अल्प सेवित पंचायतों की पहचान कर नवीन सहकारी समितियों के गठन के लिए प्राथमिकता पर कार्यवाही की जाए। वर्तमान परिदृश्य और आवश्यकताओं को देखते हुए अधिक से अधिक समितियों में पारंपरिक गतिविधियों के साथ-साथ कॉमन सर्विस सेंटर, प्रधानमंत्री किसान समृद्धि केंद्र, जन औषधि केंद्र, जल कर वसूली केंद्र और एग्री ड्रोन संचालन जैसी गतिविधियां चलाई जाएं। इसके साथ ही को-ऑपरेटिव- पब्लिक-प्राइवेट- पार्टनरशिप (सीपीपीपी) के माध्यम से सहकारी-सार्वजनिक और निजी क्षेत्र की भागीदारी से सहकारी समितियों को व्यवसाय के नए अवसर उपलब्ध कराने की दिशा में विशेष प्रयास किए जाएं। बैठक में जानकारी दी गई कि वर्ष 2024-25 में 35 लाख 3 हजार कृषकों को 21 हजार 232 करोड़ रुपये का फसल ऋण वितरित किया गया, जो गत वर्ष की तुलना में 1286 करोड़ रुपये अधिक है।

# आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश बनाने की पहल में स्व-सहायता समूह की महिलाओं की है प्रमुख भूमिका - मुख्यमंत्री

**धार,** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने धार जिले के कुक्षी में आयोजित स्व-सहायता समूह सम्मेलन सह-पोषण पखवाड़ा कार्यक्रम को संबोधित किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि स्व-सहायता समूह महिलाओं की आर्थिक एवं सामाजिक स्थिति को बेहतर बनाने का एक सशक्त माध्यम है। इससे न केवल महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा मिल रहा है, बल्कि महिलाएं आर्थिक रूप से समृद्ध भी हो रही हैं। आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश बनाने की पहल में स्व-सहायता समूह की महिलाओं की प्रमुख भूमिका है। सशक्त नारी ही समृद्ध प्रदेश का आधार है। प्रदेश में महिला सशक्तिकरण के प्रयासों की जानकारी देते हुए उन्होंने कहा कि प्रदेश की बहनों को निकाय चुनाव में 50 प्रतिशत आरक्षण दिया जा रहा है। साथ ही 2029 तक लोकसभा एवं विधानसभा चुनावों में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण के




प्रयास भी किये जा रहे हैं। जमीन या मकान की रजिस्ट्री महिला के नाम पर करने पर पंजीयन शुल्क में छूट दी जा रही है। लाड़ली बहना योजना ने महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त किया है। महिला स्व-सहायता समूह की बहनों ने हर क्षेत्र में बेहतर कार्य कर अपना सामर्थ्य दिखाया है।

### समाज को सशक्त बनाने का प्रयास

मुख्यमंत्री ने कहा कि भारतीय संस्कृति में हजारों सालों से देवियों की पूजा होती रही है। दुनिया में भारत ही एकमात्र देश है, जो राष्ट्र को माता मानता है। राज्य सरकार हर माह लाड़ली बहनों के खाते में 1250 रुपये डालकर रक्षाबंधन मना रही है। सभी पात्र लाड़ली बहनों को 1250 रुपये की राशि मिलती रहेगी। सरकार बहन-बेटियों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ेगी।

### उन्नत और समृद्ध रही है प्राचीन भारतीय वास्तुकला

**भोपाल,** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने ''द इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ आर्किटेक्ट्स'' के कुशाभाऊ ठाकरे सभागार में आयोजित राष्ट्रीय सम्मेलन ''ट्रांसम'' के शुभारंभ सत्र को संबोधित किया। प्राचीनकाल से ही आर्किटेक्ट्स का विशेष महत्व रहा है। राजा भोज स्वयं बड़े वास्तुकार थे। भोपाल ताल सहित प्राचीन स्थापत्य के कई उदाहरण भोपाल और इसके आसपास विद्यमान हैं। भोपाल का ताल मूलत: बांध है। यह अद्भुत और बेमिसाल संरचना आज भी सामयिक और बड़ी आबादी के लिए उपयोगी है। मुख्यमंत्री ने डॉ. निधिपति सिंघानिया को भारतीय वास्तुकार संस्थान (आईआईए) फैलोशिप से सम्मानित किया।

### इंदौर में 27 अप्रैल को होगा मध्यप्रदेश टेक ग्रोथ कॉन्क्लेव-2025 का आयोजन

**भोपाल,** विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा मध्यप्रदेश "टेक ग्रोथ कॉन्क्लेव-2025" का आयोजन 27 अप्रैल को इंदौर में किया जाएगा। यह ऐतिहासिक सम्मेलन राज्य में ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट (जीआईएस) 2025 में की गई निवेश प्रतिबद्धताओं को धरातल पर उतारने के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा है। मुख्यमंत्री की उपस्थिति में इस आयोजन में राज्य के प्रौद्योगिकी नेतृत्व की दिशा में रोडमैप प्रस्तुत किया जायेगा। आईटी एवं संबंधित क्षेत्रों में राज्य सरकार के निवेश कार्यान्वयन नीति को गति देने और राज्य को एक प्रमुख प्रौद्योगिकी गंतव्य के रूप में उभारने के लिये यह आयोजन महत्वपूर्ण होगा। यह निवेश प्रगति को ट्रेक पर लाने, नीतिगत निर्णयों को सामने लाने और सहयोग बढ़ाने के लिये एक प्रमुख मंच के रूप में कार्य करेगा।

## // संक्षिप्त खबर //

### नौ संकल्प नई ऊर्जा का बनेंगे स्त्रोत - मुख्यमंत्री

**भोपाल,** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा दिए गए नौ संकल्पों से निश्चित ही नई ऊर्जा के स्त्रोत बनेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रदेशवासियों से नौ संकल्पों के पालन का आह्वान किया है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने नई दिल्ली के विज्ञान भवन में नवकार महामंत्र दिवस पर समारोह का शुभारंभ करते हुए नवकार मंत्र के महत्व को रेखांकित किया। इसमें पहला संकल्प - जल संरक्षण, दूसरा संकल्प - एक पेड़ मां के नाम, तीसरा संकल्प - स्वच्छता का मिशन, चौथा संकल्प - वोकल फॉर लोकल, पांचवां संकल्प - देश दर्शन, छठा संकल्प - नैचुरल फार्मिंग को अपनाना, सातवां संकल्प - हेल्दी लाइफ स्टाइल को अपनाना, आठवां संकल्प - योग और खेल को जीवन में लाना और नौवां संकल्प - गरीबों की सहायता का संकल्प है।

### मध्यप्रदेश में होंगे अधिकारियों-कर्मचारियों के प्रमोशन

**भोपाल,** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि प्रदेश के अधिकारियों-कर्मचारियों की पदोन्नति शीघ्र होगी। इस बारे में राज्य शासन द्वारा शीघ्र ही महत्वपूर्ण निर्णय लिया जा रहा है। प्रदेश के लगभग 4 लाख अधिकारी-कर्मचारी इस निर्णय से लाभान्वित होंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि अपने सेवाकाल में कई वर्ष से पदोन्नति की प्रतीक्षा कर रहे अनेक अधिकारी-कर्मचारी सेवानिवृत्त भी हो गए। गत 8 वर्ष से पदोन्नति की रुकावट चली आ रही थी, जो अब समाप्त होगी। उन्होंने कहा कि पदोन्नति से संबंध में मुख्यमंत्री स्तर से 12 से अधिक बैठकों में विचार-विमर्श किया गया। शीघ्र ही मंत्रिपरिषद की बैठक में इस संबंध में निर्णय होगा।

### अल्बानिया रिपब्लिक के संसदीय चुनाव में राज्य निर्वाचन आयोग बनेगा आब्जर्वर

**भोपाल,** राज्य निर्वाचन आयोग के आयुक्त श्री मनोज श्रीवास्तव ने बताया कि मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग को अल्बानिया रिपब्लिक के संसदीय चुनाव में प्रेक्षक के रूप में आमंत्रित किया गया है। अल्बानिया में 9 से 11 मई 2025 तक संसदीय निर्वाचन होना है। सचिव राज्य निर्वाचन आयोग श्री अभिषेक सिंह ने बताया कि राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा स्थानीय निर्वाचन में किये गये विभिन्न नवाचारों जैसे पेपरलेस बूथ आदि के सफल प्रयोग के कारण अल्बानिया के निर्वाचन आयोग ने राज्य निर्वाचन आयोग को प्रेक्षक के रूप में आमंत्रित किया है। उन्होंने बताया है कि यह पहला राज्य निर्वाचन आयोग है, जिसे अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर निर्वाचक प्रेक्षक के रूप में आमंत्रित किया गया है।

### भीतर के पृष्ठों पर


- **पिछला सप्ताह** - देश-विदेश की साप्ताहिक खबरों का संक्षिप्त विवरण
- **चर्चा में** - चर्चित व्यक्तियों और ध्यान आकर्षित करने वाली खबरों की चर्चा
- **खेल चर्चा** - प्रमुख खेल गतिविधियों का विवरण
- **सामयिकी** - देश-विदेश की प्रमुख घटनाएं


(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)




## 5 अप्रैल

### कश्मीर में हार्ट क्लीनिक ऑन व्हील्स हुई शुरू

● दक्षिण कश्मीर में हार्ट क्लीनिक ऑन व्हील्स शुरू की गई है। इस क्लीनिक में



हृदय की कई तरह की जांच तुरंत हो सकेगी। हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. उपेंद्र कौल ने इसे इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन की मदद से शुरू किया है। डॉ. उपेंद्र ने बताया कि कश्मीर में हार्ट अटैक के मामले बढ़े हैं। इनमें गांवों में केस तेजी से बढ़ रहे हैं। हार्ट क्लीनिक ऑन व्हील्स गली-गली जाएगी और लोगों को जागरूक भी करेगी। अभी इसे पुलवामा, शोपियां और कुलगाम में एक साथ शुरू किया गया है। इस क्लीनिक में मौजूद एक हृदय रोग विशेषज्ञ और पैरामेडिकल स्टाफ हार्ट संबंधी मामलों का पता लगाने के साथ ही पांच से 15 वर्ष की उम्र के बच्चों में बढ़ते मोटापे और हृदय संबंधी विकारों के साथ पैदा हुए बच्चों का इलाज कर सकेगा।

● बैसाखी और खालसा साजना दिवस के अवसर पर अटारी-वाघा के रास्ते पाकिस्तान स्थित गुरुद्वारों के दर्शन के लिए श्रद्धालु रवाना हुए। पाकिस्तान सरकार ने इस बार भारत के 6600 श्रद्धालुओं को वीजा दिया है। यह पहली बार हुआ है कि जितनी भी संगत ने वीजा आवेदन दिए, उन सभी को पाकिस्तान के हाई कमिश्नर ने मंजूरी दी है। इस जत्थे में शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी (एसजीपीसी) की ओर से अप्लाई किए गए श्रद्धालुओं के 1942 और ननकाना साहिब सिख यात्री जत्थे के वीजा भी शामिल हैं।

## 6 अप्रैल

### भारतीय स्टार्टअप ने बनाया एडवांस चिप के बिना लार्ज एआई मॉडल

● चीन के डीपसीक की तरह ही एक भारतीय स्टार्टअप ने एडवांस कम्प्यूटिंग



चिप के बिना लार्ज एआई (कृत्रिम बुद्धिमत्ता) मॉडल चलाने का दावा किया है। जिरोह लैब का कॉम्पैक्ट फ्रेमवर्क भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) मद्रास की मदद से बना है। लैब द्वारा बताया गया कि यह प्लेटफॉर्म आम कम्प्यूटर के सीपीयू पर चलने में सक्षम है। आमतौर पर लार्ज एआई मॉडल के लिए महंगी ग्राफिक्स प्रोसेसिंग यूनिट (जीपीयू) इस्तेमाल करनी पड़ती है। लैब ने यह भी कहा कि वह एडवांस एआई मॉडल को पर्सनल कम्प्यूटर पर चलने के लिए कस्टमाइज भी कर सकती है। एक डेमो प्रोग्राम में लैब के रिसर्चर्स की टीम ने अपने प्रोडक्ट को एक आम लैपटॉप पर काम करते हुए दिखाया।

● स्पेसएक्स के फ्रेम 2 मिशन पर अंतरिक्ष यात्रियों ने अंतरिक्ष में पहला मेडिकल एक्स-रे लिया। यह स्कैन सूक्ष्म गुरुत्व में चार व्यक्तियों वाले कैप्सूल के अंदर किया गया, जो पृथ्वी की परिक्रमा 28,000 किलोमीटर/घंटा की गति से कर रहा था तथा सतह से लगभग 320 किलोमीटर ऊपर था।

## 7 अप्रैल

### एमसीयू में 15 अप्रैल से दाखिले की आवेदन प्रक्रिया होगी शुरू

● माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय (एमसीयू) में शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए एडमिशन की प्रक्रिया 15 अप्रैल से शुरू होगी। एमसीयू द्वारा चलाए जाने वाले अंडर स्नातक (यूजी) और स्नातकोत्तर कोर्सेस में दाखिला पूरी तरह से मेरिट और ऑनलाइन इंटरव्यू के आधार पर दिया जाएगा। आवेदन करने की अंतिम तिथि अभी घोषित नहीं की गई है। एमसीयू प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि आवेदन केवल एमपी ऑनलाइन पोर्टल के जरिए ही स्वीकार किए जाएंगे। सीयूईटी-यूजी और सीयूईटी-पीजी देने वाले अभ्यर्थियों के लिए अलग से आवेदन फॉर्म होगा। इसमें उन्हें नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) द्वारा दिए गए रजिस्ट्रेशन नंबर के साथ अपने प्राप्तांक (सीयूईटी स्कोर) डालने होंगे। इसके आधार पर उनकी मेरिट लिस्ट बनाई जाएगी। सीयूईटी देने वाले उम्मीदवारों को भी इंटरव्यू की प्रक्रिया से गुजरना होगा।

● गूगल की कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) रिसर्च कंपनी डीपमाइंड ने नई रिपोर्ट में चेतावनी दी है कि इंसानों जैसी आर्टिफिशियल जनरल इंटेलिजेंस (एजीआई) वर्ष 2030 तक विकसित हो सकती है। रिपोर्ट के अनुसार अगर इसे सही तरीके से नहीं संभाला गया, तो यह मानवता को हमेशा के लिए खत्म कर सकती है। डीपमाइंड ने इस रिपोर्ट में एआई से जुड़े खतरों और सुरक्षा उपायों पर विस्तार से चर्चा की है। गूगल के प्रवक्ता ने कहा कि एजीआई के खतरों को रोकने के लिए नियम जरूरी हैं।

## 8 अप्रैल

### छोटे किसानों को पर्याप्त जल के लिए 1600 करोड़ रुपये मंजूर

● किसानों को पर्याप्त पानी उपलब्ध कराने के लिए सिंचाई और जल प्रबंधन का आधुनिकीकरण होगा। इसमें इंटरनेट ऑफ थिंग्स जैसी तकनीक का भी इस्तेमाल होगा। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना (पीएमकेएसवाई) की उप-योजना के रूप में कमांड क्षेत्र विकास और जल प्रबंधन (एम-सीएडीडब्ल्यूएम) को मंजूरी दे दी है। इस योजना के लिए 1600 करोड़ रुपये का बजट तय किया गया है। इस योजना के तहत खेतों तक पानी पहुंचाने के लिए पुरानी नहरों या अन्य जल स्रोतों को आधुनिक तकनीकों से जोड़ा जाएगा, ताकि किसानों, विशेष रूप से छोटे और सीमांत किसानों को समय पर और पर्याप्त पानी मिल सके।

● पहली बार देशभर की पंचायतों की रैंकिंग सामने आई है। केंद्र सरकार ने पंचायतों के प्रदर्शन और प्रगति को आंकने के लिए बनाए गए पंचायत एडवांसमेंट (उन्नति) इंडेक्स के परिणाम जारी किए। देश की ढाई लाख ग्राम पंचायतों में से 699 पंचायतें 'ए' ग्रेड हैं जिन्हें फ्रंट रनर श्रेणी में रखा गया है। इनमें से 87 प्रतिशत गुजरात और तेलंगाना में हैं। गुजरात में 346 और तेलंगाना की 270 पंचायतें हैं। देश की 36 प्रतिशत पंचायतें 'बी' ग्रेड श्रेणी और 61 प्रतिशत 'सी' ग्रेड में हैं। छत्तीसगढ़ में सबसे अधिक 1,449 पंचायतें 'डी' ग्रेड में हैं। तेलंगाना के कामरेड्डी जिले की बर्नापुर ग्राम पंचायत सर्वश्रेष्ठ पंचायत बनी है। गरीबी मुक्त, न्यायपूर्ण व सुरक्षित तथा महिला अनुकूल पंचायत की श्रेणी में बर्नापुर प्रथम स्थान पर है। पंचायत भवनों पर उनकी रैंकिंग लिखी जाएगी।

## 9 अप्रैल

### भारत में तैयार पहली सेमीकंडक्टर चिप इस वर्ष होगी लॉन्च

● भारत में ही तैयार की गई पहली सेमीकंडक्टर चिप इसी वर्ष लॉन्च होगी। सूचना एवं प्रसारण, इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री श्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि देश में सेमीकंडक्टर बनाने वाले सभी पांच प्लांट में काम योजना के हिसाब से आगे बढ़ रहा है। टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स, पावर चिप सेमीकंडक्टर मैन्युफैक्चरिंग कॉर्पोरेशन (पीएसएमसी) के साथ मिलकर गुजरात के धोलेरा में देश का पहला सेमीकंडक्टर फैब बना रही है। उल्लेखनीय है कि पिछले वर्ष केंद्र सरकार ने भारत में तीन सेमीकंडक्टर यूनिट की स्थापना को मंजूरी दी थी। दिसंबर 2021 में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने देश में सेमीकंडक्टर और डिस्प्ले मैन्युफैक्चरिंग ईकोसिस्टम के विकास के लिए 76,000 करोड़ रुपये के व्यय वाले सेमीकॉन इंडिया कार्यक्रम को मंजूरी दी थी। इस कार्यक्रम का उद्देश्य सेमीकंडक्टर, डिस्प्ले मैन्युफैक्चरिंग और डिजाइन ईकोसिस्टम में निवेश करने वाली कंपनियों को वित्तीय सहायता देना है।

● केंद्र सरकार परिवहन साधनों और परियोजनाओं में बेहतर सामंजस्य बनाने की योजना पर काम कर रही है। इसका उद्देश्य शहरों के ट्रैफिक को कम करना, यात्रा सुगम बनाना और परिवहन प्रणाली को बेहतर बनाना है। परिवहन की बाधाओं को दूर करने के लिए केंद्र सरकार एक ही मंत्रालय के नेतृत्व में एक ऐसा तंत्र विकसित कर सकती है, जिसमें विभिन्न परिवहन साधनों जैसे सड़क, रेल, जलमार्ग, और वायु परिवहन के बीच बेहतर समन्वय की व्यवस्था होगी। इस संबंध में मार्च में एक उच्चस्तरीय बैठक हुई थी। बैठक में इस बात पर चर्चा हुई कि विभिन्न संबंधित मंत्रालयों के बीच ऐसा तंत्र स्थापित किया जाए, जिसमें परिवहन को शॉर्ट और लॉन्ग टर्म में एकरूप करने पर जोर दिया जाए। इस मामले में एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय द्वारा कुछ सुझाव रखे गए हैं। अधिकारियों ने कहा कि यह प्रधानमंत्री गतिशक्ति ढांचे के साथ मिलकर काम करेगा, लेकिन इसका स्वरूप थोड़ा अलग होगा। नीति आयोग जो कि सभी मंत्रालयों के बीच समन्वय रखता है, भी इस एकीकृत परिवहन परियोजना को लेकर गंभीर है।

## 10 अप्रैल

### एनएलआईयू भोपाल में पीएचडी प्रोग्राम की आवेदन प्रक्रिया शुरू

● राष्ट्रीय विधि संस्थान विश्वविद्यालय (एनएलआईयू) भोपाल में चार मुख्य



विषयों में पीएचडी प्रोग्राम में एडमिशन के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू हुई है। आवेदन 30 अप्रैल तक किए जा सकेंगे। इसके बाद 11 मई को प्रवेश परीक्षा होगी और 14 से 16 मई तक संबंधित अभ्यर्थियों के इंटरव्यू होंगे। यहां चार मुख्य विषयों में पीएचडी होगी। इन विषयों में लॉ, सोशल साइंसेस (जिसमें पॉलिटिकल साइंस, सोशियोलॉजी, इकोनॉमिक्स और इंग्लिश शामिल हैं), कंप्यूटर साइंस/इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी, और सायबर सिक्योरिटी शामिल हैं। संबंधित अभ्यर्थी को पोस्ट ग्रेजुएशन में कम से कम 55 प्रतिशत अंक या जहां ग्रेडिंग प्रणाली अपनाई गई हो, वहां समकक्ष ग्रेड होना चाहिए।

● भारत के सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि निष्पक्ष सुनवाई कराना राज्य का संवैधानिक कर्तव्य है। सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस ओका और जस्टिस भुइयां की पीठ ने संविधान के अनुच्छेद 21 का हवाला देते हुए निष्पक्ष सुनवाई को आवश्यक बताया और ट्रायल कोर्ट को भी उचित कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

## 11 अप्रैल

### भारतीय रिज़र्व बैंक सबसे इनोवेटिव वित्तीय संस्थान

● ग्लोबल फाइनेंस मैगजीन की प्रतिष्ठित 2025 इनोवेटर्स सूची में भारतीय रिजर्व




बैंक को वैश्विक स्तर पर मोस्ट इनोवेटिव फाइनेंशियल इंस्टीट्यूशन के रूप में मान्यता दी गई है। इसी के साथ आरबीआई यह अवॉर्ड जीतने वाला पहला केंद्रीय बैंक है। यह पुरस्कार आरबीआई के यूनिफाइड लोन इंटरफेस (यूएलआई) पर प्रकाश डालता है, जिसने लेंडर डेटा तक पहुंच और लोन सहायता को काफी बढ़ाया है। इससे भारत के वित्तीय ईकोसिस्टम में अधिक दक्षता और समावेशिता आई है। उल्लेखनीय है कि ग्लोबल फाइनेंस का बारहवां वार्षिक पुरस्कार कार्यक्रम उन संस्थाओं को मान्यता देता है जो नियमित रूप से वित्त में नए रास्ते तलाशते हैं।

● भारत में इन्फ्रास्ट्रक्चर की कमी और शेल्फ लाइफ बढ़ाने की तकनीक के अभाव में लगभग 40 प्रतिशत फल और सब्जियां लोगों तक पहुंचने से पहले ही खराब हो जाती हैं। भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) रुड़की ने इसी समस्या के समाधान के लिए 'नेचुरल क्ले बेस्ड स्कैवेंजर' बनाया है। इससे फलों तथा सब्जियों की शेल्फ लाइफ 30 प्रतिशत से 50 प्रतिशत तक बढ़ाई जा सकती है। इसके साथ ही फल और सब्जियों को लगभग 21 दिनों तक ताजा रखा जा सकता है। हालांकि यह हर उत्पाद के हिसाब से अलग-अलग है। एसोसिएट प्रोफेसर कीर्तिराज के. गायकवाड़ और उनकी टीम ने दो वर्ष के शोध के बाद यह स्कैवेंजर बनाया है।

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित
फोटो : गूगल से साभार)

**एजेंसी देना है**

मध्यप्रदेश का सर्वाधिक प्रसार संख्या वाला साप्ताहिक समाचार पत्र

रोज़गार और निर्माण

प्रदेश के छिन्दवाड़ा, धार, रतलाम, राजगढ़ एवं नीमच में एजेंसी नियुक्त करना है।

एजेंसी संबंधित कार्य के लिए कार्यालयीन समय में संपर्क करें
0755-2760006

प्रमुख आकर्षण
- कॅरियर की खबरें
- सम-सामयिक विषयों पर विशेषज्ञों की टिप्पणियां
- खेल जगत की उल्लेखनीय खबरें
- सप्ताह की प्रमुख घटनाएं
- मध्यप्रदेश सरकार के निर्णयों और योजनाओं की जानकारियां
- विज्ञान की बातें

मध्यप्रदेश माध्यम
40, प्रशासनिक क्षेत्र, अरेरा हिल्स, भोपाल (म.प्र.) 462011
फोन नंबर : 0755-2551330, 0755-2760006
www.mpmadhyam.in
madhyam.rojgar@gmail.com

आज ही खरीदें
प्रमुख बुक-स्टॉलों पर उपलब्ध

वर्ष 42, अंक 16 14.04.2025 से 20.04.2025

रोज़गार और निर्माण

rojgaraurnirman.in

- प्रबंध संचालक - डॉ. सुदाम खाडे
- सम्पादक - रंजना चितले
- प्रबंधक - वंदना चतुर्वेदी (विज्ञापन एवं प्रसार)
- प्रबंधक - सुभाष चन्द्र जोशी (मुद्रण)
- आकल्पन - अरविन्द टोप्पो
- वेबसाइट - आत्माराम शर्मा

**वार्षिक सदस्य बनने के लिये** रुपये 500/- (पाँच सौ) का डी.डी., मनीऑर्डर अथवा पोस्टल ऑर्डर रोज़गार और निर्माण, भोपाल के नाम बनवाकर नीचे लिखे पते पर भेजें :-
**रोज़गार और निर्माण, मध्यप्रदेश माध्यम, 40 प्रशासनिक क्षेत्र, अरेरा हिल्स, भोपाल (म.प्र.) पिन-462011**
फोन- 2760006, 2551330, 4281330, फैक्स - 4228409, **e-mail : madhyam.rojgar@gmail.com**
रोज़गार और निर्माण कार्यालय में नगद राशि जमा कर भी इसकी वार्षिक सदस्यता प्राप्त की जा सकती है। रोज़गार और निर्माण में प्रकाशित लेखों में व्यक्त विचार लेखकों के अपने हैं। इनसे सम्पादक की सहमति अनिवार्य नहीं है। किसी भी प्रकार के विवाद के लिये न्यायालयीन अधिकार क्षेत्र भोपाल रहेगा। रोज़गार और निर्माण में निजी संस्थाओं के विज्ञापन भी प्रकाशित किये जाते हैं, इन विज्ञापनों में किए गए दावे और तथ्य निजी संस्थाओं के अपने होते हैं। इसका समाचार पत्र के प्रबंधन से कोई संबंध नहीं है।

## सम्पादकीय

# विकसित भारत निर्माण में सहकारिता से जुड़ी गतिविधियों का महत्व

स्वतंत्रता के 75 वर्ष बाद देश में सहकारिता आंदोलन का पुनर्जन्म हुआ है और इससे एक नया जोश आया है। मध्यप्रदेश सरकार सर्वजन कल्याण के संकल्पों के साथ कार्य कर रही है। वर्तमान में पंचायत से लेकर मंत्रालय तक पारदर्शितापूर्ण कार्य शैली के कारण अन्य क्षेत्रों के साथ सहकारी क्षेत्र भी समृद्ध हुआ है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी और केंद्रीय सहकारिता एवं गृह मंत्री श्री अमित शाह ने सहकारिता का लाभ पहुंचाने के लिये 'बहुजन हिताय-बहुजन सुखाय' के भाव के साथ कार्य करने के लिए मार्गदर्शन दिया है। मध्यप्रदेश सहकारिता के क्षेत्र में निश्चित ही नए दौर की नई कहानी लिखेगा। गुजरात में दूध पर बोनस की जिस तरह व्यवस्था है, मध्यप्रदेश भी इस दिशा में आगे बढ़ रहा है। इसके साथ ही मध्यप्रदेश में मत्स्य पालन के लिए काफी बड़ा क्षेत्र है और हाल ही में ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में भी उद्योग क्षेत्र के साथ सहकारिता ने कार्य करने की पहल की है। मध्यप्रदेश में सहकारिता आंदोलन को गति दी जा रही है। अब सहकारिता क्षेत्र में व्यवस्थाएं काफी पारदर्शी हैं और मध्यप्रदेश में सहकारिता के विभिन्न आयामों पर कार्य किया जाएगा। आने वाले चार वर्षों में सहकारिता आंदोलन को नए मुकाम पर पहुंचाया जाएगा।

प्रधानमंत्री ने सहकारिता के मूल भाव के अनुरूप बहुउद्देशीय सहकारी समितियों की कल्पना की। इसे साकार करने के लिए सहकारिता का दायित्व केंद्रीय मंत्री श्री अमित शाह को दिया गया। केंद्र सरकार ने सहकारिता में सभी के कल्याण का ध्यान रखा है। मध्यप्रदेश में भी इसी तर्ज पर कार्य हो रहा है। सहकारिता अधिनियम में परिवर्तन के फलस्वरूप सोसायटी के रजिस्ट्रेशन का कार्य 30 दिन में संभव होगा। पूर्व में यह अवधि 90 दिवस थी। पूर्व की व्यवस्था में अनेक कठिनाइयों का सामना करना होता था। प्रधानमंत्री श्री मोदी के मार्गदर्शन में सहकारिता क्षेत्र में प्रक्रियाओं को सरल बनाने की पहल हुई। सहकारिता को उन्होंने बहुउद्देशीय और बहुआयामी बनाने का कार्य किया है। प्रदेश में सहकारिता की पहुंच बढ़ाने और सतत विकास में सहकारिता के योगदान के लिए ग्राम और वार्ड स्तर पर गतिविधियों का संचालन किया जा रहा है। सहकारी सोसायटियों के सुदृढ़ीकरण के लिए नवाचार और सूचना प्रौद्योगिकी को बढ़ावा देते हुए सहकारिता के सेट-अप में कार्पोरेट संस्कृति को विकसित करने की आवश्यकता है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के 'ज्ञान पर ध्यान' के मंत्र को साकार करने और विकसित भारत के लिए भावी पीढ़ी को सहकारिता का आधार तैयार करने के उद्देश्य से गतिविधियां संचालित किये जाने की योजना पर कार्य आरंभ हो रहा है।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के अनुसार प्रदेश में किसान क्रेडिट कार्ड की सुविधा से वंचित रह गए किसानों को चिह्नित कर उन्हें सुविधा उपलब्ध कराने के लिए राजस्व, किसान कल्याण तथा विकास, पशुपालन एवं डेयरी और मछुआ कल्याण एवं मत्स्य विकास विभाग समन्वित रूप से गतिविधियां संचालित करें। पैक्स के सशक्तिकरण और उन्हें अधिक समर्थ और सक्षम बनाने के लिए अन्तर्विभागीय समन्वय से कार्य किया जाए। शासकीय योजनाओं के कन्वर्जेंस में पैक्स के सदस्यों को प्राथमिकता दी जाए। उल्लेखनीय है कि संयुक्त राष्ट्र द्वारा भारत सरकार की पहल पर वर्ष-2025 को अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष घोषित किया गया है। 'सहकारिता एक बेहतर दुनिया का निर्माण करती है' इसकी थीम है, जो वैश्विक चुनौतियों का सामना करने में सहकारी मॉडल की प्रभावशीलता को दर्शाती है। साथ ही यह वर्ष 2030 तक सतत विकास लक्ष्यों को लागू करने के प्रयासों में सहकारिता के योगदान पर भी प्रकाश डालती है।

गांवों, किसानों, महिलाओं और गरीबों के सशक्तिकरण के लिए सहकारिता आंदोलन ने कई रास्ते खोले हैं और इसके माध्यम से आने वाले दिनों में प्रधानमंत्री द्वारा दिए गए 'सहकार से समृद्धि' के लक्ष्य को हम प्राप्त कर सकेंगे। सहकारिता वर्ष दुनियाभर के करोड़ों गरीबों, किसानों और महिलाओं के सशक्तिकरण और सम्मान से जीने का रास्ता खोलेगा।

# नए चुंबकीय नैनोकण कैंसर के इलाज में हो सकते हैं मददगार

कैंसर को मानवता के लिए सबसे खतरनाक बीमारियों में से एक माना जाता है। उपलब्ध कई उपचार विधियों में से, कैंसरग्रस्त कोशिकाओं के लिए सबसे प्रभावी उपचार विकिरण चिकित्सा, कीमोथेरेपी, लक्षित चिकित्सा और स्टेम सेल प्रत्यारोपण हैं। कैंसर की सभी उपचार विधियों से कई गंभीर साइड इफेक्ट होते हैं। हाल ही में भारत सरकार के विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग (डीएसटी) के एक स्वायत्त संस्थान, विज्ञान और प्रौद्योगिकी उन्नत अध्ययन संस्थान (आईएएसएसटी) के वैज्ञानिकों की एक टीम ने प्रोफेसर देवाशीष चौधरी के नेतृत्व में महत्वपूर्ण निष्कर्ष निकाले हैं। इसमें एनआईटी नागालैंड के सहयोग से पारंपरिक रासायनिक-सह-अवक्षेपण मार्ग का उपयोग करके अलग-अलग दुर्लभ-पृथ्वी जीडी डोपेंट सामग्री के साथ नैनोक्रिस्टलाइन कोबाल्ट क्रोमाइट चुंबकीय नैनोकणों को संश्लेषित किया। नई संश्लेषित नैनोक्रिस्टलाइन कोबाल्ट क्रोमाइट चुंबकीय नैनोकणों के साथ एक सक्षम चुंबकीय प्रणाली विकसित की गई है जो कैंसर के इलाज के लिए चुंबकीय हाइपरथर्मिया नामक प्रक्रिया के माध्यम से ट्यूमर कोशिकाओं के तापमान को बढ़ाकर कैंसर का इलाज कर सकती है। डॉ. मृत्युंजय प्रसाद घोष, नेशनल पोस्ट-डॉक्टरल फेलो (एन-पीडीएफ) और आईएएसएसटी गुवाहाटी के शोध विद्वान श्री राहुल सोनकर की टीम द्वारा किया गया यह शोध हाल ही में रॉयल सोसाइटी ऑफ केमिस्ट्री, यूनाइटेड किंगडम की सहकर्मी-समीक्षित पत्रिका नैनोस्केल एडवांस में प्रकाशित हुआ है।

तरल रूप में इन चुंबकीय नैनोकणों के विषमांगीपन का उपयोग लागू वैकल्पिक चुंबकीय क्षेत्र अधीनता के तहत गर्मी उत्पन्न करने के लिए किया गया था। चुंबकीय नैनोकणों की ऊष्मा, उत्पादन विधि का उपयोग कैंसर कोशिकाओं के उपचार में एक विशेष समय-सीमा के लिए कोशिका के तापमान को 46 डिग्री सेल्सियस तक बढ़ाकर किया जा सकता है, जिससे विशेष कैंसर वाले स्थानों पर लागू होने पर असक्षम कोशिकाएं निष्क्रिय हो सकती हैं। इस प्रकार, सुपरपैरामैग्नेटिक नैनोकण नैनो-हीटर के रूप में कार्य करते हैं और संभावित रूप से कैंसर के इलाज और वैकल्पिक कैंसर चिकित्सा के लिए चुंबकीय हाइपरथर्मिया अनुप्रयोगों में इनका उपयोग किया जा सकता है।

**- विकास तिवारी**

(लेखक, प्रतियोगी परीक्षाओं से जुड़े विषयों पर लेखन करते हैं)

## डॉ. भीमराव अम्बेडकर का जन्म दिवस - 14 अप्रैल

# समरस समाज के पक्षधर और सशक्त भारत निर्माण के परिकल्पक

आज जिस संविधान से भारत अपनी सामाजिक, प्रशासनिक और राजनैतिक प्रक्रियाओं का संचालन कर रहा है, उस संविधान सभा के अंतर्गत बनी ड्राफ्टिंग कमेटी के अध्यक्ष डॉ. भीमराव अम्बेडकर थे। उनकी अध्यक्षता में आकार मिला भारतीय संविधान को। जन सामान्य में वे बाबा साहेब अम्बेडकर के नाम से जाने जाते हैं। अद्भुत विद्वान और दूरदर्शी बाबा साहेब अम्बेडकर सामाजिक असमानता को एक सशक्त भारत के निर्माण में सबसे बड़ी बाधा मानते थे। उनका पूरा जीवन असमानता और जाति भेद दूर करके समान नागरिक सम्मान और समान अधिकार के संघर्ष में बीता।

बाबा साहेब अम्बेडकर की गणना भारत ही नहीं विश्व के विलक्षण व्यक्तित्वों में होती है। भारतीय समाज का एक बड़ा समूह तो उन्हें अवतारी मानता है। उन्होंने अपने जीवन में 32 डिग्रियाँ अर्जित की थीं। उनके द्वारा रचित साहित्य आज भी पूरे राष्ट्र और समाज के लिये मार्गदर्शक है।

### व्यक्तिगत जीवन

अनूठी प्रतिभा के धनी डॉ. भीमराव अम्बेडकर का जन्म मध्यप्रदेश के महू में 14 अप्रैल 1891 को हुआ। महू इंदौर जिले के अंतर्गत एक तहसील मुख्यालय है। वहां अंग्रेजों की सैन्य छावनी हुआ करती थी। उनके पिता रामजी सकपाल मूलतः महाराष्ट्र के रत्नागिरी जिले के रहने वाले थे, लेकिन वे सेना में रहे। अपनी सैन्य सेवा में उनकी पदस्थापना भारत के विभिन्न नगरों में हुई। बाबा साहेब अपने चौदह भाई बहनों में सबसे छोटे थे। छोटे होने के कारण माता भीमाबाई के अतिप्रिय थे। इसलिए बचपन में उनके नाम 'भिवा' और 'भीम' रहे। माता भीमाबाई धार्मिक विचारों की थीं, वे घर का काम करते-करते भजन गुनगुनाया करती थीं। पिता रामोजी का झुकाव कबीरपंथ की ओर था। बालक भिवा की स्मरण शक्ति बहुत तीव्र थी। वे एक बार जो सुन लेते थे, कभी नहीं भूलते थे। सुनकर विषय के प्रस्तुतिकरण की क्षमता अद्भुत थी। बाबा साहेब की आरंभिक शिक्षा सतारा के स्थानीय स्कूल से हुई।

बड़ौदा महाराज ने उन्हें सैन्य सचिव नियुक्त किया, लेकिन कुछ ही समय बाद उन्होंने यह नौकरी छोड़ दी। इसके बाद उन्होंने लेखाकार के रूप में जीवन शुरू किया। इसके साथ उन्होंने निवेश परामर्शदाता के रूप में भी स्वयं को स्थापित किया। सामाजिक विषमता के चलते उनके यह काम अधिक प्रभावशाली न बन सके। 1918 में वे मुंबई में सिडेनहम कॉलेज ऑफ कॉमर्स एंड इकोनॉमिक्स में राजनीतिक अर्थशास्त्र के प्रोफेसर बने।

उनकी कुल चार संतानें हुईं लेकिन जीवित केवल एक यशवंत अम्बेडकर ही रहे। 1935 में रमाबाई की मृत्यु हो गई। इसी वर्ष अस्वस्थता के चलते उनका परिचय डॉ. शारदा कबीर से हुआ। निकटता बढ़ी और 1948 में अम्बेडकर जी ने दूसरा विवाह शारदा जी से किया, जो विवाह के बाद सविता अम्बेडकर कहलाईं। अम्बेडकर के परिवार के सदस्य कबीर पंथ को मानने वाले थे।



कुशाग्र और विलक्षण प्रतिभा एवं जीवन के अनुभवों ने उन्हें एक महान चिंतक बनाया। राष्ट्र और समाज जीवन का ऐसा कोई विषय नहीं जिस पर बाबा साहेब अम्बेडकर ने विचार व्यक्त न किये हों। वे प्रगति और प्रतिष्ठा दोनों के लिये शिक्षा और संगठन को महत्व देते थे। वे कहते थे कि- शिक्षित बनो, संगठित रहो और संघर्ष करो। शिक्षा के बाद अम्बेडकर ज्ञान पर जोर देते थे। वे मानते थे कि शिक्षा के साथ अध्ययन और जीवन के अनुभवों से व्यक्ति ज्ञानी बनता है। ज्ञान ही जीवन को श्रेष्ठ बनाने का आधार है।

### अधिकार दिलाने का अभियान

व्यक्तिगत तौर पर भले उन्हें मानसिक भेदभाव का सामना करना पड़ा हो, किन्तु उनकी प्रतिभा की साख सभी ओर स्थापित हुई। जब अंग्रेज सरकार भारत शासन अधिनियम 1919 तैयार कर रही थी। अधिनियम तैयार करने वाली समिति में सुझाव देने के लिये अम्बेडकर को आमंत्रित किया। 1920 में उन्होंने बंबई से एक साप्ताहिक समाचार पत्र 'मूकनायक' का प्रकाशन आरंभ किया। यह साप्ताहिक समाचार पत्र पाठकों में लोकप्रिय हो गया। इस समाचार पत्र में अम्बेडकर ने समाज के रूढ़िवादी और जातीय भेदभाव से मुक्ति का अभियान चलाया। उनका यह अभियान केवल लेखन तक सीमित नहीं था। इसके लिये उन्होंने सभा सम्मेलन और बैठकों का सिलसिला भी आरंभ किया। कोल्हापुर में आयोजित ऐसे एक सम्मेलन से प्रभावित होकर महाराज शाहू चतुर्थ ने उन्हें भोजन पर आमंत्रित किया और साथ बैठकर भोजन किया। समाज में जो भेदभाव मुक्त एक समरस समाज स्थापना के पक्षधर थे वह अम्बेडकर के साथ जुड़ने लगे। इसके साथ उन्होंने एक संस्था बहिष्कृत हितकारिणी सभा का गठन किया। इसका उद्देश्य शिक्षा और सामाजिक-आर्थिक सुधार के साथ 'बहिष्कृत समाज' का उत्थान करना था। बाबा साहेब ने मूकनायक, बहिष्कृत भारत, समता, प्रबुद्ध भारत और जनता जैसी पांच पत्रिकाएं निकालीं।

### राजनैतिक जीवन

बाबा साहेब का पूरा जीवन छूआछूत विरोधी एक समरस समाज की स्थापना के लिये था लेकिन वे राजनीति से दूर नहीं थे। उनका राजनीतिक सफर 1926 से आरंभ हो गया था। उन्होंने भारत आये सायमन कमीशन को कुछ सामाजिक कानून बनाने का सुझाव दिया था। वर्ष 1936 में उन्होंने स्वतंत्र लेबर पार्टी का गठन किया। 1942 में उन्हें भारत के गवर्नर जनरल की कार्यकारी परिषद में लेबर सदस्य के रूप में नियुक्त किया गया। 1946 से वह बंगाल से संविधान सभा के लिए चुने गए। 1954 में बाबा साहेब को जगतिक बौद्ध धर्म परिषद में बौद्ध भिक्षुओं द्वारा बोधिसत्व की उपाधि से सम्मानित किया गया। बाबा साहेब ने भारतीय रिज़र्व बैंक की स्थापना में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इसका गठन बाबा साहेब द्वारा हिल्टन यंग कमीशन को प्रस्तुत की गई अवधारणा के आधार पर किया गया। 6 दिसम्बर, 1956 को लंबी बीमारी के बाद उनका निधन हो गया। उनकी पुण्यतिथि को पूरा देश महापरिनिर्वाण दिवस के रूप में मनाता है।

### जीवन के अनुभव और चिंतन की व्यापकता

व्यक्ति, परिवार, समाज और राष्ट्र निर्माण के लिये बाबा साहेब अम्बेडकर ने जो प्राथमिकताएं बताईं थीं वे आज भी प्रासंगिक हैं। किसी भी परिवार में परस्पर वैमनस्य, द्वेष, ईर्ष्या घातक होती है। वह तब तक प्रगति नहीं कर सकता, जब तक उसमें एकजुटता न हो। परिवार का बड़ा रूप समाज है। यदि समाज में भेदभाव है, ऊंच-नीच का भाव है और छुआछूत है, तब कैसे प्रगति होगी। बाबा साहेब अम्बेडकर एक ऐसे राष्ट्र निर्माण के पक्षधर थे, जिसमें किसी प्रकार का भेदभाव न हो। सब एक सूत्र में बंधें, सबका समान सम्मान और अधिकार हो। बाबा साहेब का पूरा जीवन इसी संघर्ष में बीता। इस सामाजिक जाग्रति के लिये उन्होंने समाचार पत्र निकाले, लेख लिखे, सभा सम्मेलन और बैठकें कीं। बाबा साहेब ने जीवन के सभी रंग देखे थे, सैन्य छावनी में सैनिकों के रुतबे का जीवन। माँ के निधन और पिता की सेवानिवृत्ति के बाद गांव के जीवन का संघर्ष और बड़ौदा महाराज की उच्च सेवा में रहकर एक वैभवशाली जीवन भी। उन्हें अपने जीवन में शिक्षकों का अतुलनीय सहयोग मिला। वे बहुत संवेदनशील थे। प्रत्येक विषय पर गहराई से सोचते थे।

कुशाग्र और विलक्षण प्रतिभा एवं जीवन के अनुभवों ने उन्हें एक महान चिंतक बनाया। राष्ट्र और समाज जीवन का ऐसा कोई विषय नहीं जिस पर बाबा साहेब अम्बेडकर ने विचार व्यक्त न किये हों। वे प्रगति और प्रतिष्ठा दोनों के लिये शिक्षा और संगठन को महत्व देते थे। वे कहते थे कि- शिक्षित बनो, संगठित रहो और संघर्ष करो। शिक्षा के बाद अम्बेडकर ज्ञान पर जोर देते थे। वे मानते थे कि शिक्षा के साथ अध्ययन और जीवन के अनुभवों से व्यक्ति ज्ञानी बनता है। ज्ञान ही जीवन को श्रेष्ठ बनाने का आधार है।

शिक्षा, ज्ञान, संगठन, सामाजिक समानता और सामाजिक न्याय वे विषय हैं जो किसी समाज और राष्ट्र की उन्नति का आधार होते हैं। इनकी विसंगति ही अवनति का कारण बनती है। अम्बेडकर जी का यही चिंतन हमें भविष्य में प्रगति के आधार से परिचित कराता है।

**रमेश शर्मा**

(लेखक, वरिष्ठ पत्रकार एवं स्तम्भकार हैं)

# भारतीय वायु सेना/INDIAN AIR FORCE

**NVITES UNMARRIED INDIAN MALE AND FEMALE CANDIDATES TO APPEAR IN PRE-REGISTERED RECRUITMENT RALLY FROM 10 JUNE 2025 TO 18 JUNE 2025 AT 2 ASC C/O RACE COURSE CAMP, AIR FORCE STATION NEW DELHI (NEW DELHI) AND 7 ASC, NO. 1 CUBBON ROAD, BENGALURU (KARNATAKA) TO JOIN THE IAF AS AGNIVEERVAYU (MUSICIAN)**

**FOR AGNIVEERVAYU INTAKE 01/2026**

**CAUTION**

SELECTION IN THE INDIAN AIR FORCE (IAF) IS 'FAIR AND TRANSPARENT' AND ON MERIT ONLY. AT NO STAGE ANY BRIBE IS REQUIRED TO BE PAID TO ANYONE FOR SELECTION OR RECRUITMENT IN THE IAF. CANDIDATES SHOULD NOT FALL PREY TO UNSCRUPULOUS PERSONS POSING AS RECRUITING/SELECTING AGENTS.

**1. IAF** offers opportunities for **UNMARRIED INDIAN MALEAND FEMALE CANDIDATES from all the districts of all States and all Union Territories of India** to join the IAF as Agniveervayu (Musician). The Recruitment Test will be held at **2 ASC C/O Race Course Camp, Air Force Station New Delhi (New Delhi) and 7 ASC, No. 1 Cubbon Road, Bengaluru (Karnataka)** as per the following selection programme:-

| DATE | SUB-STREAM | ACTIVITIES | DISTRICTS TO BE COVERED |
|---|---|---|---|
| 10 June 2025 to 18 June 2025 | Agniveervayu (Musician) | Proficiency test in playing musical instruments, English written test, Adaptability Test-I (AT-I), Physical Fitness Test (PFT) I& II, Adaptability Test-II (AT-II) and Medical Appointments | All the districts of all States and all Union Territories of India |

**Note. Online registration for the rally will start at 1100 Hr on 21 April 2025 and will close at 2300 Hr on 11 May 2025 on web portal https://agnipathvayu.cdac.in. Only registered candidates issued with Provisional Admit Card are allowed to appear in the recruitment rally.**

**2.** The recruitment test shall be conducted as per the details given above. Only candidates fulfilling eligibility conditions are to report as per the date, time and venue mentioned in Provisional Admit Card. Candidate must indicate two choices of venue for recruitment rally in order of preference during online registration. However, CASB reserves the right to allot venue for the recruitment rally which may or may not be as per choice of the candidate.

**Note. Requests for change of examination centre or date of selection test shall not be entertained.** Candidates are to report at the designated rally venue on scheduled date/time as mentioned in the Provisional Admit Card without fail. They have to cater for any contingencies including late running of trains while planning their move.

THE SELECTION TEST IS NOT FOR SELECTION AS COMMISSIONED OFFICERS/ PILOTS/ NAVIGATORS/ AIRMEN.

**ELIGIBILITY CONDITIONS**

3. **Date of Birth Block.**
   **(a)** Candidates born between **01 January 2005** and **01 July 2008 (both dates inclusive)** are eligible to apply.
   **(b)** In case, a candidate clears all the stages of the selection procedure, then the upper age limit as on date of enrolment should be 21 years.

**4. Marital Status and Pregnancy.** Only unmarried candidates (male and female) will be eligible for enrolment as Agniveervayu and they shall undertake not to marry during the defined engagement period of four years. Keeping in view limited period of engagement of Agniveervayu inclusive of training, skill development activities, practical as well as formative assessment and organisational requirement of continued service of Agniveervayu during the engagement period, longer absence of Agniveervayu during the engagement period will adversely affect the operational efficiency of the IAF. Agniveervayu who marry during the said period shall be discharged from the service. Further, only unmarried Agniveervayu will be eligible for selection in regular cadre as Airman. Female candidates additionally shall be required to undertake not to get pregnant during the engagement period of four years. Such women Agniveervayu on becoming Low Medical Category (LMC) due to pregnancy shall be liable to be discharged from service. Pregnancy will debar the women Agniveervayu for selection into Regular Cadre. At the time of enrolment, candidates will be required to sign a voluntary undertaking accepting above conditions.

5. **Educational Qualification and Musical Proficiency.**
   **(a) Educational Qualification.** Passed Matriculation/ 10th or equivalent with minimum pass marks from any Govt. recognised School/ Board.
   **(b) Music Ability.**
   (i) Candidates must have proficiency in music with accuracy in tempo, pitch and singing one complete song. They should be able to perform one preparatory tune and any of thenotations ie, Staff notation/ Tablature/ Tonic Solfa/ Hindustani/ Carnatic etc.Candidates must be able to tune individual instruments (in case of instruments that require tuning) and match unknown notes on vocal or instruments.
   (ii) Candidates must have proficiency in playing any one instrument from list A or B.

| List – A | List - B |
|---|---|
| **(aa)** Concert Flute / Piccolo. | **(aa)** Keyboard / Organ / Piano. |
| **(ab)** Oboe. | **(ab)** Guitar (Acoustic / Lead / Bass). |
| **(ac)** Clarinet in Eb / Bb. | **(ac)** Violin, Viola, String Bass. |
| **(ad)** Saxophone in Eb / Bb. | **(ad)** Percussion / Drums (Acoustic/ Electronic). |
| **(ae)** French Horn in F / Bb. | **(ae)** All Indian Classical Instruments. |
| **(af)** Trumpet in Eb / C / Bb. | |
| **(ag)** Trombone in Bb/ G. | |
| **(ah)** Baritone. | |
| **(aj)** Euphonium. | |
| **(ak)** Bass / Tuba in Eb/ Bb. | |

   (iii) It is desirable that the candidateshave proficiency in playing two instruments (one each from list A and B above).

**(c) Musical Experience Certificate.** Candidates should have any one of the following experience certificates:-
   **(i)** Grade 5th or equivalent or above in one instrument from a recognised music institute such as TCL or RSM, KM Music Conservatory, Bangalore School of Music, TSM, GMI, Berklee School of Music etc.

**OR**

(ii) Diploma or equivalent in the field of music for candidates performing Hindustani or Carnatic Classical Music from any recognised university.

**OR**

(iii) Certificate of participation/ awards presented at various events. For such candidates, performance/ playing of blowing instruments with staff notation as mentioned in Educational QRs.

**6. Mandatory Medical Standards.** General Medical Standards for Agniveervayu Male and Female candidates are as follows:-
   (a) **Height.**
   (i) **For Male candidates.** Minimum acceptable height is **162 cms**.
   (ii) **For Female candidates.** Minimum acceptable height is **152 cms**. For candidates (female only) of North East or hilly regions of Uttarakhand ethnicity, a lower minimum height of **147 cms** will be accepted. In case candidates of Lakshadweep ethnicity, the minimum height will be **150 cms**.
   **Note.** Candidates availing height relaxation for being domicile of North East/ hilly regions of Uttarakhand/Lakshadweep are to submit domicile certificate with endorsement of domicile status at the time of Recruitment Rally. **Further, candidates from hilly regions of Uttarakhand must have specific endorsement of hilly region in their domicile certificate.**
   (b) **Weight.** Proportionate to height and age as applicable for IAF.
   (c) **Chest.**
   **(i) For Male Candidates.** The chest wall should be well proportioned and well developed. Minimum chest circumference should be **77 cms** and the chest expansion should be at least **05 cms.**
   **(ii) For Female Candidates.** The chest wall should be well proportioned and should be with minimum range of expansion of **05 cms.**
   (d) **Hearing.** Candidate should have normal hearing ie, able to hear forced whisper from a distance of 6 meters by each ear separately.
   (e) **Dental.** Should have healthy gums, good set of teeth and minimum 14 dental points.
   (f) **General Health.** Candidate should be fit for the Air Force, must conform to the medical standards and should be of normal anatomy without loss or deformity of any appendages. He / She should be free from any active or latent, acute or chronic, medical or surgical disability or communicable disease, infection and skin ailments. Candidate shall be physically and mentally fit to perform duty in any part of the world, in any climate and terrain.
   (g) **Gynaecological Examination (for female candidates).** The examination covers external genitalia, hernia orifices and the perineum, any evidence of stress urinary incontinence or genital prolapse outside introitus.
   (h) **Gender.** Any candidate, if found to have predominant characteristics of the opposite gender as evident on external physical examination, will be rejected as **Unfit.** Any candidate having undergone gender reassignment surgery will be declared **Unfit.**
   (j) **Pregnancy (for female candidates).** Any candidate, if found pregnant, shall be disqualified and her candidature will be rejected.
   (k) **Visual Standards.**

| Visual Acuity | Maximum limits of Refractive error | Colour Vision |
|---|---|---|
| 6/12 each eye, correctable to 6/6 each eye | Hypermetropia: +2.0D<br>Myopia-1D<br>Including ± 0.50 D Astigmatism | CP-II |

   **Note.**
   (i) Candidates should bring latest prescription (not older than one month) and spectacles for corrected vision, if used. The prescription must bear the diopter measurement,name,signature,stampandregistrationnumberofOpthalmologist. Date of prescription should be within a month prior to appearing for medical examination.
   (ii) Corneal Surgery (LASIK/PRK) is not acceptable.
   (l) Details of medical standards are available on CASB web portal **https://agnipathvayu.cdac.in.**

**7. Consumption of Narcotic Drugs and Psychotropic Substance (NDPS).** Consumption of narcotic drugs and psychotropic substances banned under the NDPS Act 1985 **shall be a reject criterion for selection into the IAF.** Agniveervayu found either in possession or storing or distributing or consuming such drugs and substances after enrolment shall be liable for disciplinary action including dismissal from the IAF. **ZERO TOLERANCE POLICY TO ALCOHOLISM AND SUBSTANCE ABUSE IS FOLLOWED IN IAF.**

**8. Body Tattoo.** Permanent body tattoos are not permitted. However, tattoos only on inner face of the fore arms (inside of elbow to the wrist), back (dorsal) part of the hand/ reverse side of palm and tribals with tattoos which are as per custom and traditions of their tribes may be considered. Offensive, obscene, indecent, sexist or racist tattoos are prohibited regardless of location on the body. However, right to consider a tattoo acceptable or unacceptable will rest with the selection centre. **Candidates with permanent body tattoos are to submit two postcard size photographs (close up and distant view) with details of size and type of the Tattoo.**

**9. Only Sikh candidates**, whose religion prohibits cutting of hair or shaving of face, shall be permitted to grow hair and/ or retain beard and moustache. Accordingly, those Sikh candidates willing to retain the same as per laid down specification are to get their photographs with beard and moustache.

**10. Candidates discharged from Indian Army/Indian Navy/any other Government Organisation shall also be eligible, subject to their discharge with NO ADVERSE ENTRIES.** Such candidate has to declare at the rally venue that he/ she is an Ex-employee of above said organisations and produce original discharge certificate. In case of serving individuals, they must be in possession of NOC from their employer at the time of rally. If any candidate does not disclose the fact of being employed or that of being an Ex-employee, his/ her candidature shall be cancelled at any stage during the selection process and if selected, shall be liable for discharge/ dismissal from the service for hiding the fact of his/ her employment. **Candidates discharged from IAF for any reason are not eligible to appear in the rally. Candidates debarred permanently from any previous Air Force exam due to malpractice or any unfair activity are not eligible to appear in the rally. If found at a later stage, the candidature will be cancelled automatically.**

**11. Musical Instruments, Writing Material and Documents Required**. Candidates are to bring the following:-

**(a)** Musical Instruments for practical test, from the list 'A' & 'B' as mentioned in Para 5 (b) (ii) above.

**(b)** HB pencil, eraser, sharpener, glue stick, stapler and black & blue ball point pen for writing.

**(c)** Provisional Admit Card.

**(d)** Ten un-attested recent (not taken before six months) passport size colour photographs (front portrait in light background without head gear except for Sikhs). The photograph is to be taken with candidate holding a black slate infront of his/ her chest with his/her name and date of photograph taken, clearly written on it with white chalk in capital letters.

**(e)** Original and four self-attested photocopies of Matriculation passing certificate and mark sheet.

**(f)** Original and four self-attested photocopies of passing certificate and mark sheet of any higher educational qualification, if available.

**(g)** Candidates are to bring original and four self-attested photocopies of Musical Experience Certificate in the field of music as mentioned in Para 5 (c) above.

**(h)** Original and four self-attested photocopies of duly filled Children of Air Force Personnel (COAFP) Certificate (format available on **https://agnipathvayu.cdac.in**) for Children of Serving Air Force Personnel (or)original and four self-attested photocopies of Service Book/Discharge Book/Casualty Service Certificate/Service Particular Certificate (issued from DPO-3/DAV, as applicable) in case of Officer/ Airmen/NCs(E) and a certificate duly signed by OIC Civil Admin and countersigned by CO/C Adm O of the last served unit, in case of civilians for children of retired/ deceased/discharged Air Force personnel.

**(j)** NOC in original and four self-attested photocopies from the employer for candidates presently serving in any government organization (if applicable).

**(k)** **Candidates Discharged from Indian Army/Indian Navy/Any other Government Organisation**. Original and four self-attested photocopies of Discharge Certificate (as issued from Indian Army/Indian Navy/Government Organisation).

**(l)** Original and four self-attested photocopies of NCC 'A', 'B' or 'C' Certificate (if applicable).

**Note. Under no circumstance the candidates shall be permitted to appear in the rally without original educational marksheets/passing certificates & documents mentioned in Para11 above. However, candidates with photocopies of educational marksheets/passing certificates may be permitted to appear in the rally only on production of a certificate from College/Institution Principal certifying that original educational certificates/marksheets are deposited with College/Institution.**

**(m)** **Consent Form for PFT and Medical Tests.** Candidates shall bring the 'Consent Form' (as per the format given below) to the rally venue and submit it before conduct of the PFT. Candidates below 18 years of age are to get the consent form signed by their parent/ guardian. Candidates above 18 years of age can sign the consent form themselves.

**CONSENT FORMFOR PHYSICAL FITNESS TEST AND MEDICAL TESTS**

**(Applicable in respect of candidates both above and below 18 years of age)**

I, ....................son/daughter/father/guardian of ........................whose date of birth is ............ do hereby give my consent for myself/ my son/ my daughter/ myward to appear in the physical fitness/medical tests, as prescribed for selection in the Indian Air Force, at my/ his/ her own risk. I am aware that no compensation in any form shall be claimed, in respect of injuries/ casualty if any, sustained by myself/ my son/ my daughter/my ward, during such tests.

**Signature...................................................**
**Name of candidate/parent/guardian.................**
**Relationship with the candidate.....................**
**Date:**

**TERMS AND CONDITIONS**

12. Agniveervayu will be enrolled in the IAF under Air Force Act 1950, for a period of **four years.** Agniveervayu would form a distinct rank in the IAF, different from any other existing ranks. The IAF is not obliged to retain Agniveervayu beyond the engagement period of four years.

**13.** On completion of four years of service, based on organisation's requirements and policies promulgated by the IAF, Agniveervayu will be offered an opportunity to apply for enrolment in the regular cadre of the IAF as Airman. These applications will be considered in a centralised manner based on objective criteria, including performance during their four-year engagement period and up to 25% of each specific batch of Agniveervayu will be enrolled in regular cadre of IAF. **Agniveervayu will not have any right to be selected for further enrolment into the IAF. Selection of Agniveervayu for further enrolment, if any, shall be at the discretion of the Government of India.**

**14. Job Specification and Employability.** As a musician you will become a part of the Air Force Band. If you join the Air Force as a musician, you will be trained to play different musical instruments. Agniveervayu enrolled under this entry are also liable to be assigned any duty in organisational interest at the discretion of IAF.

**15. Training**. On being enrolled, apart from training of playing various musical instruments, Agniveervayu will be imparted military training based on IAF requirements.

**16. Leave**. Grant of leave will be subject to exigencies of IAF. The following leave is applicable for Agniveervayu during their engagement period:-

(a) **Annual Leave.** 30 days per year.

(b) **Sick Leave.** Based on medical advice.

निविदा आमंत्रण सूचना क्रमांक 01/व.ले.लि./2025-26 उज्जैन, दिनांक : 09.04.2025

### निविदा आमंत्रण सूचना

निम्नलिखित कार्यों हेतु निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाइट **https://www.mptenders.gov.in** पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेण्डर आई.डी. क्रमांक | जिला | कार्य का नाम | आमंत्रण क्रमांक | ठेके की अनु. राशि (रु. लाख में) | ई.एम.डी. की राशि (राशि रुपयों में) | कार्य पूर्ण करने की समयावधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | 2025_PWDRB_416081_1 | उज्जैन | उपसंभाग बड़नगर के अंतर्गत बालोदा लक्खा से मालगांवड़ी मार्ग लंबाई 5.50 कि.मी. का निर्माण कार्य (पोल शिफ्टिंग सहित) | प्रथम आमंत्रण | 453.40 | 453400/- | 06 माह वर्षाकाल सहित |
| 2 | 2025_PWDRB_416082_1 | उज्जैन | सिंहस्थ उपसंभाग उज्जैन के अंतर्गत मतानाखुर्द से पंथपिपलई मार्ग लंबाई 5.50 कि.मी. का निर्माण कार्य (पोल शिफ्टिंग सहित) | प्रथम आमंत्रण | 454.15 | 45400/- | 06 माह वर्षाकाल सहित |
| | | | **Total** | | **907.55** | | |

उपरोक्त वेबसाइट ऑनलाइन भुगतान करने के उपरान्त निविदा प्रपत्र (टेण्डर डॉक्यूमेंट) वेबसाइट मे माध्यम से प्राप्त हो सकेगा। निविदा प्रपत्र क्रय करने एवं प्रस्तुत करने की **अंतिम दिनांक 21.04.2025 सायं 18:30 बजे** निर्धारित है। विस्तृत एन.आई.टी. एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट में देखा जा सकता है।

निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाइट पर ही किया जायेगा। पृथक से समाचार-पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जायेगा। अर्नेस्ट मनी एवं अन्य दस्तावेज केवल ऑनलाइन ही प्राप्त किए जावेंगे।

**कार्यपालन यंत्री**

जी-11436/50812/2025 **लोक निर्माण विभाग (भ./प.) संभाग उज्जैन**

## लोक शिक्षण संचालनालय, मध्यप्रदेश

गौतम नगर, भोपाल-462023

दूरभाष : +91-755-2583650, फैक्स : +91-755-2583651

क्रमांक/योजना/सुपर-100/2024-25/401 भोपाल, दिनांक : 07.04.2025

### संक्षिप्त निविदा सूचना

लोक शिक्षण संचालनालय मध्यप्रदेश द्वारा सुपर-100 योजना अंतर्गत शासकीय सुभाष उत्कृष्ट उ.मा.वि. भोपाल में नीट तथा शास. मल्हाराश्रम उ.मा.वि. इन्दौर में 2024-25 में प्रवेशित विद्यार्थियों को आई.आई.टी./जे.ई.ई. नीट की प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए कोचिंग दिलाए जाने हेतु कोचिंग प्रदायकर्ता संस्था के चयन के लिए निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा संबंधित विस्तृत विवरण और रिक्वेस्ट फॉर प्रपोजल (आर.एफ.पी) **https://mptenders.gov.in** पर देखे जा सकते हैं, इच्छुक निविदाकर्ता ऑनलाइन निविदा राशि जमा कर निविदा (आर.एफ.पी. डॉक्यूमेंट तथा प्रपत्र) उक्त वेबसाइट से डाउनलोड कर, आर.एफ.पी. में दिये गये निर्देशानुसार दिनांक 22.04.2025 तक जमा कर सकते हैं। निविदा से संबंधित शुद्धिपत्र पोर्टल पर ही जारी किये जाएंगे।

**अपर संचालक**

जी-11429/50811/2025 **लोक शिक्षण, म.प्र.**

## संचालनालय लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा मध्यप्रदेश भोपाल

प.क. शाखा जय प्रकाश चिकित्सालय परिसर, भोपाल - 462003

ई-मेल : fw.dhs@mp.gov.in, Website : health.mp.gov.in

क्रमांक/3/प.क./सेल-1/2025/329 भोपाल, दिनांक : 09.04.2025

### केवियेट हेतु जाहिर सूचना

माननीय उच्च न्यायालय, खण्डपीठ इन्दौर में दायर रिट पीटिशन याचिका क्रमांक 5133/2024 SEEMA PAL AND OTHERS Vs THE STATE OF MADHYA PRADESH AND OTHERS एवं माननीय उच्च न्यायालय, जबलपुर में दायर रिट पीटिशन याचिका क्रमांक 5747/2023 TABASSUM QURAISHI AND OTHERS Vs THE STATE OF MADHYA PRADESH AND OTHERS समूह-5 अंतर्गत महिला बहुउद्देशीय स्वास्थ्य कार्यकर्ता (ए.एन.एम.) की सीधी भर्ती के संबंध में डब्ल्यू.पी. संख्या 5133 और संबंधित मामलों में माननीय मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय की इंदौर बेंच ने दिनांक 05.04.2024 एक अंतरिम उपाय के रूप में राज्य को निर्देश दिया था कि वह माननीय उच्च न्यायालय के समक्ष कार्यवाही की लंबितता के दौरान बैकलॉग पदों पर नियुक्ति प्रदान करें, जो रिट के अंतिम परिणाम के अधीन है। उक्त आदेशों के परिपालन में लगभग 123 महिला बहुउद्देशीय स्वास्थ्य कार्यकर्ता (ए.एन.एम.) को नियुक्ति प्रदान की गई थी।

नियुक्ति डब्ल्यू.पी. संख्या 5133 के आदेश दिनांक 05.04.2024 और डब्ल्यू.पी. संख्या 5747/2024 दिनाक 05.11.2024 के आदेशों के अनुपालन में दी गई थी। माननीय उच्च न्यायालय के उपरोक्त आदेशों को बाद में माननीय सुप्रीम कोर्ट द्वारा दिनांक 16.12.2024 को एसएलपी (सी) डायरी संख्या 54013/2024 और एसएलपी (सी) सख्या 29885/2024 के आदेश के माध्यम से रद्द कर दिया गया है।

शासन द्वारा लिये गये निर्णयानुसार उक्त आदेशों के माध्यम से दी गई नियुक्ति तत्काल प्रभाव से निरस्त की गई है। इस संबंध में माननीय उच्च न्यायालय जबलपुर एवं खण्डपीठ इन्दौर एवं ग्वालियर में याचिकायें लगाये जाने की संभावना है, जिस हेतु शासन पक्ष की ओर से माननीय न्यायालय ने केवियट दायर की गई है ताकि शासकीय प्रक्रिया निर्विघ्न संपन्न हो।

**आयुक्त**

जी-11410/50804/2025 **लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग**

## कार्यालय प्राचार्य शासकीय ज्ञानोदय आवासीय विद्यालय

हुरावली, मुरार ग्वालियर (म.प्र.) पिन कोड - 474006

फोन : 7415012060 E-mail : prinrswl@gmail.com

क्रमांक/आ.वि./लेखा/2025-26/144 ग्वालियर दिनांक : 09.04.2025

### प्रवेश हेतु विज्ञप्ति

आयुक्त अनुसूचित जाति विकास म.प्र. भोपाल के आदेशानुसार शैक्षणिक सत्र 2025-26 में कक्षा 7, 8, 9 एवं 11 में रिक्त शीटों के लिए छात्र/छात्राओं के प्रवेश हेतु आवेदन वितरण एवं जमा किये जा रहे हैं। जिसकी अंतिम तारीख **10 जून 2025** है एवं 7, 8, 9 की प्रवेश परीक्षा **दिनांक 15.06.2025** को 11:00 बजे विद्यालय में आयोजित की जायेगी तथा कक्षा 11 में प्रवेश छात्र/छात्राओं के कक्षा 10 वी में प्राप्त अंकों की मेरिट के आधार पर चयन किया जाएगा। प्रवेश हेतु छात्र/छात्राओं का 60 प्रतिशत अंक होना अनिवार्य है।

विद्यालय में छात्र/छात्राओं को भोजन एवं आवास की नि:शुल्क व्यवस्था है।

जी-11395/50806/2025 **प्रिंसिपल, शासकीय ज्ञानोदय आवासीय विद्यालय, ग्वालियर (म.प्र.)**

# निष्ठा, धैर्य के साथ न्याय संगत दलील देना लोक अभियोजक का दायित्व

**भोपाल,** राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल ने केन्द्रीय पुलिस प्रशिक्षण अकादमी (सीएपीटी) भोपाल में आयोजित सहायक लोक अभियोजन अधिकारियों के प्रशिक्षण कार्यक्रम के समापन समारोह को संबोधित किया। राज्यपाल ने कहा कि निष्ठा और धैर्य के साथ न्यायसंगत दलील देना लोक अभियोजक का दायित्व है। उन्होंने कहा कि तथ्य ही सत्य है। तथ्यों पर आधारित दलील का कानून स्वाभाविक रूप से साथ देता है। उन्होंने प्रशिक्षु अधिकारियों से कहा कि क्षमताओं और कार्यकुशलता को विकसित कर विभाग को और अधिक ऊंचाइयों पर पहुंचाने की चुनौती में प्रशिक्षण में प्राप्त ज्ञान तथा अनुभवी प्रशिक्षकों का मार्गदर्शन सहयोगी होगा। राज्यपाल ने इस अवसर पर 10 सहायक लोक अभियोजकों को प्रशिक्षण प्रमाण पत्र प्रदान किए। उन्होंने अकादमी परिसर में पौध रोपण भी किया। राज्यपाल ने कहा कि न्यायपालिका लोकतंत्र का वो स्तम्भ है, जिस पर नागरिकों की गहरी आस्था है।

# मैहर में होगा माँ शारदा लोक का निर्माण



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मैहर में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित किया

**मैहर,** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मैहर में रामनवमी के दिन माँ शारदा मंदिर में दर्शन कर आमसभा को संबोधित किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि मैहर में माँ शारदा देवी के भव्य शारदा लोक का निर्माण किया जायेगा। इसी तरह चित्रकूट में वनवासी भगवान श्रीराम लोक का भी निर्माण होगा। रामनवमी पर पूरी अयोध्या जगमग है तो भगवान श्रीराम की कर्मभूमि चित्रकूट भी लाखों दीपों से जगमग होगी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने बहनों की मांग पर मैहर सहित प्रदेश के 19 धार्मिक क्षेत्रों में शराबबंदी कर दी है। मैहर में शीघ्र ही कलेक्ट्रेट भवन का निर्माण कार्य शुरू किया जायेगा। इसी साल बरगी बांध से माँ नर्मदा का जल मैहर क्षेत्र में सिंचाई के लिए पहुंचाया जायेगा। प्रदेश में सिंचाई के क्षेत्र में तेजी से प्रगति हुई है। वर्ष 2003 में केवल 7 लाख हेक्टेयर में सिंचाई सुविधा थी, जिसे 55 लाख हेक्टेयर तक बढ़ाया गया है। विभिन्न परियोजनाओं के माध्यम से अगले 5 साल में प्रदेश में 1 करोड़ हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई की सुविधा उपलब्ध होगी। मैहर में 250 एकड़ क्षेत्र में विशाल गौशाला का निर्माण भी किया जायेगा।

- मैहर सहित 19 धार्मिक क्षेत्रों में की गई शराबबंदी।
- परमवीर आल्हा का 1300वां जन्म वर्ष साल भर मनाया जायेगा।
- मुख्यमंत्री ने मैहर जिले को 71 करोड़ रुपये लागत के विकास कार्यों की दी सौगात।
- मैहर में 250 एकड़ क्षेत्र में विशाल गौशाला का निर्माण भी किया जायेगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि माँ शारदा की कृपा से मैहर जिले को मॉडल के रूप में विकसित किया जायेगा। रामनवमी पर माँ शारदा से मुझे आशीर्वाद प्राप्त करने का सौभाग्य मिला है। हम रामनवमी के साथ माँ शारदा के परम भक्त और परमवीर आल्हा का 1300वां जन्म वर्ष भी मना रहे हैं। आल्हा ने अपनी वीरता से बुंदेलखण्ड की धरती को वीरों की धरती बनाया। प्रदेश में आल्हा के जीवन से जुड़े कार्यक्रम वर्ष भर आयोजित किये जायेंगे, जिसका पूरा खर्च सरकार उठायेगी। डॉ. यादव ने कहा कि लोक कलाकारों ने भी वीर रस से भरे हुए मोहक आल्हा गायन से युद्धों का सजीव वर्णन किया। ऐसा लग रहा था जैसे सचमुच में तलवारें चल रही हैं। मुख्यमंत्री ने मंच में आल्हा कार्यक्रम की प्रस्तुति देने वाली कला-मण्डलियों को 50-50 हजार रुपये देने की घोषणा की।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि डबल इंजन की सरकार से देश और प्रदेश तेजी से विकास कर रहा है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की दूरदर्शी नीतियों से देश की हर कठिनाई दूर हो रही है। कश्मीर में धारा-370 को समाप्त कर आतंकवादियों की कमर तोड़ने के साथ विकास की नई इबारत लिखी जा रही है। अब तो पाक अधिकृत कश्मीर भी भारत में मिलने की मांग कर रहा है। यह प्रधानमंत्री श्री मोदी के जन-कल्याणकारी नीति, सुव्यवस्था और विकास के कार्यों के प्रति जनता का विश्वास है।

## जल गंगा संवर्धन अभियान

# जल संरक्षण के कार्यों में समाज के प्रत्येक वर्ग का मिल रहा है सहयोग

**भोपाल,** प्रदेश में 30 मार्च से शुरू किये गये जल गंगा संवर्धन अभियान को अब समाज के प्रत्येक वर्ग का सहयोग मिल रहा है। अभियान के जरिये कुओं, नदियों, तालाबों, बावड़ियों के साथ स्टॉप डैम के आसपास साफ-सफाई और गहरीकरण के कार्य को प्राथमिकता के साथ किया जा रहा है। जन-भागीदारी के कार्यों में प्रशासनिक अमला भी कंधे से कंधा मिलाकर सहयोग कर रहा है।

### छोटा तालाब के कुण्ड में चलाया गया स्वच्छता अभियान

छिंदवाड़ा में कलेक्टर श्री शीलेंद्र सिंह के निर्देशन में इस अभियान के तहत जन-अभियान परिषद ने छोटा तालाब के कुण्ड की साफ-सफाई का कार्य शुरू किया। कार्य में नगर निगम के स्वच्छता ब्रॉण्ड एम्बेसडर श्री विनोद तिवारी, विभिन्न संस्थाओं के पदाधिकारियों और वॉलेंटियर्स ने श्रमदान किया। कुण्ड में पॉलिथीन और बेकार सामग्री को हटाया गया। सफाई कार्य के दौरान नागरिकों को शहर के खूबसूरत छोटे तालाब को साफ रखने का संकल्प दिलाया गया। जन-अभियान परिषद के जिला समन्वयक श्री अखिलेश जैन ने बताया कि जल गंगा संवर्धन अभियान 30 जून तक निरंतर जारी रहेगा। परिषद के सहयोग से जिलेभर में नुक्कड़ नाटक एवं अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रमों के जरिये जन-सामान्य में जल-स्रोतों को साफ रखने के प्रति जन-जागरूकता लायी जायेगी।

### ग्राम पंचायत ननासा में जल-स्रोतों की साफ-सफाई

देवास जिले में कलेक्टर श्री ऋतुराज सिंह और जिला पंचायत सीईओ श्री हिमांशु प्रजापति की देख-रेख में जल गंगा संवर्धन अभियान में जल-स्रोतों की सफाई का कार्य हाथ में लिया गया है। ग्राम पंचायत ननासा में तालाब के गहरीकरण का कार्य किया गया। बागली विकासखण्ड की ग्राम पंचायत हैदरपुर में जनसहयोग से नदी-नालों के गहरीकरण का कार्य किया जा रहा है।

# बेहतर स्वास्थ्य सेवा के लिये राज्य सरकार प्रतिबद्ध

**नरसिंहपुर,** स्कूल शिक्षा एवं परिवहन मंत्री श्री उदय प्रताप सिंह ने कहा कि नागरिकों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं देने के लिये राज्य सरकार प्रतिबद्ध है। श्री सिंह नरसिंहपुर जिले के विकासखण्ड साईखेड़ा के अंतर्गत आने वाले ग्राम डुंगरिया में 65 लाख रुपये लागत से नव-निर्मित उप स्वास्थ्य केन्द्र और सीएचओ आवासीय भवन के लोकार्पण के बाद जन-समुदाय को संबोधित कर रहे थे। श्री सिंह ने कहा कि स्वास्थ्य केन्द्र में मरीजों की बीपी, शुगर की जांच, गर्भवती महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण और टीकाकरण हो सकेगा। साथ ही मरीजों को निःशुल्क दवाइयां उपलब्ध रहेंगी।

# चित्रकूट सनातन संस्कृति और चेतना का है जीवंत केंद्र

**सतना,** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने श्रीराम प्राकट्य पर्व एवं चित्रकूट गौरव दिवस कार्यक्रम में दीपदान किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि चित्रकूट केवल एक धार्मिक स्थल ही नहीं, हमारी सनातन संस्कृति, सामाजिक और राष्ट्रीय चेतना का जीवंत केंद्र है। यह परमधाम मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम की तपोस्थली है, जहां भगवान श्रीराम, माता जानकी और भैया लखन के साथ सदा सर्वदा निवास करते हैं। रामनवमी के दिन मैं तपोभूमि चित्रकूट में आकर धन्य हो गया। उन्होंने मां मंदाकिनी की पूजा-अर्चना भी की।

मुख्यमंत्री ने मंदाकिनी के तट पर भरत घाट में आयोजित कार्यक्रम में कहा कि आज का दिन सौभाग्यशाली है। पवित्र नौवीं तिथि है और कामतानाथ जी की नगरी चित्रकूट अपना गौरव दिवस मना रही है। चित्रकूट के घाटों पर असंख्य दीपदान की अलौकिक छटा दिख रही है। भरत घाट, कामदगिरि पर्वत, कामतानाथ स्वामी मंदिर के साथ चित्रकूट के सभी मंदिरों और घर-घर एवं गली, मोहल्लों, रास्तों में दीपमालाओं की अनुपम छटा देखते ही बन रही है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि चित्रकूट में सदगुरु सेवा ट्रस्ट, दीनदयाल शोध संस्थान के द्वारा पीड़ित मानवता की सेवा के लिए नाना जी के संकल्पों को पूरा किए जाने का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश में 19 धार्मिक स्थलों में एक अप्रैल से शराबबंदी लागू कर दी गई है, जिससे हमारे देव स्थानों में विकृतियां न पनपें। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश विकास की ओर अग्रसर है। सर्वसम्मति से जो भी निर्णय हो रहे हैं उसे पूरा देश स्वीकार करता है। उन्होंने कहा कि गरीब मुस्लिम भाई-बहनों के लिए संसद में चर्चा एवं विचार-विमर्श के बाद वक्फ संशोधन विधेयक को स्वीकृति मिली है जो हमारे लोकतंत्र की खूबी को दिखा रहा है। उन्होंने कहा कि सभी प्रदेशवासी त्योहार में शुभ संकल्प लें और प्रदेश के विकास के लिए समवेत हों।

मुख्यमंत्री ने चित्रकूट के गौरव दिवस पर कलाकारों का सम्मान भी किया।

# मुख्यमंत्री ने किया आरओबी एवं छात्रावासों का वर्चुअल लोकार्पण

**भोपाल,** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने ग्वालियर में आयोजित हुए विवेकानंद नीडम रेलवे ओवरब्रिज (आरओबी) के लोकार्पण समारोह को भोपाल से वर्चुअल संबोधित किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि ग्वालियर में तेजी से अनेक विकास कार्य मूर्तरूप ले रहे हैं। ग्वालियर से आगरा तक सिक्स लेन एक्सप्रेस-वे के निर्माण से ग्वालियर और दिल्ली में कोई अंतर नहीं रहेगा। साथ ही वेस्टर्न बायपास सहित अन्य बड़े-बड़े विकास कार्य होने जा रहे हैं, जिससे अधोसंरचनागत विकास के साथ आर्थिक दृष्टि से भी ग्वालियर विकसित होगा। उन्होंने ग्वालियरवासियों को इस सौगात के लिये बधाई देते हुए कहा कि केन्द्र सरकार द्वारा ग्वालियरवासियों को वेस्टर्न बायपास के रूप में एक और बड़ी सौगात दी गई है। केन्द्र सरकार द्वारा 4 हजार करोड़ रुपये से अधिक लागत से प्रदेश में मंजूर की गईं 4 महत्वपूर्ण सड़कों में ग्वालियर की वेस्टर्न बायपास भी शामिल है। मुख्यमंत्री ने कहा कि ग्वालियर को रेलवे ओवरब्रिज के साथ 2 छात्रावासों की सौगात भी मिली है। 50-50 सीटर कन्या छात्रावासों से ग्वालियर की अनुसूचित जाति की बालिकाओं को पढ़ाई के लिये आवासीय सुविधा मिलेगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में निरंतर विकास कार्य हो रहे हैं।

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)

# नर्मदा परिक्रमा पथ का विकास और माँ नर्मदा के अविरल प्रवाह का लिया संकल्प

**नर्मदापुरम,** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने नर्मदापुरम जिले के अवधूत श्री दादा गुरु के दादा कुटी में पहुंचकर हवन कर पूजा-अर्चना की एवं प्रदेश की सुख-समृद्धि की कामना की। मुख्यमंत्री ने दादा कुटी में 108 विभिन्न प्रजातियों के पौधों का पूजन-अर्चन किया एवं नर्मदा परिक्रमा पथ को विकसित करने एवं मां नर्मदा नदी के अविरल प्रवाह के लिए संकल्प लिया। मुख्यमंत्री ने अवधूत श्री दादा गुरु के मार्गदर्शन में संतों के चित्र पर माल्यार्पण कर पूजन-अर्चन किया। मुख्यमंत्री ने अवधूत श्री दादा गुरु के साथ आध्यात्मिक चर्चा की एवं प्रदेश की सुख-समृद्धि के लिए निरंतर प्रयास करने का संकल्प लिया।



मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार ने 30 मार्च से जल गंगा संवर्धन अभियान समूचे प्रदेश में प्रारंभ किया है। इस अभियान के तहत बंद एवं लुप्त हो चुकी जल संरचनाओं को पुनर्जीवित कर उन सभी जल संरचनाओं का जीर्णोद्धार किया जा रहा है। अभियान के अंतर्गत मां नर्मदा के संपूर्ण परिक्रमा पथ को विकसित करने का संकल्प लिया गया है। साथ ही मां नर्मदा के अविरल प्रवाह के लिए भी संकल्प लिया गया है।

- हवन कर 108 पौधों की पूजा-अर्चना की।
- अवधूत श्री दादा गुरु के सान्निध्य में कन्या-पूजन कर आध्यात्मिक चर्चा की।

मुख्यमंत्री ने कहा कि नर्मदा पथ से होकर जाने वाले नर्मदा परिक्रमावासियों के लिए सभी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। उनके लिए धर्मशाला एवं अन्य व्यवस्थाएं भी प्राथमिकता से की जाएंगी। इससे परिक्रमा-वासियों के लिए सभी आध्यात्मिक गतिविधियां सरल एवं सुगम हो सकेंगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि मध्यप्रदेश शासन प्रदेश के सभी तीर्थ स्थलों को सुव्यवस्थित एवं विकसित करने के लिए कृत-संकल्पित है।

# आगामी तीन वर्षों में मध्यप्रदेश का राष्ट्रीय राजमार्ग नेटवर्क अमेरिका से भी अच्छा बनायेंगे



केंद्रीय मंत्री श्री नितिन गडकरी और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने धार जिले में विभिन्न सड़क परियोजनाओं का भूमि-पूजन किया

- **मध्यप्रदेश के गांव-गांव को सड़कों से जोड़ेंगे, जिससे सबको शिक्षा, रोज़गार, स्वास्थ्य और विकास का लाभ मिले।**
- **एक वर्ष में देश में तीन लाख करोड़ रुपये की लागत से पूरा करेंगे रोड नेटवर्क का कार्य।**
- **प्रधानमंत्री के नेतृत्व में अटल जी का देश के कायाकल्प का स्वप्न हो रहा है साकार।**
- **मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मांगे 12 हजार करोड़, केन्द्रीय मंत्री श्री गडकरी ने दी 33 हजार करोड़ की सौगातें।**

**धार,** केन्द्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री श्री नितिन गडकरी और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने धार जिले के बदनावर के ग्राम खेड़ा में आयोजित कार्यक्रम में 5800 करोड़ रुपये की लागत वाली 10 राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं एवं संबद्ध अधोसंरचना निर्माण कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण किया। इस अवसर पर श्री गडकरी ने कहा कि मध्यप्रदेश में डबल इंजन की सरकार है। यहां तेजी से विकास हो रहा है। सबको सुखी, समृद्ध और सशक्त बनाने का विजन लेकर मुख्यमंत्री डॉ. यादव बड़ी तेजी से प्रदेश को विकास के पथ पर आगे ले जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि राजमार्ग सिर्फ एक मार्ग नहीं, यह जन-जन का जीवन बदलने वाले प्रगति पथ होते हैं। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के कुशल नेतृत्व में पिछले 10 सालों में हम देश की अधोसंरचना में व्यापक बदलाव लेकर आए हैं। देश को विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाना है, इसमें मध्यप्रदेश की भागीदारी भी होगी। मध्यप्रदेश में विकास की ललक दिखाई देती है, इसलिए हम इसे देश के विकास का सबसे बड़ा अंशभागी राज्य बनायेंगे।

केन्द्रीय मंत्री श्री गडकरी ने कहा कि अगले तीन वर्षों में हम मध्यप्रदेश में उपलब्ध राष्ट्रीय राजमार्ग नेटवर्क को अमेरिका से अच्छा और सुंदर बनायेंगे। उन्होंने कहा कि अगले एक साल में हम देश में तीन लाख करोड़ रुपये से अधिक के राष्ट्रीय राजमार्ग एवं अन्य अधोसंरचना निर्माण कार्य पूरे करेंगे। उन्होंने कहा कि किसी भी देश-प्रदेश के विकास के लिए 4 प्रमुख संसाधनों जल, ऊर्जा, परिवहन और अधोसंरचनात्मक विकास की जरूरत होती है और उन्हें खुशी है कि मध्यप्रदेश इन चारों संसाधनों के विकास पर तेजी से बढ़ रहा है।

### छह नई परियोजनाएं मंजूर

केन्द्रीय मंत्री श्री गडकरी ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव की मांग पर मंच से ही केन्द्रीय सड़क निधि से 12 हजार करोड़ रुपये लागत से 400 किलोमीटर लंबाई की 6 नई राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं के निर्माण एवं विकास कार्यों को मंजूरी दी। केन्द्रीय मंत्री ने मध्यप्रदेश में 33 हजार करोड़ रुपये की लागत से एनएचएआई द्वारा निर्मित किए जाने वाले 5 नए ग्रीनफील्ड इकॉनामिक कॉरिडोर निर्माण कार्य, रिंग रोड, एलिवेटेड कॉरीडोर, सेतु एवं अन्य निर्माण कार्यों को भी मंजूरी देते हुए इन निर्माण कार्यों के पूर्ण होने की समय-सीमा भी घोषित की।

# जल संरक्षण एवं संवर्धन के लिए 'आर्ट ऑफ लिविंग' और मध्यप्रदेश के बीच समझौता

**भोपाल,** पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री श्री प्रहलाद सिंह पटेल की पहल पर मध्यप्रदेश राज्य रोज़गार गारंटी परिषद और 'आर्ट ऑफ लिविंग' संस्था के सहायक संगठन 'व्यक्ति विकास केंद्र इंडिया' के मध्य एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए। प्रदेश में नदियों के उद्गम क्षेत्रों में वाटरशेड विकास तथा पारंपरिक चंदेला-बुंदेला तालाबों के संरक्षण और पुनरुद्धार के लिए यह महत्वपूर्ण कदम है।

इस समझौते का उद्देश्य राज्य में जल संरक्षण और संवर्धन को वैज्ञानिक ढंग से सशक्त करना है। यह एमओयू 'जल गंगा संवर्धन अभियान' के अंतर्गत कार्यान्वित किया जाएगा। कार्यक्रम के अंतर्गत राज्य के विभिन्न जलग्रहण क्षेत्रों में कार्य योजना बनाना, वैज्ञानिक प्रशिक्षण देना, समुदाय आधारित जागरूकता अभियान चलाना और जल प्रबंधन को सशक्त करना प्रमुख उद्देश्य हैं। इस अवसर पर 'आर्ट ऑफ लिविंग' की ओर से व्यक्ति विकास केंद्र इंडिया के अध्यक्ष श्री रोहित सिक्का एवं मध्यप्रदेश राज्य रोज़गार गारंटी परिषद की ओर से आयुक्त श्री अवि प्रसाद ने एमओयू पर हस्ताक्षर किए।

व्यक्ति विकास केंद्र इंडिया द्वारा पंचायत स्तर से लेकर राज्य स्तर तक विभिन्न हितधारकों और ग्रामीण समुदायों को जल संरक्षण, जल प्रदूषण नियंत्रण एवं जल गुणवत्ता सुधार पर प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। इसरो सहित अन्य एजेंसियों से प्राप्त रिमोट सेंसिंग डेटा के आधार पर वैज्ञानिक कार्य योजना तैयार की जाएगी। जल संचयन की संभावनाओं को SIPRI सॉफ्टवेयर के माध्यम से चिन्हित किया जाएगा और इसमें सुधार के लिए तकनीकी सहायता भी दी जाएगी। मनरेगा के अमले को विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (ई-डीपीआर) बनाने में सहयोग प्रदान किया जाएगा।

फील्ड डेटा संग्रहण के लिए मोबाइल ऐप्स की सुविधा दी जाएगी एवं कार्यों की सतत निगरानी की जाएगी। जल हितधारकों को युवा नेतृत्व प्रशिक्षण, जल चेतना शिविर जैसे कार्यक्रमों से जोड़कर समुदाय-नियंत्रित जल प्रबंधन को बढ़ावा दिया जाएगा। स्थानीय स्वशासन संस्थाओं को पानी संबंधी मुद्दों पर सक्रिय भागीदारी हेतु प्रोत्साहित किया जाएगा। जल नीति और अधिनियमों के प्रति सभी हितधारकों के बीच जागरूकता पैदा की जाएगी। इस समझौते के तहत तैयार की गई कार्य योजनाओं का क्रियान्वयन मनरेगा के नियमानुसार किया जाएगा।

# शिक्षा का उद्देश्य केवल डिग्री प्राप्त करना नहीं

**भोपाल,** उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने रवींद्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय, भोपाल के तृतीय दीक्षांत समारोह में विद्यार्थियों को उपाधि प्रदान की और उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। श्री शुक्ल ने कहा कि विश्वविद्यालय महापुरुषों के निर्माण की फैक्ट्री होते हैं और शिक्षकगण इन संस्थाओं के कुशल कारीगर होते हैं। उन्होंने श्री रवींद्रनाथ टैगोर के उद्धरण का उल्लेख करते हुए कहा कि शिक्षा का उद्देश्य केवल डिग्री प्राप्त करना नहीं, बल्कि व्यक्तित्व का समग्र विकास होना चाहिए।

श्री शुक्ल ने कहा कि अपने ज्ञान का प्रयोग समाज के उत्थान में करें। केवल व्यक्तिगत सफलता ही नहीं, समाज और देश के विकास में भी भागीदारी आवश्यक है। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि बड़े पद पर पहुँचने के बाद ही असली कार्य प्रारंभ होता है। अपने योगदान से समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने का प्रयास करें।

# भारत के महानिर्माण में नागरिकों और संगठनों की भूमिका महत्वपूर्ण

**भोपाल,** उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत शक्तिशाली, आत्मनिर्भर और समृद्ध राष्ट्र के रूप में वैश्विक क्षितिज पर उभर रहा है। यह भारत का महानिर्माण काल है, जिसमें प्रत्येक नागरिक, संस्था और संगठन की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। श्री शुक्ल सफल रिट्रीट भोपाल में एमईएस बिल्डर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया की ऑल इंडिया काउंसिल मीट-2025 कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि पूरी दुनिया भारत को आशा और संभावनाओं की दृष्टि से देख रही है।

# नगर निगमों को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने में राज्य सरकार की ओर से की जायेगी हर संभव मदद

**भोपाल,** नगरीय विकास एवं आवास मंत्री श्री कैलाश विजयवर्गीय ने मंत्रालय में प्रदेश के नगर निगम महापौर और आयुक्तों की बैठक को संबोधित किया। श्री विजयवर्गीय ने कहा कि प्रदेश के 16 नगर निगमों को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर और सशक्त बनाने में राज्य सरकार की ओर से हरसंभव मदद की जायेगी। निकायों को और अधिक अधिकार देकर सशक्त बनाया जायेगा। महापौरों को सुरक्षा की दृष्टि से गनमैन दिलाने के लिये गृह विभाग को पत्र लिखा जायेगा। उन्होंने नगर निगम आयुक्तों को विकास कार्यों में तेजी लाने के लिये महापौर से समन्वय रखने के निर्देश दिये।

बैठक में 19 जुलाई, 2024 को नगरीय विकास मंत्री की अध्यक्षता में हुई बैठक में दिये गये निर्देशों के पालन की समीक्षा की गयी। बैठक में श्री विजयवर्गीय ने कहा कि अवैध कॉलोनी को वैधता देते समय इस बात का ख्याल रखा जाये कि इससे नगर के विकास में रुकावट न आये। बैठक में सौर ऊर्जा के माध्यम से नगरीय निकायों के बिजली बिलों में कमी लाने पर चर्चा की गयी। श्री विजयवर्गीय ने कहा कि प्रत्येक नगर निगम इसके लिये कार्य-योजना तैयार कर ले। उन्होंने इस बात पर चिंता व्यक्त की कि अनेक निविदाकार कम दर पर निर्माण कार्य की निविदा प्राप्त कर लेते हैं, लेकिन काम की गुणवत्ता पर ध्यान नहीं देते हैं। ऐसे निविदाकारों के खिलाफ सख्त रुख अपनाने की आवश्यकता है। बैठक में कायाकल्प योजना के अंतर्गत स्वीकृत कार्यों की समीक्षा की गयी। यह भी जानकारी दी गयी कि योजना में विधायकों द्वारा नगरीय निकायों में प्रस्तावित कार्यों की स्वीकृति जारी कर दी गयी है।

# जल है तो कल है हर व्यक्ति प्रतिदिन एक घण्टे श्रमदान करे

**नर्मदापुरम,** जल संसाधन मंत्री श्री तुलसी राम सिलावट ने नर्मदापुरम जिले के केसला विकासखंड के ग्राम पंचायत तीखड में झाड़ बीडा उद्वहन सिंचाई परियोजना के पंप हाउस क्रमांक 2 के अंतर्गत 4 पंपों का भूमि-पूजन किया। ग्राम तीखड में आयोजित कार्यक्रम में मंत्री श्री सिलावट ने पौध-रोपण कर पर्यावरण बचाने का संदेश भी दिया। झाड़ बीड़ा सिंचाई परियोजना से 79 गांव के 19 हजार 858 किसान लाभान्वित होंगे। परियोजना की सिंचाई क्षमता 15 हजार 610 हैक्टेयर तक की है, जिसे 177, 58 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित किया जाएगा।

श्री सिलावट ने कहा कि जल है तो कल है, जल से ही प्रगति है। जल है तो अन्नदाता किसानों का विकास भी है। पहले जब हम कहीं जाते थे तब अपने आस-पास तालाब, बावड़ी, कुंओं एवं नालों को जल से लबालब देखा करते थे। यदि हमने आज जल का संरक्षण एवं संवर्धन नहीं किया तो आने वाली पीढ़ी हमें माफ नहीं करेगी। श्री सिलावट ने सभी से आह्वान किया कि अपने जीवन का प्रतिदिन एक घण्टा किसी भी तालाब, बावड़ी, नदी एवं नालों पर श्रमदान कर बिताएं। श्री सिलावट ने बताया कि वर्ष 2003 में मध्यप्रदेश में 07 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई होती थी। अब शासन ने इसे बढ़ाकर 50 लाख हैक्टेयर कर दिया है।

# प्रदेश के ग्लोबल स्किल पार्क की सभी सीटें भरी जाएं - मुख्यमंत्री

**भोपाल,** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने समत्व भवन में आयोजित तकनीकी शिक्षा, कौशल एवं रोज़गार विभाग की समीक्षा बैठक को संबोधित किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि ग्लोबल स्किल पार्क की ब्रांड वैल्यू को स्थापित करते हुए यहां की सभी सीटें भरना सुनिश्चित किया जाए। स्किल पार्क में संचालित सभी तकनीकी पाठ्यक्रमों, उनकी उपयोगिता और रोज़गारपरक क्षमता पर केंद्रित प्रचार-प्रसार अभियान का संचालन व्यापक स्तर पर किया जाए। प्रदेश में विद्यमान उद्योगों की मांग के अनुरूप कौशल प्रशिक्षण की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए और युवाओं को प्रशिक्षण उपलब्ध कराने में निजी क्षेत्र का भी सहयोग लिया जाए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रदेश के हर विकासखंड में आईटीआई की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आईटीआई और पॉलिटेक्निक के विद्यार्थियों को प्रशिक्षण उपलब्ध कराने के लिए स्थानीय स्तर पर विद्यमान औद्योगिक इकाइयों के समन्वय से गतिविधियां संचालित की जाएं। इससे युवाओं के लिए स्थानीय स्तर पर रोज़गार की उपलब्धता सुनिश्चित होगी।



मुख्यमंत्री ने कहा कि युवाओं को स्वरोज़गार, उद्यमिता और रोज़गार के लिए प्रशिक्षित करने में तकनीकी शिक्षा, कौशल विकास और रोज़गार विभाग की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने विभाग में संचालित योजनाओं और कार्यक्रमों की प्रगति के प्रति असंतोष व्यक्त किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि युवाओं के कौशल विकास और उनके लिए रोज़गारपरक कार्यक्रमों के लक्ष्य और समय-सीमा निर्धारित कर परिणाममूलक गतिविधियां संचालित की जाएं।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि जर्मन और जापानी भाषाओं में दक्ष व्यक्तियों के लिए रोज़गार के पर्याप्त अवसर उपलब्ध हैं। उन्होंने निर्देशित किया कि जिन भी भाषाओं में रोज़गार के अवसरों की अधिक संभावना है, उनके प्रशिक्षण की प्रदेश में उचित व्यवस्था की जाए।

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)

## जल स्रोतों और नदियों के उद्गम स्थलों का संरक्षण आवश्यक

**भोपाल,** पंचायत एवं ग्रामीण विकास तथा श्रम मंत्री श्री प्रहलाद सिंह पटेल ने कुशाभाऊ ठाकरे सभागार में जिला पंचायत एवं जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों के प्रशिक्षण सह कार्यशाला (ओरियंटेशन कार्यक्रम) को संबोधित किया। श्री पटेल ने कहा कि जलगंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत पारंपरिक जल स्रोतों की पहचान कर उनके पुनर्जीवन के लिए पूर्ण प्रयास करें। इस अभियान में मनरेगा योजना और ग्राम पंचायतों की अहम भूमिका है। उन्होंने कहा कि शहरीकरण की ओर बढ़ती ग्राम पंचायतों के लिए योजनाओं में लचीलापन हो और जमीनी हकीकत के अनुसार नीतियों में बदलाव किया जाए।

श्री पटेल ने कहा कि जल स्रोतों और नदियों के उद्गम स्थलों के संरक्षण के लिए विशेष प्रयास करने चाहिए। उन्होंने कहा कि भविष्य की पीढ़ियों के लिए इन स्रोतों का संरक्षण आवश्यक है। सभी जनपद स्तर के अधिकारी इस दिशा में विशेष कार्य करें। उन्होंने बताया कि नरसिंहपुर जिले में मां नर्मदा के तटों की सफाई के लिए अभियान चलाकर कार्य किया जा रहा है।

श्री पटेल ने कहा कि विगत दिनों आयोजित ओरिएंटेशन कार्यक्रम के अच्छे परिणाम संवाद के रूप में सामने आए। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण एवं कार्यशाला में अपनी पूर्ण तैयारी के साथ आएं। हम अपने क्षेत्र के विकास के लिए अच्छे कार्य करें। उन्होंने कहा कि पंचायत और जनपद स्तर पर विकास कार्यों की वास्तविक स्थिति पर गहन चिंतन करते हुए सभी अधिकारी आत्ममूल्यांकन करें कि क्या वे अपने कार्यों से संतुष्ट हैं और समाज में सकारात्मक परिवर्तन ला पाए हैं।

# 'प्रदेश में स्वावलंबी गौ-शालाओं की स्थापना नीति-2025' स्वीकृत



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में मंत्रालय में मंत्रिपरिषद की बैठक सम्पन्न हुई

**भोपाल,** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में मंत्रिपरिषद की बैठक मंत्रालय में सम्पन्न हुई। मंत्रिपरिषद द्वारा प्रदेश में निराश्रित गौवंश की समस्या के निराकरण के लिए पशुपालन एवं डेयरी विभाग के अंतर्गत "मध्यप्रदेश राज्य में स्वावलंबी गौशालाओं की स्थापना की नीति : 2025" को स्वीकृति देने का निर्णय लिया गया है। मंत्रिपरिषद द्वारा गौशालाओं की स्थापना को प्रोत्साहित करने और मुख्यमंत्री द्वारा की गई घोषणा के अनुक्रम में गौ-शालाओं को 20 रुपये प्रति गौवंश प्रति दिवस से बढ़ाकर 40 रुपये प्रति गौवंश प्रति दिवस किये जाने का निर्णय लिया गया। मंत्रिपरिषद द्वारा राज्य में पशुपालन एवं डेयरी से संबंधित गतिविधियों में रोज़गार के नवीन अवसर बढ़ाने, उत्पादकता बढ़ाने, किसानों की आय बढ़ने से जीएसडीपी में वृद्धि और राष्ट्र की जीडीपी में योगदान बढ़ाने के लिए मुख्यमंत्री पशुपालन विकास योजना की निरन्तरता (वर्ष 2024-25 तथा 2025-26) रखते हुए योजना का नाम 'डॉ. अम्बेडकर पशुपालन विकास योजना' रखे जाने का निर्णय लिया गया। स्वीकृति अनुसार सहकारिता के माध्यम से पशुपालन गतिविधियों के लिए शून्य प्रतिशत ब्याज दर पर किसान को क्रेडिट कार्ड उपलब्ध कराये जायेंगे। नस्ल सुधार के लिए भ्रूण प्रत्यारोपण कार्यक्रम और बांझ निवारण शिविरों का आयोजन किया जायेगा। मुख्यमंत्री डेयरी प्लस कार्यक्रम, चारा उत्पादन कार्यक्रम, प्रदेश की मूल गौवंशीय नस्ल एवं भारतीय उन्नत नस्ल की दुधारू गायों के लिए पुरस्कार कार्यक्रम, मुख्यमंत्री दुधारू पशु प्रदाय कार्यक्रम तथा पशुपालकों को योजनाओं की जानकारी प्रदाय करने एवं उन्मुखीकरण के लिए प्रचार-प्रसार कार्यक्रम की निरन्तरता पर स्वीकृती दी गयी।

### शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार के लिए एमओयू का निर्णय

मंत्रिपरिषद द्वारा समग्र शिक्षा अभियान के अन्तर्गत भारत सरकार से संबद्ध संस्था एडसिल (इण्डिया) लिमिटेड के माध्यम से प्रदेश में शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार किए जाने के लिए एमओयू किए जाने का निर्णय लिया गया। उल्लेखनीय है कि केन्द्रीय शिक्षा मंत्रालय से संबद्ध संस्था एडसिल (इण्डिया) लिमिटेड (भारत सरकार की मिनी रत्न श्रेणी-1) सेंट्रल पब्लिक सेक्टर एन्टरप्राइजेज (सीपीएसई) संस्था है। संस्था के द्वारा मध्यप्रदेश में समग्र शिक्षा अभियान अंतर्गत गुणवत्ता सुधार, एलईपी (कक्षा VI-XII) के अंतर्गत स्वीकृत विभिन्न गतिविधियों को संचालित किया जायेगा। इसमें सीखने में वृद्धि कार्यशालाएं, सीखने के परिणाम आधारित मूल्यांकन, राज्य के बाहर वैज्ञानिक एक्सपोजर विजिट, शिक्षक विकास, सतत व्यावसायिक विकास और परिणाम शिक्षण रणनीतियों में सुधार शामिल हैं।

- **गौ-शालाओं में प्रति गाय 40 रुपये प्रति दिवस किये जाने का निर्णय।**
- **मुख्यमंत्री पशुपालन विकास योजना का नाम 'डॉ. अम्बेडकर पशुपालन विकास योजना' रखे जाने की स्वीकृति।**
- **प्रदेश में शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार के लिए एडसिल (इण्डिया) लिमिटेड से एमओयू किए जाने का निर्णय।**
- **मंदसौर में 2932 करोड़ 30 लाख रुपये की मल्हारगढ़ (शिवना) दाबयुक्त सूक्ष्म सिंचाई परियोजना की स्वीकृति।**

### सूक्ष्म सिंचाई परियोजना की स्वीकृति

मंत्रिपरिषद द्वारा पार्वती-कालीसिंध-चम्बल लिंक परियोजना अंतर्गत मंदसौर जिले की मल्हारगढ़ (शिवना) दाबयुक्त सूक्ष्म सिंचाई परियोजना लागत राशि 2932 करोड़ 30 लाख रुपये, सैंच्य क्षेत्र 60 हजार हैक्टेयर की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। स्वीकृत परियोजना से मंदसौर जिले की मल्हारगढ़ तहसील के 32 ग्राम एवं मंदसौर तहसील के 115 ग्राम लाभान्वित होंगे।

प्रदेश की विद्युत कंपनियों के लिए कार्यशील पूंजी ऋण या नगद साख सुविधा के लिए शासकीय प्रत्याभूति प्रदान किये जाने की स्वीकृति दी गयी। लोक वित्त से वित्त पोषित कार्यक्रमों (योजनाओं) अन्तर्गत आने वाले परीक्षण तथा प्रशासकीय अनुमोदन वाली परियोजनाओं के परीक्षण और प्रशासकीय अनुमोदन की प्रक्रिया का अनुमोदन किया गया है।

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)

फैक्ट फाइल

# महिलाओं और बच्चों के स्वास्थ्य और पौष्टिक आहार को मिला बढ़ावा

बच्चे घर, परिवार, समाज और देश का भविष्य हैं। हर बच्चे के जीवन की स्वस्थ शुरुआत हो और हर मां को उचित पोषण आहार मिले इसके लिए सरकार द्वारा निरंतर प्रयास किया जा रहा है। देश में कई जगह कुपोषण का संकट है इसे दूर करने के लिए सघन कार्रवाही के लिए 8 मार्च, 2018 को पोषण अभियान की शुरुआत की गयी। इसका मुख्य उद्देश्य महिलाओं और बच्चों के पोषण में सुधार करना और सकारात्मक परिणाम प्राप्त करना।

इस अभियान के तहत पोषण पखवाड़ा का आयोजन किया गया। इसमें कुपोषण को दूर करने के लिए जागरूकता बढ़ाने के साथ समुदाय की भागीदारी सुनिश्चित की गयी। यह पखवाड़ा पौष्टिक भारत निर्माण की दिशा में एक प्रभावी कदम है।

पोषण अभियान में बच्चे के जीवन के पहले एक हजार दिनों पर विशेष ध्यान केन्द्रित किया है। पोषण पखवाड़ा 2025 का उद्देश्य परिवारों को मातृ पोषण, उचित स्तनपान के तरीकों और बचपन में पूर्ण विकास तथा एनीमिया को रोकने में संतुलित आहार की भूमिका के बारे में जानकारी देना है।

### क्या शामिल है पोषण पखवाड़ा में

पोषण पखवाड़ा मात्र पोषण जागरूकता अभियान नहीं है। इस वर्ष 8 अप्रैल से 23 अप्रैल तक चलने वाला यह अभियान मातृ एवं शिशु पोषण, लाभार्थियों के लिए डिजिटल पहुंच और बाल्यावस्था में मोटापे से निपटने जैसे विषयों पर केंद्रित है। इसमें पोषण संबंधी जानकारी से सुधार के साथ परिणाम शामिल हैं।

### बच्चों के लिए पहले एक हजार दिन का महत्व

बच्चे के पहले एक हजार दिन गर्भाधान से लेकर बच्चे के दूसरे जन्मदिन तक शारीरिक विकास और मस्तिष्क के विकास के लिए सबसे महत्वपूर्ण होते हैं। इस दौरान, एक बच्चे का शरीर और दिमाग तीव्र गति से बढ़ता है, जो उसके भविष्य के सीखने, प्रतिरक्षा और समग्र स्वास्थ्य का आधार है। इन दिनों में अच्छा पोषण, प्यार, देखभाल और शुरुआती दिनों में सीखने के अनुभव, उन्हें एक स्वस्थ, स्मार्ट और खुशहाल व्यक्ति बनने में मदद कर सकते हैं।



### मुख्य बिन्दु

- पोषण पखवाड़ा का 7वां संस्करण 8 अप्रैल से 22 अप्रैल 2025 तक आयोजित किया जा रहा है।
- पोषण अभियान का उद्देश्य तकनीक और परंपरा के समन्वय से बच्चों और महिलाओं के बीच स्वास्थ्य और पौष्टिक आहार को बढ़ावा देना है।
- यह पखवाड़ा बच्चे के जीवन के सबसे महत्वपूर्ण पहले एक हजार दिनों पर केंद्रित है।
- आंगनवाड़ी केंद्रों पर पोषण सेवाओं की निगरानी के लिए पोषण ट्रेकर का उपयोग किया जा रहा है।
- हितग्राही पोषण ट्रैकर वेब ऐप के ज़रिए खुद पंजीकरण कर सकते हैं।
- गंभीर कुपोषण का समुदाय-आधारित प्रबंधन प्रोटोकॉल (सीएमएएम) से समस्या का शीघ्र पता लगाया जा सकता है।
- पोषण पखवाड़ा में स्वस्थ भोजन विकल्पों की जानकारी देकर बचपन के मोटापे को नियंत्रित करने का प्रयास किया जा रहा है।

### तकनीक और परंपरा का मिश्रण

एक मार्च 2021 को लॉन्च किए गए इस एआई-सक्षम प्लेटफ़ॉर्म ने स्मार्टफ़ोन के ज़रिए ट्रैकिंग की सुविधा प्रदान की है। जिससे आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं (एडब्ल्यूडब्ल्यू) को उपस्थिति, विकास निगरानी, भोजन वितरण और बचपन की शिक्षा को कुशलतापूर्वक प्रबंधित करने में सक्षम बनाया गया है। 28 फरवरी 2025 तक भारत के सभी आंगनवाड़ी केंद्र पोषण ट्रैकर एप्लिकेशन पर पंजीकृत हो गए हैं। पहली बार, पात्र लाभार्थी - गर्भवती महिलाएँ, स्तनपान कराने वाली माताएँ, किशोर लड़कियाँ और बच्चे (0-6 वर्ष) पोषण ट्रैकर वेब एप्लिकेशन के माध्यम से स्वयं पंजीकरण कर सकते हैं।

### अभियान में शामिल गतिविधियां

भारत सरकार के सभी मंत्रालय और विभाग, देश भर के आंगनवाड़ी केंद्रों के साथ मिलकर समुदाय विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से लोगों को जागरूक किया जा रहा है। इसमें शामिल हैं-

- प्रसवपूर्व देखभाल, उचित पोषण और नियमित स्वास्थ्य जांच को प्राथमिकता दें।
- स्वस्थ भविष्य के लिए प्रतिज्ञा लें - स्वस्थ भोजन करें, सक्रिय रहें और जागरूकता फैलाएँ।
- संतुलित और स्वस्थ आहार लें।
- प्रतिदिन 8 गिलास पानी पिएँ।
- पोषण ट्रैकर ऐप पर रजिस्टर करें।

### जमीनी स्तर पर कुपोषण से निपटने का प्रयास

प्रौद्योगिकी ने आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं के जीवन को, समुदाय-आधारित गंभीर कुपोषण प्रबंधन (सीएमएएम) प्रोटोकॉल के रूप में एक मानकीकृत मार्गदर्शिका प्रदान करके आसान बना दिया है। पहली बार, आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं के पास अपने समुदायों में कुपोषित बच्चों का पता लगाने, उन्हें रेफर करने और उनका इलाज करने के लिए समूची व्यवस्था है।

**- शशांक मणि पांडे**

*(लेखक, सम-सामयिक विषयों पर लेखन करते हैं)*




शर्ली बोचवे

## राष्ट्रमंडल के महासचिव का पद संभाला

शर्ली बोचवे एक अप्रैल 2025 को राष्ट्रमंडल के महासचिव का पद संभालने वाली पहली अफ्रीकी महिला बन गई हैं। उन्होंने डोमिनिका की पेट्रीसिया स्कॉटलैंड की जगह ली, जो संयोग से राष्ट्रमंडल के महासचिव का पद संभालने वाली पहली महिला थीं। राष्ट्रमंडल, 56 स्वतंत्र देशों का एक संघ है जो कभी ग्रेट ब्रिटेन के उपनिवेश हुआ करते थे। शर्ली बोचवे को वर्ष 2024 में अपिया, समोआ में आयोजित द्विवार्षिक राष्ट्रमंडल शासनाध्यक्षों की बैठक में अगले महासचिव के रूप में नियुक्त किया गया था। उन्हें चार साल के कार्यकाल के लिए चुना गया है। महासचिव के अधिकतम 4-4 साल के दो कार्यकाल हो सकते हैं। शर्ली बोचवे अफ्रीकी देश घाना से हैं। राष्ट्रमंडल के महासचिव के रूप में नियुक्त होने से पहले, वह देश की विदेश मामलों और क्षेत्रीय एकीकरण मंत्री थीं। वह घाना की राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद की सदस्य भी थीं। राजनीति में प्रवेश करने से पहले, शर्ली बोचवे एक व्यवसायी थीं, जिन्होंने एक सफल मार्केटिंग और संचार फर्म का नेतृत्व किया और पर्यटन क्षेत्र में एक सलाहकार के रूप में भी काम किया।



वैज्ञानिकों ने

## चावल के दाने से भी छोटा पेसमेकर बनाया

अमेरिकी वैज्ञानिकों ने दुनिया का सबसे छोटा पेसमेकर तैयार कर चिकित्सा विज्ञान के क्षेत्र में बड़ी कामयाबी हासिल की है। चावल के दाने से भी छोटे इस पेसमेकर की चौड़ाई सिर्फ 1.8 मिलीमीटर और लंबाई 3.5 मिलीमीटर है, यह केवल एक मिलीमीटर मोटा है। खास बात यह है कि इसे शरीर में लगाने के लिए किसी बड़ी सर्जरी की जरूरत नहीं है। यह इतना छोटा है कि इसे सीरिंज की नोक में फिट कर लगाया जा सकता है। शोधकर्ता जॉन ए रोजर्स का कहना है, कि जरूरत खतम होने पर वायरलेस पेस मेकर शरीर में ही घुल जाता है।



राज्यसभा में

## 17 घंटे से अधिक चली चर्चा

संसद के बजट सत्र-2025 ने एक नया रिकॉर्ड बनाया है, जहां राज्यसभा में 17 घंटे से अधिक समय तक चर्चा चली। केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री श्री किरेन रिजिजू ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में इसकी जानकारी दी। श्री रिजिजू ने बताया कि राज्यसभा में 17 घंटे 2 मिनट तक चर्चा हुई, जो संसदीय इतिहास में सबसे लंबी बहस रही। यह बहस 3 अप्रैल को सुबह 11 बजे शुरू हुई और 4 अप्रैल को तड़के 4.02 बजे समाप्त हुई इससे पहले वर्ष 1981 में 15 घंटे 51 मिनट की सबसे लंबी चर्चा हुई थी। इस बार खास बात यह रही कि पूरी बहस बिना किसी व्यवधान के चली। श्री रिजिजू ने इसे लोकतंत्र के लिए बड़ी उपलब्धि बताया। लोकसभा में भी इस सत्र के दौरान 13 घंटे से अधिक समय तक महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा हुई।



श्रीना कुरानी

## वेंचर कैपिटल की उपनिदेशक बनीं

कैलिफोर्निया इन्फ्रास्ट्रक्चर एंड इकोनॉमिक डेवलपमेंट बैंक ने हाल ही में भारतीय-अमेरिकी श्रीना कुरानी को वेंचर कैपिटल के उप निदेशक के रूप में नियुक्त करने की घोषणा की है। आईबैंक कैलिफोर्निया के सैक्रामेंटो स्थित एक सरकारी स्वामित्व वाली और राज्य की ओर से संचालित वित्तीय संस्था है। बैंक की ओर से जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया कि कैलिफोर्निया इन्फ्रास्ट्रक्चर एंड इकोनॉमिक डेवलपमेंट बैंक (आईबैंक) को श्रीना को वेंचर कैपिटल की उप निदेशक के रूप में नियुक्त करने की घोषणा करते हुए खुशी हो रही है। इस भूमिका में, कुरानी कैलिफोर्निया की नवाचार अर्थव्यवस्था और आर्थिक विकास पहलों को समर्थन करने वाले उद्यम पूंजी निवेश का विस्तार करने का कार्य करेंगी।



गोल्फर अर्जुन भाटी

## राष्ट्रीय युवा पुरस्कार से सम्मानित

गोल्फर अर्जुन भाटी को राष्ट्रीय युवा पुरस्कार से सम्मानित किया गया। तीन बार के जूनियर गोल्फ विश्व चैम्पियन रह चुके अर्जुन कोरोना के दौर में परेशान मरीजों को देख व्यथित थे। उन्होंने 102 ट्रॉफियां बेचीं, इनसे मिले 4.30 लाख रुपये पीएम केयर्स फंड में दान कर दिए थे।



मैट व्हिटेकर

## नाटो में अमेरिकी राजदूत होंगे

अमेरिकी सीनेट ने उत्तर अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) के लिए अमेरिकी राजदूत के रूप में मैट व्हिटेकर के नाम पर मुहर लगाई। व्हिटेकर ने ट्रंप के पहले कार्यकाल में न्याय विभाग में सेवाएं दी थीं। उन्हें कानून प्रवर्तन के क्षेत्र में लंबा अनुभव है। नाम की पुष्टि संबंधी सुनवाई के दौरान व्हिटेकर ने सांसदों से कहा कि सैन्य गठबंधन के लिए ट्रंप प्रशासन की प्रतिबद्धता अटूट है। ट्रंप अनेक बार नाटो के प्रतिकूल विचार व्यक्त कर चुके हैं। नाटो को द्वितीय विश्व युद्ध के बाद अमेरिका और अन्य देशों ने मिलकर तत्कालीन सोवियत संघ से संभावित खतरे को रोकने के लिए बनाया था।



डॉ. पूनम गुप्ता

## आरबीआई की डिप्टी गवर्नर नियुक्त

वर्ल्ड बैंक की पूर्व अर्थशास्त्री डॉ. पूनम गुप्ता को रिज़र्व बैंक का डिप्टी गवर्नर नियुक्त किया गया है। वे तीन साल पद पर रहेंगी। फिलहाल डॉ. पूनम गुप्ता नेशनल काउंसिल ऑफ एप्लाइड इकोनॉमिक रिसर्च (एनसीईई आर) की डायरेक्टर जनरल हैं। कैबिनेट की नियुक्ति समिति ने गुप्ता की नियुक्ति को मंजूरी दी है।



मैमथ

## 50 हजार साल पुराने शव का पोस्टमार्टम

वैज्ञानिकों ने 50 हजार साल पुराने मैमथ (हाथी) के शव का पोस्टमार्टम किया है। मादा मैमथ का शव वर्ष 2024 में याकूतिया के बटागाइका क्रेटर में हिमखंड के नीचे दबा मिला था। यहां अत्यधिक ठंड ने इसे संरक्षित रखा। इसका वजन 180 किलोग्राम, ऊंचाई 120 सेमी और लंबाई 200 सेमी थी। यह अब तक के सबसे अच्छी तरह से संरक्षित मैमथ में से एक है।



राबिया रोगे

## अंतरिक्ष में जाने वाली पहली जर्मन महिला बनीं

बर्लिन की राबिया रोगे अंतरिक्ष में जाने वाली पहली जर्मन महिला बनी हैं। रोबोटिक्स रिसर्चर रोगे, स्पेसएक्स की फ्लाइट में ध्रुवीय क्षेत्रों का अध्ययन करने वाले समूह का हिस्सा हैं। रबिया रोगे, स्पेसएक्स रॉकेट पर सवार होकर अंतरिक्ष में जाने वाली पहली जर्मन महिला बनी हैं। स्पेसएक्स ने बताया कि रोगे समेत चार अंतरिक्ष यात्रियों ने 31 मार्च को उड़ान भरी। यह लॉन्च अमेरिका के फ्लोरिडा स्थित केप कैनावेरल स्पेस स्टेशन से हुआ और स्पेसएक्स ने इसे लाइव प्रसारित किया। जर्मन एयरोस्पेस सेंटर के अनुसार, अब तक कोई जर्मन महिला अंतरिक्ष में नहीं गई थी, बर्लिन की रहने वाली रोगे ने ईटीएच ज्यूरिख में इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग और आईटी की पढ़ाई की है। इसके बाद अपनी डॉक्टरेट थीसिस के लिए वह नॉर्वेजियन यूनिवर्सिटी ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी में आ गई। स्पेसएक्स के ड्रैगन कैप्सूल में तीन से पांच दिन लंबे मिशन के दौरान यह टीम पृथ्वी के ध्रुवीय क्षेत्रों का अध्ययन करेगी। इसके अलावा पृथ्वी से 425 से लेकर 450 किलोमीटर की ऊंचाई पर नॉर्दन लाइट्स जैसी ''स्टीव'' नाम की बैंगनी रोशनी को जांचेगी। स्पेसएक्स ने कहा कि फ्रैम2 नाम से इस मिशन में अंतरिक्ष में इंसानों की पहली एक्स-रे तस्वीरें भी ली जाएंगी और माइक्रोग्रैविटी में मशरूम उगाने की कोशिश भी होगी।



शिवसुब्रमण्यम रमण

## पीएफआरडीए के नए चेयरमैन बने

उप नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक शिवसुब्रमण्यम रमण पेंशन नियामक पीएफआरडीए के नए चेयरमैन होंगे। केंद्रीय मंत्रिमंडल की नियुक्ति समिति ने पीएफआरडीए के अध्यक्ष पद पर उनकी नियुक्ति को मंजूरी दे दी है। रमन वर्तमान चेयरमैन दीपक मोहंती का स्थान लेंगे, जिनका कार्यकाल मई 2025 में समाप्त होगा। एसीसी ने पांच वर्ष के कार्यकाल या 65 वर्ष की आयु प्राप्त करने तक के लिए उनकी नियुक्ति को मंजूरी दी है।



आकर्ष श्राफ

## युवा स्पार्क के संस्थापक हुए पुरस्कृत

युवा स्पार्क के संस्थापक आकर्ष श्राफ को राष्ट्रीय युवा पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। आकर्ष ने 2018 में 17 वर्षीय हाईस्कूल के छात्र के रूप में युवा स्पार्क की स्थापना की। संगठन ने ऐसे प्रौद्योगिकी प्लेटफार्म बनाए हैं, जिन्होंने ग्रामीण भारत में 600 से अधिक आंगनवाड़ी केंद्रों पर शिक्षा को डिजिटल बनाया है। आंगनवाड़ियों (ग्रामीण भारत में प्रारंभिक बचपन शिक्षा केंद्र) में शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ाने के लिए, युवास्पार्क का डिजिटल प्लेटफॉर्म समय-समय पर शिक्षकों को कस्टम-क्यूरेटेड इंटरैक्टिव वर्नाक्यूलर भाषा शैक्षणिक सामग्री प्रदान कर रहा है। उनके इन नवाचारों को देखते हुए उन्हें पुरस्कार के लिए चुना गया। इसके अलावा, संगठन अनाथालयों में बुनियादी ढांचे में सुधार, सरकारी स्कूलों में पुस्तकालय के बुनियादी ढांचे को बढ़ाने और विशेष स्कूलों को स्मार्ट शिक्षण उपकरण प्रदान करने के लिए कार्यक्रम चलाता है। संगठन ने 35 संस्थानों के 700 से अधिक स्वयंसेवकों को शामिल करके 10 राज्यों में 3,46,000 बच्चों के जीवन को प्रभावित किया है और अमेजन, बीसीजी, इंडियन ऑयल, एमएनजीएल, एसईसीआई और अन्य कंपनियों से 2.5 करोड़ रुपये का फंड जुटाया है।



विश्व वोरा

## ट्रंप परिवार के मेहमान बनेंगे

गुजरात में अहमदाबाद के 22 वर्षीय विश्व वोरा को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के परिवार ने खासतौर से आमंत्रित किया है। वोरा जल्द ही चार दिन की अमेरिका यात्रा पर जाएंगे। दरअसल विश्व वोरा ने अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव से पहले इवांका ट्रंप के साथ चुनावी भविष्यवाणी में दावा किया था कि चुनाव में डोनाल्ड ट्रंप की जीत होगी और उनकी सरकार बनेगी। विश्व वोरा का कहना है कि वह ट्रंप परिवार से मुलाकात करने के लिए उत्साहित हैं। मुलाकात के दौरान वह कुंडली के आधार पर आगामी वक्त के लिए ट्रंप सरकार के कामकाज और भारत-अमेरिका संबंधों के बारे में विचार रखेंगे।



स्वामीनाथन एस.अय्यर

## आईआरडीएआई के पूर्णकालिक सदस्य नियुक्त

भारत सरकार ने स्वामीनाथन एस.अय्यर को भारतीय बीमा विनियामक और विकास प्राधिकरण में पूर्णकालिक सदस्य के रूप में नियुक्त करने को मंजूरी दे दी है। इस नियुक्ति का बीमा क्षेत्र पर महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ेगा, क्योंकि आईआरडीएआई बीमा क्षेत्र को विनियमित करने और विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। कानूनी, विनियामक मामलों और विनियामक निकाय को मूल्यवान विशेषज्ञता प्रदान करेंगे। उनकी नियुक्ति पांच साल की अवधि या 62 वर्ष की उम्र पूर्ण होने तक रहेगी। स्वामीनाथन पूर्व में एचडीएफसी स्टैंडर्ड लाइफ इंश्योरेंस में वरिष्ठ उपाध्यक्ष और कंपनी सचिव रह चुके हैं। उन्हें इस क्षेत्र में 34 वर्षों से अधिक का अनुभव, विशेष रूप से कानूनी, अनुपालन और नियामक मामलों में विशेषज्ञता हासिल है।



जीआई टैग

## कुंभकोणम पान के पत्ते और थोवलाई फूल माला को मिला

कुंभकोणम पान पत्ता (थंजावुर) और थोवलई फूलों की माला (कन्याकुमारी) को भारत सरकार द्वारा भौगोलिक संकेत (जीआई टैग) दिया गया है। इसी के साथ, तमिलनाडु के कुल जीआई उत्पादों की संख्या 62 हो गई है। चार महीने की समीक्षा प्रक्रिया के बाद गजट में इन उत्पादों की आधिकारिक जीआई स्थिति प्रकाशित की गई। पारंपरिक उत्पादों, क्षेत्रीय उत्पादों को बढ़ावा देने के लिए जीआई टैग दिया जाता है। यह टैग इन उत्पादों को व्यावसायिक दुरुपयोग और नकली उत्पादन से बचाता है। स्थानीय उत्पादकों को प्रामाणिकता और बाजार में विशेष पहचान दिलाता है। इससे तमिलनाडु के किसानों और शिल्पकारों के लिए आर्थिक अवसरों को बढ़ावा मिलेगा।



## स्मृति शेष

### बैटमैन के अभिनेता वैल किल्मर का निधन

बैटमैन फॉरएवर में बैटमैन का किरदार निभाकर दर्शकों के चहेते बने हॉलीवुड अभिनेता वैल किल्मर का निमोनिया के कारण निधन हो गया। वह 65 वर्ष के थे। किल्मर ने टॉप गन फिल्म में भी आईसमैन का किरदार निभाकर दर्शकों का दिल जीता था। उन्होंने द डोर्स में जिम मॉरिसन के किरदार को जीवंत किया था।



*(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित, फोटो : गूगल से साभार)*

# मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग

**सहायक प्राध्यापक (सांख्यिकी) परीक्षा-2022**

**चयन-सूची (मुख्य भाग-87 प्रतिशत)**

क्रमांक 221/79/2024/चयन इन्दौर, दिनांक: 07.04.2025

## पदनाम - सहायक प्राध्यापक, सांख्यिकी

आयोग के विज्ञापन क्रमांक **48/2022** दिनांक **30.12.2022** एवं समय-समय पर जारी शुद्धिपत्रादि, सूचनाओं आदि के संदर्भ में म.प्र. शासन, उच्च शिक्षा विभाग के अंतर्गत विज्ञापित पद-सहायक प्राध्यापक, सांख्यिकी के **कुल-05 पद** (अनारक्षित-02, अ.जा.-निरंक, अ.ज.जा.-03, अ.पि.वर्ग-निरंक, ई.डब्ल्यू.एस.-निरंक) इनमें से महिलाओं हेतु आरक्षित (अनारक्षित-01, अ.जा. - निरंक, अ.ज.जा.-01, अ.पि.वर्ग-निरंक ई.डब्ल्यू.एस.-निरंक) विज्ञापित किए गए हैं। उक्त पदों की पूर्ति के लिए, **सहायक प्राध्यापक (सांख्यिकी) परीक्षा-2022** दिनांक 17.11.2024 को आयोजित की गई। आयोग द्वारा लिखित परीक्षा परिणाम दिनांक 24.12.2024 को घोषित किया गया। उक्त परीक्षा में अर्ह आवेदकों के साक्षात्कार 12.03.2025 को आयोजित किए गए हैं।

2. म.प्र. शासन, सामान्य प्रशासन विभाग के पत्र क्रमांक एफ 07-46/2021/आ.प्र./एक दिनांक 29.09.2022 में दिए गए दिशा-निर्देशों के अनुपालन में म.प्र. शासन, उच्च शिक्षा विभाग के पत्र क्रमांक 1416/4369/2021/38-1 दिनांक 06.09.2024 में उल्लेखित रिक्ति के अनुसार आयोग द्वारा विज्ञापित शुद्धि पत्र क्रमांक 11/48/2022 दिनांक 10.09.2024 के माध्यम से उपरोक्त विज्ञापन क्रमांक 48/2022 दिनांक 30.12.2022 के अंतर्गत विज्ञापित पदों का 87 प्रतिशत मुख्य भाग एवं 13 प्रतिशत प्रावधिक भाग की रिक्तियों का पद विभाजन विज्ञापित किया गया है जिसके अनुसार, परीक्षा परिणाम दो भागों में मुख्य भाग एवं प्रावधिक भाग के रूप में घोषित किया जाना प्रावधानित किया गया। चूंकि उक्त शुद्धिपत्र दिनांक 10.09.2024 में उक्त विज्ञापित पदों में अन्य पिछड़ा वर्ग हेतु विज्ञापित पद की संख्या निरंक होने के कारण विभाग के पत्रानुसार इस पद हेतु 87 एवं 13 प्रतिशत पदों के विभाजन की आवश्यकता नहीं है। अतएव चयन परिणाम केवल 87 प्रतिशत पदों (मुख्य भाग) का घोषित किए जाने के प्रावधान के तहत् मुख्य भाग हेतु विज्ञापित रिक्तियों का विवरण निम्नांकित तालिका में अंकित है। अन्य पिछड़ा वर्ग के पदों की संख्या निरंक होने के कारण प्रावधिक भाग - 13 प्रतिशत हेतु रिक्तियों की संख्या निरंक होने के परिणामस्वरूप पृथक से प्रावधिक भाग का चयन परिणाम जारी किए जाने की आवश्यकता नहीं होगी।

3. अतएव, लिखित परीक्षा + अतिथि विद्वान अनुभव अंक + साक्षात्कार में प्राप्त प्राप्तांकों के योग के गुणानुक्रम के आधार पर निम्नानुसार केवल 87 प्रतिशत पदों (मुख्य भाग) की चयन सूची घोषित की जाती है :-

**सहायक प्राध्यापक (सांख्यिकी)**

**पद विवरण तालिका (मुख्य भाग-87 प्रतिशत)**

| | अनारक्षित | अ.जा. | अ.ज.जा. | अ.पि.व. | ई.डब्ल्यू.एस. | योग |
|---|---|---|---|---|---|---|
| कुल पदों की संख्या | 2 | 0 | 3 | 0 | 0 | 5 |
| इनमें से महिलाओं के लिए आरक्षित पद | 1 | 0 | 1 | 0 | 0 | |

**मुख्य सूची**

| स.क्र. | अनुक्रमांक | नाम | लिंग | Seat | श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 470036 | ASTHA JAIN | F | UNRF | UNR |
| 2. | 470010 | SHUBHAM MISHRA | M | UNR | UNR |

**अनुपूरक सूची**

| स.क्र. | अनुक्रमांक | नाम | लिंग | श्रेणी |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 470007 | MAHIMA KUMAVAT | F | UNR |
| 2. | 470073 | PAWAN MISHRA | M | UNR |

**टीप :-**

1. म.प्र. शासन, सामान्य प्रशासन विभाग के परिपत्र क्रमांक एफ-7-46/99/आ.प्र./एक भोपाल दिनांक 07 नवम्बर, 2000 में दिए निर्देशों के तहत अनारक्षित (ओपन) पदों पर चयन हेतु निर्धारित मापदंड के तहत आरक्षित वर्ग के वे ही आवेदक ऐसे ओपन पदों पर चयनित किए गए हैं जो कि हर प्रकार से सामान्य वर्ग के उम्मीदवार के समान ही बिना किसी रियायत के योग्यता प्राप्त किए हों। किसी प्रकार की रियायत को प्राप्त किए बिना तथा मेरिट में आने पर ही आरक्षित वर्ग के उम्मीदवारों का चयन मेरिट गुणानुक्रम के आधार पर अनारक्षित पदों पर किया जाना प्रावधानित है।
2. म.प्र. शासन, सामान्य प्रशासन विभाग के परिपत्र क्रमांक सी/3-2/97/3/एक भोपाल, दिनांक 10.02.1997 की कंडिका 05 के परिपालन में घोषित की गई चयन सूची में पर्याप्त संख्या में महिला अभ्यर्थी अनुपलब्ध होने की दशा में महिलाओं हेतु आरक्षित पदों को संबंधित प्रवर्ग के पुरुष अभ्यर्थियों से भरे जाने का प्रावधान प्रावधानित है।
3. पात्रता धारित अतिथि विद्वानों को देय अनुभव अंकों का सत्यापन कार्य उच्च शिक्षा विभाग द्वारा नामांकित विभागीय समिति द्वारा संपादित किया गया है।
4. चयन परिणाम प्रकाशित होने के बाद यदि कम्प्यूटर त्रुटि/लिपिकीय त्रुटि आयोग के संज्ञान में आती है तो आयोग के पास चयन परिणाम सुधारने का अधिकार सुरक्षित रहेगा।
5. कुल विज्ञापित पदों में से शुद्धिपत्र दिनांक 10.09.2024 में उल्लेखित मुख्य भाग-87 प्रतिशत हेतु विज्ञापित कुल 05 पदों में से 03 पद अनुसूचित जनजाति हेतु विज्ञापित है इस श्रेणी हेतु पर्याप्त/योग्य अभ्यर्थी उपलब्ध नहीं होने के कारण यह पद रिक्त रहे हैं।

**सचिव**

जी-11316/50783/2025 **म.प्र. लोक सेवा आयोग, इन्दौर**

# कार्यालय संचालक, राज्यस्तरीय रोज़गार एवं प्रशिक्षण केन्द्र (पिछड़ा वर्ग तथा अल्पसंख्यक कल्याण) पुलिस रेडियो मुख्यालय के सामने, भदभदा रोड, भोपाल

## विज्ञप्ति

**आवेदन की अंतिम तिथि - 22 अप्रैल 2025**

प्रदेश के पिछड़े वर्ग एवं अल्पसंख्यक वर्ग के प्रतिभावान किन्तु आर्थिक रूप से कमजोर युवक-युवतियों को आगामी राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा 2026 अथवा अन्य समकक्ष परीक्षाओं का 06 माह की अवधि का निःशुल्क आवासीय परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण प्रदान किये जाने हेतु पात्र एवं योग्य आवेदकों से आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है। आवेदन हेतु विस्तृत विज्ञापन प्रवेश हेतु नियम, शर्तें एवं आवेदन पत्र का प्रारूप विभागीय वेबसाइट **www.bcwelfare.mp.nic.in** पर उपलब्ध है।

**संचालक**

राज्यस्तरीय रोज. एवं प्रशि. केंद्र,

जी-24831/50781/2025 (पिछड़ा वर्ग एवं अ.सं.क.), भोपाल दूरभाष - (0755) 2763284

# मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग

क्रमांक 381/03/2025/चयन इन्दौर, दिनांक : 08 .04.2025

**सहायक प्राध्यापक (पर्यावरण विज्ञान) परीक्षा-2022**

**चयन-सूची (मुख्य भाग-87 प्रतिशत)**

## पदनाम - सहायक प्राध्यापक, पर्यावरण विज्ञान

आयोग के विज्ञापन क्रमांक 25/2022 दिनांक 30.12.2022 एवं समय-समय पर जारी शुद्धिपत्रादि, सूचनाओं आदि के संदर्भ में म.प्र. शासन, उच्च शिक्षा विभाग के अंतर्गत विज्ञापित पद - **सहायक प्राध्यापक, पर्यावरण विज्ञान** के कुल 01 पद (अन्य पिछड़ा वर्ग-01) विज्ञापित किए गए है। उक्त पद की पूर्ति के लिए **सहायक प्राध्यापक (पर्यावरण विज्ञान) परीक्षा-2022** दिनांक 17.11.2024 को आयोजित की गई। आयोग द्वारा लिखित परीक्षा परिणाम दिनांक 03.01.2025 को घोषित किया गया। उक्त परीक्षा में अर्ह आवेदकों के साक्षात्कार 12.03.2025 को आयोजित किए गए हैं।

27. बजट 2025-26 के अनुसार मध्यप्रदेश सरकार का सर्वाधिक व्यय किस मद पर होता है?
अ. स्वास्थ्य
ब. अधोसंरचना
स. नगरीय एवं ग्रामीण विकास
द. शिक्षा क्षेत्र
उत्तर- ब. अधोसंरचना
व्याख्या- 17% इस मद से प्राप्त होता है।

28. मध्यप्रदेश में वर्ष 2025-26 को किस वर्ष के रूप में मनाये जाने का निर्णय लिया गया है?
अ. कृषि वर्ष
ब. उद्योग एवं रोज़गार वर्ष
स. शिक्षा वर्ष
द. स्वास्थ्य वर्ष
उत्तर- ब. उद्योग एवं रोज़गार वर्ष

29. फरवरी, 2025 में आयोजित ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में कितने एम.ओ.यू. हस्ताक्षरित किये गये?
अ. 80 ब. 85
स. 89 द. 90
उत्तर- स. 89

30. सरकार ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर (जी.सी.सी.) को किन शहरों में प्रोत्साहित कर रही है?
अ. टियर-2 शहर
ब. टियर 1 शहर
स. महानगर
द. ग्राम
उत्तर- अ. टियर-2 शहर

31. 11 दिसम्बर, 2024 से 26 दिसम्बर, 2024 तक प्रदेश में कौनसा पर्व मनाया गया?
अ. आदिवासी पर्व
ब. जनकल्याण पर्व
स. कृषि पर्व
द. उपरोक्त में से कोई नहीं
उत्तर- ब. जनकल्याण पर्व

32. जनजातीय बहुल क्षेत्र के समग्र विकास के लिये धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान को कितने विकासखण्डों में लागू किया जा रहा है?
अ. 267 ब. 290
स. 295 द. 307
उत्तर- अ. 267

33. प्रदेश में शिक्षा के क्षेत्र में सकल नामांकन दर प्राथमिक शिक्षा में कितने प्रतिशत है?
अ. 70 ब. 67
स. 98 द. 80
उत्तर- स. 98

34. प्रदेश में शासकीय एवं निजी क्षेत्र के कुल कितने विद्यालय हैं?
अ. 1,25,000 ब. 1,30,000
स. 1,40,000 द. 1,5,500
उत्तर- अ. 1,25,000

35. राष्ट्रव्यापी पशु कृत्रिम गर्भाधान कार्यक्रम में मध्यप्रदेश का कौनसा स्थान हैं?
अ. पांचवां ब. पहला
स. दूसरा द. तीसरा
उत्तर- ब. पहला

36. बजट 2025-26 के अनुसार अब तक कुल कितने किसान क्रेडिट कार्ड, वितरित किये जा चुके हैं?
अ. 69,63,000 ब. 70,00,000
स. 75,00,000 द. 64,63,000
उत्तर- अ. 69,63,000

37. राष्ट्रीय स्तर पर 2011-12 से वर्ष 2023-24 में कृषि क्षेत्र से राष्ट्रीय स्तर पर प्रदेश का योगदान 6 प्रतिशत से बढ़कर कितने प्रतिशत हो गया है?
अ. 9 ब. 10
स. 12.5 द. 14
उत्तर- स. 12.5

38. वर्ष 2025-26 में कितनी वृहद सिंचाई परियोजनायें प्रस्तावित हैं?
अ. 19 ब. 20
स. 21 द. 22
उत्तर- अ. 19

39. सिंहस्थ 2028 के लिये इस वर्ष बजट में कितनी राशि आवंटित की गई है?
अ. 1 हजार करोड़
ब. 2 हजार करोड़
स. 3 हजार करोड़
द. उपरोक्त में से कोई नहीं
उत्तर- ब. 2 हजार करोड़

40. डायनासोर जीवाश्यम केन्द्र कहां बनाया जायेगा?
अ. धार ब. मंदसौर
स. नीमच द. गुना
उत्तर- अ. धार

41. बजट के अनुसार कितने नए आयुर्वेदिक महाविद्यालय खोले जायेंगे?
अ. 15 ब. 12
स. 13 द. 11
उत्तर- द. 11

42. बजट में कितने नए औद्योगिक क्षेत्र विकसित करने की बात कही गई है?
अ. 39 ब. 38
स. 40 द. 41
उत्तर- अ. 39

43. वर्ष 2047 तक मध्यप्रदेश की अर्थव्यवस्था को कितने मिलियन डॉलर पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया है?
अ. 1 ब. 2
स. 3 द. 4
उत्तर- ब. 2

44. खेलो इंडिया एमपी के लिये कितने करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है?
अ. 180 ब. 600
स. 700 द. 800
उत्तर- अ. 180

-डॉ. मायाराठी
(लेखिका, शासकीय महारानी लक्ष्मीबाई कन्या महाविद्यालय, भोपाल में अर्थशास्त्र की प्राध्यापिका हैं।)

## स्वास्थ्य संस्थाओं में उपकरण और मानव संसाधन की उपलब्धता समयबद्ध रूप से सुनिश्चित की जाये - उप मुख्यमंत्री

**भोपाल,** उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि प्रदेशवासियों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसके लिए स्वास्थ्य संस्थाओं में उपकरण की उपलब्धता और मानव संसाधन की नियुक्ति समयबद्ध रूप से सुनिश्चित की जाये। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने मंत्रालय में लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग के विभिन्न विषयों की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में प्रदेश की स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक प्रभावी, सुलभ एवं जनोन्मुखी बनाने के लिए महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई और आवश्यक निर्देश दिये।

उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने फार्मासिस्ट ग्रेड-2, नेत्र सहायक एवं ओ.टी. टेक्नीशियन के पदों की समयबद्ध भर्ती के लिए आवश्यक प्रावधान करने के निर्देश दिये। साथ ही नर्सिंग पदों पर सीधी भर्ती की प्रक्रिया कर्मचारी चयन मंडल (ई.एस.बी.) के माध्यम से भी प्रारंभ किए जाने के लिये संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने अनमोल 2.0 पोर्टल के क्रियान्वयन की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि अनमोल पोर्टल के माध्यम से गर्भवती महिलाओं की डाटा एंट्री, फॉलोअप और रिपोर्टिंग की प्रक्रिया सुनिश्चित होनी चाहिए। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि यह पोर्टल स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूती देने के साथ-साथ मातृ एवं शिशु मृत्यु दर को घटाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायेगा। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने समस्त चिकित्सा महाविद्यालयों में कैथ लैब और कैंसर केयर ब्लॉक की स्थापना के लिए आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

एमएसएमई भूमि आवंटन नियम 2025

# निवेशकों को त्वरित भूमि आवंटन तथा कार्य विस्तार की पहल

प्रदेश को आर्थिक रूप से सबल और संपन्न बनाने में सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम की महत्वपूर्ण भूमिका है। आत्मनिर्भर और विकसित मध्यप्रदेश निर्माण के लिए निवेश को लेकर कई नवाचार किये गये। उद्योग मित्र व्यवस्था और नियमों को सरलीकृत और सुगम बनाया गया। भोपाल में 24-25 फरवरी को आयोजित ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में 18 नई नीतियां जारी की गयी। इसके परिणाम स्वरूप प्रदेश में औद्योगिक विस्तार धरातल पर दिखाई दे रहा है और निवेशकों का रुझान बढ़ा है। किसी उद्योग के संचालन के लिए औद्योगिक भूमि होना आवश्यक है। मध्यप्रदेश के लिए औद्योगिक भूमि तथा भवन आवंटन एवं प्रबंधन नियम 2025 बनाया गया है। इसमें भूमि आवंटन नियम 2021 में संशोधन किये गये हैं।

भूमि आवंटन नियम में किये गये परिवर्तन के अनुसार पहले विकसित तथा विकसित किये जाने वाले औद्योगिक भूखंडों का आवंटन 'प्रथम आओ प्रथम पाओ' के अनुसार किया जाता था वहीं वर्तमान में किये गये संशोधन के अनुसार विकसित तथा विकसित किये जाने वाले औद्योगिक भूखंडों का आवंटन एक से अधिक आवेदन होने पर 'ई-बिडिंग' पद्धति से किया जायेगा।

शासन के अनुमोदन से गंभीर निवेशकों की पहचान होगी और प्रक्रिया के तहत कार्य शीघ्र होने के साथ त्वरित भूमि आवंटित होगी। पहले अविकसित भूमि का आवंटन 'प्रथम आओ प्रथम पाओ' पद्धति से किया जाता था। संशोधन के बाद अविकसित भूमि हेतु ऑनलाइन आवेदन प्राप्त करने के बाद पात्र आवेदक को भूमि का आवंटन राज्य शासन के अनुमोदन से किया जायेगा।

पूर्व में अविकसित भूमि का आवंटन केवल मध्यम उद्योग को किया जाता था। अब अविकसित भूमि का आवंटन पात्र मध्यम तथा विशेष परिस्थितियों में लघु उद्योगों के लिए भी किया जायेगा। इससे केन्द्र सरकार की लघु उद्योगों को बढ़ावा देने की प्रक्रिया को गति मिलेगी। औद्योगिक क्षेत्रों में संधारण कार्य शासन द्वारा अथवा उद्योग संघ द्वारा ही किये जाते थे। संधारण कार्य के सुचारु संचालन के लिए होने वाले बदलाव में अब संधारण कार्य उद्योग संघ अथवा अन्य एजेंसी को सौंपा जाना सुनिश्चित किया गया है।

किसी भी उद्यमी के उद्योग को लेकर तभी गंभीरता संभव है जब इसके आरंभ में उनकी पूंजी भी लगी हो अन्यथा हस्तांतरण के बाद कई बार उद्यम चल नहीं पाते। इसे ध्यान में रखते हुए स्थाई पूंजी निवेश को बढ़ाने पर विचार किया गया और संशोधन के बाद इसे अमल में लाया गया। जिसमें कम से कम 25 प्रतिशत निवेश प्लांट तथा मशीनरी होने पर ही हस्तांतरण की पात्रता है। स्थाई पूंजी निवेश राशि बढ़ाने से इस संशोधन के दो लाभ हैं पहला गंभीर निवेशक ही भूमि आवंटन की प्रक्रिया में शामिल होंगे, दूसरा हस्तांतरण प्रक्रिया में अधिक पारदर्शिता रहेगी। भूमि आवंटन नियम संशोधन में वर्तमान परिस्थितियों के अनुसार प्रकोष्ठों के आवंटन को भी शामिल किया गया है। फ्लैटेड इण्डस्ट्रियल एरिया अथवा कॉम्प्लेक्स में प्रकोष्ठों का आवंटन ई-बिडिंग प्रक्रिया से किया जायेगा। इससे कम भूमि में अधिक निवेशकों को स्थान आवंटित किया जा सकता है।

### भू-आवंटन हेतु आवेदन

विकसित किए जाने वाली भूमि आवंटन हेतु पात्र आवेदक इकाइयों को निर्धारित आवेदन प्रपत्र पर आवेदन एवं चैकलिस्ट अनुसार अन्य दस्तावेज तथा आवेदन शुल्क की राशि जमा कर ऑनलाइन आवेदन करना होगा। इकाई को प्रचलित प्रब्याजी का 25 प्रतिशत अग्रिम राशि जमा करनी होगी। सभी इकाइयों हेतु आवेदन शुल्क रुपये 5000/- होगा। आवेदन शुल्क की वापसी नहीं होगी।

नियम लागू होने के बाद विकसित किये जाने वाले औद्योगिक क्षेत्रों में अनुसूचित जाति, जनजाति उद्यमी के लिये प्रथम वर्ष हेतु 20 प्रतिशत औद्योगिक भूखंड आरक्षित रहेंगे। प्रथम वर्ष में भूखंडों का आवंटन नहीं होने पर भूखंड अनारक्षित श्रेणी के हो जायेंगे।

### आवेदन के साथ कौन से दस्तावेज लगेंगे

- प्रस्तावित औद्योगिक गतिविधि की संक्षिप्त परियोजना प्रतिवेदन (प्रोजेक्ट प्रोफाइल), जिसमें यंत्र-संयंत्र, उपकरण तथा इनसे सुसंगत औद्योगिक शेड, कच्चे माल की व्यवस्था, वित्तीय प्रबंधन, प्रस्तावित रोज़गार सृजन, परियोजना की व्यावसायिक आवश्यकता, आवश्यक निर्मित क्षेत्र का संक्षिप्त विवरण हो।
- फोटो, पेन कार्ड, आधार कार्ड।
- परियोजना क्रियान्वयन का समयबद्ध कार्यक्रम।
- आरक्षित भू-खण्ड हेतु आवेदन करने की स्थिति में अनुसूचित जाति,जनजाति का सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी प्रमाण पत्र।
- ऑनलाइन भूमि आवंटन हेतु आवेदन करने की स्थिति में चेकलिस्ट अनुसार इकाई को ऑनलाइन आवेदन प्रारूप में आवेदन करना होगा एवं उपरोक्तानुसार संलग्न आवंटन के समय पृथक से आवंटन अधिकारी के कार्यालय में जमा करने होंगे।
- आवेदन एवं शुल्क जमा कर देने मात्र से आवेदक को आवेदित भूमि की मात्रा एवं आवंटन के संबंध में कोई अधिकार प्राप्त नहीं होंगे। उद्योग के लिए आवश्यक भूमि की मात्रा का आंकलन नियमों के प्रावधान अंतर्गत भू-आवंटन प्राधिकारी द्वारा किया जा सकेगा।
- आवेदन शुल्क के अतिरिक्त आवेदित भूमि हेतु आवेदन दिनांक को प्रचलित प्रब्याजि की 25 प्रतिशत अग्रिम राशि आवेदन के साथ ऑनलाइन आरटीजीएस,नेफ्ट,नेट बैंकिंग, साइबर ट्रेजरी, चालान के माध्यम से जमा करनी होगी। इस राशि को आशय पत्र जारी करते समय बिना ब्याज के समायोजित की जाकर देय राशि की गणना की जाएगी। राशि प्राप्ति के समय की गणना राशि के शासन के खाते में प्राप्त होने के समय अनुसार की जायेगी।

### भूमि आवंटन की अधिकारिता

विकसित एवं विकसित किये जाने वाले औद्योगिक क्षेत्रों में उद्योग हेतु चिन्हित भूमि में निम्न को राशि रुपये एक पर राज्य शासन की अनुमति से आवंटित की जाएगी।

### निम्न मान्य होंगे

उद्योग संघ कार्यालय, संघ सामुदायिक भवन (आवंटन पात्रता अधिकतम 1000 वर्गमीटर) प्रत्येक औद्योगिक क्षेत्र में एक भूखण्ड ही इस प्रयोजन हेतु आवंटन योग्य होगा।

केन्द्र व राज्य शासन के विभाग या संस्था जो औद्योगिक गतिविधि से संबंधित हो।

- पावर सबस्टेशन
- पुलिस थाना,चौकी
- जलशोधन संयंत्र
- संयुक्त प्रदूषण नियंत्रण संयंत्र
- फायर ब्रिगेड
- सार्वजनिक प्याऊ
- सार्वजनिक शौचालय
- शासन की लोकहित योजनाओं की अधोसंरचनाओं हेतु
- सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम विभाग द्वारा समय-समय पर परिभाषित अन्य गतिविधि।

### आवंटन की प्रक्रिया

उक्त चिन्हित परियोजना हेतु आवेदन प्राप्त होने पर महाप्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र द्वारा आवश्यकता का परीक्षण कर अनुशंसा सहित आवेदन उद्योग आयुक्त को अग्रेषित किया जायेगा। उद्योग आयुक्त द्वारा प्रकरण का परीक्षण कर अनुशंसा सहित आवेदन म.प्र. शासन, सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम विभाग को प्रेषित किया जायेगा। शासन से अनुमति प्राप्त होने के बाद भूमि आवंटन की कार्यवाही एवं लीजडीड का निष्पादन महाप्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र द्वारा किया जायेगा।

### पट्टे की अवधि

पट्टे की अवधि भूमि के लिए अधिकतम 99 वर्ष होगी।

### परियोजना का क्रियान्वयन

आधिपत्य दिनांक से 03 वर्ष की अवधि में परियोजना को पूर्ण करना होगा अन्यथा भूमि स्वतः सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम विभाग में शामिल हो जावेगी।

### लीज का नवीनीकरण

भूमि की लीज अवधि समाप्त होने के उपरांत गतिविधि संचालित होने की दशा में लीज का नवीनीकरण निःशुल्क किया जाएगा।

**औद्योगिक क्षेत्रों में आवंटन हेतु प्रतिबंधित गतिविधियों की सूची**

1. गौवंश मांस से संबंधित कोई भी गतिविधि।
2. पशुवध (कसाईखाना)।
3. शहरी अपशिष्ट, मृत पशु एवं अपशिष्ट एकत्रीकरण एवं संग्रहण।
4. कबाड़ियों द्वारा कांच, पॉलिथीन, प्लास्टिक, पी.व्ही.सी., नॉयलान, रबर, लोहा, लकड़ी जैसी वस्तुओं का संग्रहण एवं ग्रेडिंग।
5. रेत संग्रहण एवं ग्रेडिंग।
6. ईंट भट्टा एवं चूना भट्टा।
7. खुली सेंड ब्लास्टिंग।
8. ऑटो मोबाइल स्टॉक यार्ड।
9. शहरी एवं मृत पशु अपशिष्टों का प्रसंस्करण एवं उससे खाद बनाना आदि।
10. विस्फोटक एवं फायर वर्क्स निर्माण व संग्रहण।
11. चारकोल निर्माण।
12. स्टोन क्रेशर, फ्लाईऐश ब्रिक्स, कॉन्क्रीट मिक्चर प्लान्ट, हॉट मिक्स प्लान्ट।
13. शासन द्वारा समय-समय पर घोषित अन्य गतिविधियां।

मध्यप्रदेश के सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम विभाग द्वारा निवेशकों की सुविधा के लिए प्रक्रिया को सरल और प्रभावी विकास के उद्देश्य से भूमि आवंटन नियम 2021 में संशोधन करे भूमि तथा भवन आवंटन एवं प्रबंधन नियम 2025 जारी किया गया है। इसमें होने वाले परिवर्तनों से आवंटन प्रक्रिया सरल और पारदर्शी होगी, विशेषकर गंभीर निवेशक तुरंत लाभांवित होंगे। उम्मीद है कि नवीन नीतियों और नियमों का लाभ लेकर वे प्रदेश के विकास में महत्वपूर्ण योगदान देंगे।

**- देवेन्द्र गोरे**
**(लेखक, सम-सामयिक विषयों पर लेखन करते हैं)**

# चयनित अधिकारी सेवा भाव और सकारात्मकता के साथ करें अपने अधिकारों का उपयोग

**भोपाल,** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने राज्य सिविल सेवा के अधिकारियों के 118वें संयुक्त आधारभूत प्रशिक्षण कार्यक्रम के शुभारंभ सत्र को प्रशासन अकादमी में संबोधित किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि भारतीय समाज स्व-नियंत्रित और सुसंस्कृत समाज है। राज्य सेवा के लिए चयनित अधिकारी पवित्र सेवा भाव और परिष्कृत मन मस्तिष्क के साथ, उन्हें मिली शक्तियों का उपयोग करते हुए अपने दायित्व निर्वहन की ओर अग्रसर हों। मुख्यमंत्री ने प्रशिक्षु अधिकारियों को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं देते हुए कहा कि अधिकारी अपनी कुशलता और दक्षता से सभी की आशाओं-आकांक्षाओं पर खरे उतरें यही कामना है।

- जनसामान्य के साथ शालीन व्यवहार और संवाद आवश्यक।
- मुख्यमंत्री ने राज्य सिविल सेवा अधिकारियों के 118वें संयुक्त आधारभूत प्रशिक्षण कार्यक्रम का किया शुभारंभ।
- उप जिलाधीश, उप पुलिस अधीक्षक और नायब तहसीलदार के कुल 83 प्रशिक्षु लेंगे सात सप्ताह का संयुक्त आधारभूत प्रशिक्षण।

मुख्यमंत्री ने प्रशिक्षुओं से कहा कि नर्सरी कक्षा से लेकर अब तक के शिक्षण-प्रशिक्षण से मिले ज्ञान के आत्म अवलोकन से अपनी प्रशासनिक जिम्मेदारियों और कार्यों को दक्षतापूर्वक संपन्न करें। उन्होंने कहा कि शिक्षण से व्यक्ति और प्रशिक्षण से व्यक्तित्व का निर्माण होता है। हमारी पाठ्य पुस्तकें अपार ज्ञान का भंडार हैं, लेकिन दायित्वों को पूरा करने के लिए इसी ज्ञान की मदद से अपना मार्ग स्वयं खोजना होगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अपने दायित्वों के निर्वहन में पारिवारिक मूल्यों का ध्यान रखने, जनसामान्य के साथ शालीन व्यवहार और संवाद क्षमता विकसित करने तथा आउट ऑफ बॉक्स सोचते हुए समाज हित में नवाचार करने के लिए प्रेरित किया। बड़े पद की जिम्मेदारी के साथ-साथ परिवारजन और मित्रों की अपेक्षाओं पर बने रहना भी एक चुनौती है। आपका व्यवहार ऐसा हो कि आप अधिक से अधिक लोगों की आशाओं व आकांक्षाओं पर खरे उतर सकें।

# नए आपराधिक कानूनों, धाराओं की जानकारी जन-जन को कराएं उपलब्ध

**भोपाल,** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने नवीन आपराधिक कानूनों की समीक्षा के दौरान कहा कि वर्तमान चुनौतियों को ध्यान में रखकर बनाए गए नए आपराधिक कानून, भारतीय न्याय प्रणाली को अधिक लोकतांत्रिक बनाने की दिशा में ऐतिहासिक कदम हैं। सभी के लिए अधिक सुलभ, सहायक और कुशल न्याय प्रणाली सुनिश्चित करने के उद्देश्य से बने इन कानूनों और नवीन प्रक्रियाओं की जानकारी जन-जन तक पहुंचाना आवश्यक है। न्याय प्रणाली से जुड़ी सभी संस्थाओं में अद्यतन व्यवस्था सुनिश्चित करते हुए जन-सामान्य को नई धाराओं और प्रक्रियाओं से शीघ्र अतिशीघ्र अवगत कराने के लिए नए आपराधिक कानूनों के बारे में जागरूकता गतिविधियां संचालित की जाएं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पुलिस, जेल, अभियोजन, न्यायिक एवं फॉरेंसिक कर्मियों के बीच अद्यतन तकनीक के उपयोग का प्रशिक्षण सुनिश्चित किया जाए। सभी हितधारकों में हर स्तर पर बेहतर समन्वय जरूरी है। प्रत्येक स्तर पर आवश्यक व्यवस्था, उपकरण और भौतिक संसाधनों की उपलब्धता प्राथमिकता के आधार पर सुनिश्चित की जाए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि अचल सम्पत्ति संबंधी अपराधों पर नियंत्रण के लिए पुलिस के साथ राजस्व का अमला भी सजग और सतर्क रहे, साथ ही दोनों विभागों में परस्पर समन्वय भी हो। प्रदेश के नगरीय क्षेत्रों सहित जिन क्षेत्रों में भूमि की दरें तेजी से बढ़ रही हैं, वहां विशेष सजगता बरती जाए। बैठक में बताया गया कि समयावधि में चालान के लिए नवीन डैशबोर्ड उपलब्ध है। ई-साक्ष्य की प्रक्रिया भी आरंभ की जा चुकी है।




### राइट्स लिमिटेड

**पद का नाम** - टीम लीडर (सेफ्टी), टीम लीडर (एमईपी), प्रोजेक्ट इंजीनियर (एमईपी), सेफ्टी इंजीनियर, जूनियर इंजीनियर (एमईपी)
**पदों की संख्या** - 34
**योग्यता** - इंजीनियरिंग में स्नातक डिग्री तथा अन्य जरूरी योग्यताएं
**अंतिम तिथि** - 24 अप्रैल, 2025
**वेब.** - https://www.rites.com

### पूर्वो. इंदिरा गांधी क्षेत्रीय स्वास्थ्य एवं चिकित्सा विज्ञान संस्थान

**पद का नाम** - नर्सिंग ऑफिसर, स्टोर कीपर, रेडियोग्राफर, मेडिकल सोशल वर्कर, तकनीशियन एंडोस्कोपी/ कोलोनोस्कोपी, तकनीशियन (न्यूक्लियर मेडिसन), स्वास्थ्य निरीक्षक, जूनियर अकाउंट्स ऑफिसर, जूनियर इंजीनियर (इलेक्ट्रिकल), फार्मासिस्ट, तकनीकी सहायक, ईसीजी तकनीशियन, स्वच्छता निरीक्षक, सुरक्षा गार्ड, रिकॉर्ड क्लर्क, ड्राइवर ग्रेड-II, डार्क रूम सहायक
**पदों की संख्या** - 130
**योग्यता** - पदानुसार
**अंतिम तिथि** - 20 अप्रैल, 2025
**वेब.** - https://www.neigrihms.gov.in

### काशी हिन्दू विश्वविद्यालय

**पद का नाम** - कनिष्ठ लिपिक
**पदों की संख्या** - 199
**योग्यता** - द्वितीय श्रेणी में स्नातक की डिग्री तथा एआईसीटीई द्वारा मान्यता प्राप्त संस्थान से कम्प्यूटर डिप्लोमा होना अनिवार्य
**अंतिम तिथि** - 17 अप्रैल, 2025
**वेब.** - https://www.bhu.ac.in

### भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन

**पद का नाम** - ग्रेजुएट अप्रेंटिस, डिप्लोमा अप्रेंटिस, ट्रेड अप्रेंटिस
**पदों की संख्या** - 75
**योग्यता** - ग्रेजुएट अप्रेंटिस के लिए किसी भी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से संबंधित विषय में बीई/ बीटेक की डिग्री, डिप्लोमा अप्रेंटिस के लिए संबंधित विषय में मान्यता प्राप्त राज्य बोर्ड द्वारा प्रदत्त अभियांत्रिकी में डिप्लोमा तथा ट्रेड अप्रेंटिस के लिए मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से संबंधित ट्रेड में आईटीआई डिप्लोमा
**अंतिम तिथि** - 21 अप्रैल, 2025
**वेब.** - https://www.isro.gov.in

### केंद्रीय सेलेक्शन बोर्ड ऑफ कॉन्स्टेबल (बिहार)

**पद का नाम** - कॉन्स्टेबल
**पदों की संख्या** - 19838
**योग्यता** - इंटरमीडिएट (10+2) उत्तीर्ण हो अथवा बिहार राज्य सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त अन्य समकक्ष शैक्षणिक अर्हता।
**अंतिम तिथि** - 18 अप्रैल, 2025
**वेब.** - https://csbc.bihar.gov.in

### केंद्रीय सड़क अनुसंधान संस्थान

**पद का नाम** - कनिष्ठ सचिवालय सहायक, कनिष्ठ आशुलिपिक
**पदों की संख्या** - 209
**योग्यता** - कनिष्ठ सचिवालय सहायक के लिए कक्षा बारहवीं या अन्य समकक्ष उत्तीर्ण हो तथा कम्प्यूटर टाइपिंग का ज्ञान एवं कनिष्ठ आशुलिपिक के लिए कक्षा बारहवीं तथा स्टेनोग्राफी उत्तीर्ण हो।
**अंतिम तिथि** - 21 अप्रैल, 2025
**वेब.** - https://crridom.gov.in

### इंदिरा गांधी आयुर्विज्ञान संस्थान

**पद का नाम** - सहायक प्राध्यापक, सह प्राध्यापक, अतिरिक्त प्राध्यापक
**पदों की संख्या** - 90
**योग्यता** - पदानुसार
**अंतिम तिथि** - 18 अप्रैल, 2025
**वेब.** - http://www.igims.org

### आईडीबीआई बैंक लिमिटेड

**पद का नाम** - डिप्टी जनरल मैनेजर, असिस्टेंट जनरल मैनेजर, प्रबंधक
**पदों की संख्या** - 119
**योग्यता** - पदानुसार
**अंतिम तिथि** - 20 अप्रैल, 2025
**वेब.** - https://www.idbibank.in

### वैमानिकी विकास संस्थान

**पद का नाम** - परियोजना वैज्ञानिक 'बी', परियोजना वैज्ञानिक 'सी'
**पदों की संख्या** - 137
**योग्यता** - किसी भी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से इंजीनियरिंग/टेक्नोलॉजी में कम से कम प्रथम श्रेणी स्नातक की डिग्री या किसी भी इंजीनियरिंग विषय जैसे एयरोनॉटिक्स/कम्प्यूटर साइंस/ इलेक्ट्रॉनिक्स और संचार/ इलेक्ट्रिकल और इंस्ट्रूमेंटेशन/धातुकर्म/ मैकेनिकल इंजीनियरिंग में समकक्ष डिग्री।
**अंतिम तिथि** - 21 अप्रैल, 2025
**वेब.** - https://www.ada.gov.in

### मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमीशन कंपनी लिमिटेड

**पद का नाम** - आईटीआई अप्रेंटिस (इलेक्ट्रिशियन, कम्प्यूटर ऑपरेटर प्रोग्रामिंग असिस्टेंट, इंग्लिश स्टेनोग्राफर)
**पदों की संख्या** - 181
**योग्यता** - मान्यता प्राप्त संस्थान से संबंधित ट्रेड में आईटीआई उत्तीर्ण
**अंतिम तिथि** - 22 अप्रैल, 2025
**वेब.** - https://www.mptransco.in

### एडसिल इंडिया लिमिटेड

**पद का नाम** - कॅरियर एंड मेंटल हेल्थ काउंसलर
**पदों की संख्या** - 103
**योग्यता** - एमएससी इन साइकोलॉजी या एमए इन साइकोलॉजी या बैचलर इन साइकोलॉजी
**अंतिम तिथि** - 20 अप्रैल, 2025
**वेब.** - https://www.edcilindia.co.in

## एडमिशन अलर्ट

### भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान मद्रास

**पाठ्यक्रम का नाम** - एम टेक (नियमित), एम टेक (प्रायोजित)
**योग्यता**- पाठ्यक्रम के अनुसार
**अंतिम तिथि** - 25 अप्रैल, 2025
**वेब.** - https://mtechadm.iitm.ac.in

### फुटवियर डिजाइन एंड डेवलपमेंट इंस्टीट्यूट

**पाठ्यक्रम का नाम** - बी. डिजाइन, बीबीए, एम. डिजाइन और एमबीए
**योग्यता**- स्नातक पाठ्यक्रम के लिए किसी भी मान्यता प्राप्त बोर्ड से किसी भी विषय में बारहवीं कक्षा उत्तीर्ण तथा स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम के लिए किसी भी विषय में स्नातक की डिग्री।
**आवेदन की अंतिम तिथि** - उल्लेखित नहीं
**प्रवेश परीक्षा की तिथि** - 11 मई, 2025
**वेब.** - https://www.fddiindia.com

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित)

**प्रधानमंत्री मुद्रा योजना**

# सूक्ष्म उद्यमों और छोटे व्यवसायों को वित्तपोषित करने का सफलतम एक दशक

प्रधानमंत्री मुद्रा योजना के 10 साल पूरे हो गए हैं। इस योजना का लक्ष्य देश भर में जमीनी स्तर पर लोगों में उद्यमशीलता को विकसित करना है। प्रधानमंत्री मुद्रा योजना छोटे व्यवसायियों के लिए वरदान साबित हुई है। इसका उद्देश्य है सूक्ष्म उद्यमों और छोटे व्यवसायों को वित्तपोषित करना। इस योजना ने लोगों को कोलेटरल के बोझ से मुक्त किया और पहुंच को सरल बनाकर जमीनी स्तर पर उद्यमिता के एक नए युग की नींव रखी है। आज पूरे देश में लोगों की जिंदगी बदल गई है। दिल्ली में घर से ही दर्जी का काम करने वाली कमलेश ने अपने काम का विस्तार किया, तीन अन्य महिलाओं को रोज़गार दिया और अपने बच्चों का दाखिला अच्छे स्कूल में करवाया। बिंदु ने रोजाना 50 झाड़ू के साथ काम की शुरुआत की थी। वे अब 500 झाड़ू बनाने वाली इकाई का नेतृत्व करती हैं। इसके अलावा रेहड़ी पटरी के व्यवसायियों के कई उदाहरण हैं जो एक बड़े बदलाव को दर्शाते हैं।

सिलाई इकाइयों और चाय की दुकानों से लेकर सैलून, मैकेनिक की दुकानों और मोबाइल मरम्मत व्यवसायों तक करोड़ों सूक्ष्म-उद्यमियों ने आत्मविश्वास के साथ आगे कदम बढ़ाया है। इनके सक्षम होने की मूल वजह है कि उनकी क्षमता पर देश के प्रधानमंत्री ने विश्वास किया। प्रधानमंत्री मुद्रा योजना ने गैर-कॉर्पोरेट, गैर-कृषि सूक्ष्म और लघु उद्यमों को संस्थागत ऋण प्रदान करके छोटे-छोटे व्यवसायों की यात्रा को सुगम किया है और उन्हें समृद्ध बनाया है। अब यही भारत की अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं। मूल रूप से, मुद्रा योजना भरोसे पर टिकी है। यह भरोसा लोगों की आकांक्षाओं और निर्माण करने की उनकी क्षमता पर है। लोगों के छोटे-छोटे सपनों को बढ़ने के लिए आधार मिला तो उन्होंने पंख लगा दिए।

### प्रधानमंत्री मुद्रा योजना के तहत प्रमुख उपलब्धियां

अप्रैल 2015 में अपनी शुरुआत के बाद से, प्रधानमंत्री मुद्रा योजना ने 32.61 लाख करोड़ रुपये के 52 करोड़ से ज्यादा लोन स्वीकृत किए हैं। इससे देश भर में उद्यमिता क्रांति को बढ़ावा मिला है। व्यापार वृद्धि अब सिर्फ बड़े शहरों तक सीमित नहीं रह गई है। यह छोटे शहरों और गांवों तक विस्तारित हुई है। लोगों की सोच में बदलाव आया है। लोग अब रोज़गार चाहने वाले नहीं बल्कि रोज़गार देने वाले बन रहे हैं।

### एमएसएमई ऋण

यह ऋण अब व्यवसाय का एक सशक्त इको-सिस्टम बन गया है। रिपोर्ट में मुद्रा ऋण से बड़ी संख्या में लोग लाभ



उठा रहे हैं। यह ऋण वित्त वर्ष 2014 में एमएसएमई के लिए 8.51 लाख करोड़ रुपये से बढ़कर वित्त वर्ष 2024 में 27.25 लाख करोड़ रुपये हो गया और वित्त वर्ष 2025 में इसके 30 लाख करोड़ रुपये को पार करने का अनुमान है। बैंक के कुल ऋण




में एमएसएमई ऋण की हिस्सेदारी वित्त वर्ष 2014 में 15.8 प्रतिशत से बढ़कर वित्त वर्ष 2024 में लगभग 20 प्रतिशत हो गई, जिससे भारतीय अर्थव्यवस्था सबल हुई है। इस विस्तार ने छोटे शहरों और ग्रामीण क्षेत्रों में व्यवसायों को वित्तीय सहायता पहुंचाई है जो पहले उपलब्ध नहीं थी। इससे भारत की आत्मनिर्भर अर्थव्यवस्था मजबूत हुई है और जमीनी स्तर पर रोजगार सृजन को बढ़ावा मिला है।

### वित्तीय समावेशन : महिलाओं का सशक्तिकरण

मुद्रा योजना के कुल लाभार्थियों में 68 प्रतिशत महिलाएं हैं, जो देश भर में महिलाओं के नेतृत्व वाले उद्यमों को आगे बढ़ाने में इस योजना की महत्वपूर्ण भूमिका को स्थापित करती है। वित्त वर्ष 2016 और वित्त वर्ष 2025 के बीच प्रति महिला प्रधानमंत्री मुद्रा योजना की वितरण राशि वर्ष दर वर्ष 13 प्रतिशत से बढ़कर 62,679 रुपये तक पहुंच गई, जबकि प्रति महिला वृद्धिशील जमा राशि वर्ष दर वर्ष 14 प्रतिशत बढ़कर 95,269 रुपये हो गई।

इससे सामाजिक रूप से हाशिए पर पड़े समूहों को ऋण प्राप्त करने की सभी बाधाएं दूर हो गई हैं। भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) की रिपोर्ट के अनुसार, 50 प्रतिशत मुद्रा खाते अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग के उद्यमियों के पास हैं, जिससे राशि हितग्राही के खाते में जल्दी और सीधे पहुंचती है। इसके अलावा, मुद्रा ऋण हितग्राहियों में से 11 प्रतिशत अल्पसंख्यक समुदायों से आते हैं। योजना का लाभ लेकर यह वर्ग उद्यम क्षेत्र में सक्रिय भागीदार हुआ है। योजना ने आम लोगों को समृद्ध करने के साथ समावेशी विकास को प्राप्त करने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है।

### शिशु से तरुण तक ऋण

पिछले दस वर्षों में, मुद्रा योजना ने 52 करोड़ रुपये से ज्यादा लोन खाते खोलने में मदद की है, इससे उद्यमशीलता की गतिविधियों में लगातार वृद्धि हुई है। किशोर लोन (50,000 रुपये से 5 लाख रुपये) की हिस्सेदारी वित्त वर्ष 2016 के 5.9 प्रतिशत से बढ़कर वित्त वर्ष 2025 में 44.7 प्रतिशत हो गई है, जो सूक्ष्म से छोटे उद्यमों की ओर बदलाव को दर्शाता है। तरुण श्रेणी (5 लाख रुपये से 10 लाख रुपये) भी तेजी से बढ़ रही है, जो साबित करती है कि मुद्रा योजना सिर्फ व्यवसाय शुरू करने के लिए नहीं है, बल्कि उन्हें आगे बढ़ाने में मदद भी करती है।

## पीएमएमवाई का मिशन, विजन और उद्देश्य

### योजना की मुख्य विशेषताएं

सूक्ष्म, उद्यम इकाइयों से संबंधित विकास और पुनर्वित्तपोषण गतिविधियों के लिए भारत सरकार द्वारा सूक्ष्म इकाई विकास और पुनर्वित्तपोषण एजेंसी (मुद्रा) के अंतर्गत प्रधानमंत्री मुद्रा योजना की स्थापना की गई थी। प्रधानमंत्री मुद्रा योजना यह सुनिश्चित करती है कि सदस्य ऋणदाता संस्थाओं (एमएलआई) यानी अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों (एससीबी), क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों (आरआरबी), गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों (एनबीएफसी) और सूक्ष्म वित्त संस्थानों (एमएफआई) द्वारा 20 लाख रुपये तक का कोलेटरल-फ्री संस्थागत ऋण प्रदान किया जाए।

### अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पहचान

- अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने भारत में वित्तीय पहुंच बढ़ाने और समावेशी उद्यमशीलता को बढ़ावा देने में प्रधानमंत्री मुद्रा योजना (पीएमएमवाई) के प्रभाव को लगातार स्वीकार किया है।
- वर्ष 2017 में, अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष ने उल्लेख किया कि यह योजना महिलाओं के नेतृत्व वाले व्यवसायों को वित्त तक पहुंच प्रदान करने में सहायक रही है।
- कोलेटरल-फ्री ऋण बैंकिंग सुविधा से वंचित परिवारों पर पीएमजेडीवाई के फोकस को पूरा करता है।
- वर्ष 2019 में, अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष ने पीएमएमवाई की सराहना करते हुए कहा कि माइक्रो यूनिट डेवलपमेंट एंड रिफाइनेंस एजेंसी के तहत यह योजना विनिर्माण, व्यापार और सेवाओं में लगे व्यवसायों को ऋण देने वाले वित्तीय संस्थानों का समर्थन करके सूक्ष्म उद्यमों को विकसित करने और पुनर्वित्त प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।
- वर्ष 2024 की रिपोर्ट में, अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष ने पुनः पुष्टि की कि पीएमएमवाई जैसे कार्यक्रमों के माध्यम से उद्यमिता के लिए भारत का सक्षम नीतिगत वातावरण, ऋण तक पहुंच के माध्यम से स्वरोज़गार और औपचारिकता बढ़ाने में सक्रिय रूप से योगदान दे रहा है।

### नवाचार की ताकत का किया प्रदर्शन

पिछले दस वर्षों में, प्रधानमंत्री मुद्रा योजना ने लगातार वित्तीय समावेशन की शक्ति और जमीनी स्तर पर नवाचार की ताकत का प्रदर्शन किया है। 2014 से पहले, ऋण तक पहुंच सीमित थी। छोटे उद्यमियों को जटिल कागजी कार्यवाही जैसी बाधाओं का सामना करना पड़ता था या उन्हें अनौपचारिक वित्त पर निर्भर रहने के लिए मजबूर होना पड़ता था।

बैंकों ने बड़ी कंपनियों को लापरवाही से ऋण दिया, जबकि वास्तविक ऋण प्राप्तकर्ताओं को ऋण तक पहुंच नहीं मिल पाई। मुद्रा ने इस शून्य को भरते हुए एक स्वच्छ, समावेशी विकल्प पेश किया, जिसने सभी को समान अवसर दिया। 52 करोड़ से ज्यादा लोन स्वीकृत होने के साथ, इस योजना ने औपचारिक ऋण तक पहुंच बढ़ाकर महिलाओं, अजा, अजजा, अन्य समुदायों और ग्रामीण उद्यमियों को सशक्त बनाया है।

- हितेश शर्मा
(लेखक, सम-सामयिक विषयों पर लेखन करते हैं)

# खेल चर्चा

## पीएसजी ने 13वीं बार जीता लीग-1 का खिताब

**पेरिस,** फ्रांस के लोकप्रिय फुटबॉल क्लब पेरिस सेंट जर्मेन (पीएसजी)ने फ्रेंच फुटबॉल लीग (लीग-1) का खिताब अपने नाम कर लिया है। पीएसजी ने 13वीं बार फ्रांस की शीर्ष घरेलू लीग जीती, पीएसजी ने छह मैच शेष रहते ही यह खिताब जीता है। एंजर्स के खिलाफ खेले गए मैच में पीएसजी ने 1-0 से जीत दर्ज की। पीएसजी ने इस सत्र में शानदार प्रदर्शन किया। पीएसजी ने इस सत्र में अब तक 28 मैच खेले हैं, इन मैचों में पीएसजी ने 23 मुकाबले जीते हैं, जबकि पांच मुकाबले ड्रॉ रहे हैं। इस सत्र में पीएसजी ने एक भी मैच नहीं गवायें बिना सबसे ज्यादा 74 अंक लेकर अंक तालिका में शीर्ष स्थान पर हैं, जबकि उसकी सबसे निकटतम प्रतिद्वंद्वी टीम मार्सिले 52 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर है। पीएसजी को अभी छह मैच और खेलना बाकि है ऐसे में पीएसजी का खिताब जीतना तय हो गया है।

### आईएसएसएफ निशानेबाजी विश्वकप

# भारतीय निशानेबाजों का स्वर्णिम प्रदर्शन

**ब्यूनस आयर्स,** अर्जेंटीना की राजधानी ब्यूनस आयर्स में आयोजित आईएसएसएफ निशानेबाजी विश्वकप में भारतीय निशानेबाजों ने शानदार प्रदर्शन किया है। प्रतियोगिता में भारतीय निशानेबाजों ने 4 स्वर्ण, 2 रजत और 2 कांस्य पदक सहित कुल 8 पदक अपने नाम किए हैं। भारत के लिए सिफत कौर सामरा, रुद्राक्ष पाटिल, विजयवीर सिद्धु और सुरुचि सिंह ने स्वर्ण पदक जीते।

**सिफत ने जीता पहला स्वर्ण पदक**

निशानेबाजी विश्वकप में भारत को पहला स्वर्ण पदक सिफत कौर समरा ने दिलाया। विश्वकप में सिफत ने महिलाओं की 50 मीटर राइफल थ्री पोजिशन (3पी) के क्वालिफाइंग राउंड में 590 अंक अर्जित कर शीर्ष स्थान हासिल किया। प्रतियोगिता में सिफत ने इस स्पर्धा की मौजूदा ओलंपिक चैम्पियन चियारा लियोन को हराया।

**रुद्राक्ष का स्वर्णिम प्रदर्शन**

भारत के युवा निशानेबाज रुद्राक्ष पाटिल ने निशानेबाजी विश्वकप में पुरुषों की 10 मीटर एयर राइफल स्पर्धा में शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक अपने नाम किया। इस स्पर्धा में भारत के अर्जुन बबूता ने भी फाइनल राउंड में जगह बनाई थी, लेकिन वह सातवें स्थान पर रहे। रुद्राक्ष ने फाइनल राउंड की शुरुआत में ही बढ़त बना ली थी, जो अंत तक कायम रही, हालांकि स्पर्धा में




- रुद्राक्ष का आईएसएसएफ निशानेबाजी विश्वकप में यह दूसरा स्वर्ण पदक है।
- विश्वकप में ईशा सिंह ने 25 मीटर पिस्टल स्पर्धा में रजत पदक जीता।
- विश्वकप में 50 मीटर राइफल थ्री पोजिशन स्पर्धा में चैन सिंह ने कांस्य जीता।

हंगरी के दिग्गज निशानेबाज इस्तवान पेनी ने रुद्राक्ष को कड़ी टक्कर दी। फाइनल राउंड में रुद्राक्ष 252.9 अंक लेकर स्वर्ण पदक जीतने में सफल रहे।

**विजयवीर पिस्टल में बने विजेता**

पुरुषों की 25 मीटर रैपिड पिस्टल स्पर्धा में भी भारत को स्वर्ण पदक मिला है। दिग्गज निशानेबाज विजयवीर सिद्धु ने 25 मीटर रैपिड पिस्टल स्पर्धा में भारत के लिए तीसरा स्वर्ण पदक जीता। स्पर्धा के फाइनल में विजयवीर ने रिकार्डो माजेटी को रोमांचक मुकाबले में 29-28 से हराया। स्पर्धा में युहाओ यांग ने कांस्य पदक जीता। निशानेबाजी विश्वकप में 25 मीटर रैपिड पिस्टल स्पर्धा में किसी भी भारतीय खिलाड़ी का यह पहला स्वर्ण पदक है।

निशानेबाजी विश्वकप में भारत की सुरुचि सिंह ने महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता। 18 वर्षीय सुरुचि ने आठ निशानेबाजों के फाइनल में 244.6 अंक हासिल कर पहला स्थान हासिल किया। स्पर्धा के फाइनल में सुरुचि ने चीन की निशानेबाज कियान वेई को हराया।

## रुद्राक्ष और आर्य की जोड़ी ने जीता रजत पदक

**ब्यूनस आयर्स,** भारत के युवा निशानेबाज रुद्राक्ष निशानेबाजी विश्वकप में दोहरी कामयाबी हासिल करने में सफल रहे। रुद्राक्ष ने पुरुषों की 10 मीटर एयर राइफल व्यक्तिगत स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतने के बाद मिश्रित स्पर्धा में भी रजत पदक अपने नाम किया है। विश्वकप में रुद्राक्ष ने 10 मीटर एयर राइफल मिश्रित स्पर्धा में आर्य बोरसे के साथ मिलकर रजत पदक जीता।

स्पर्धा में रुद्राक्ष और आर्य की जोड़ी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक मुकाबले में जगह बनाई, लेकिन फाइनल में यह जोड़ी अपनी लय बरकरार नहीं रख सकी और नौ अंक ही हासिल कर सकी। भारतीय जोड़ी को रजत पदक से संतोष करना पड़ा। स्पर्धा में चीन के जिफेई वैंग और बुहान सोंग की जोड़ी ने 17 अंक हासिल कर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। स्पर्धा में अर्जुन बबूता और नर्मदा नितिन राजू की जोड़ी ने कांस्य पदक के लिए खेले गए मुकाबले में जगह बनाई, लेकिन मुकाबले में अर्जुन और नर्मदा की जोड़ी को हार का सामना करना पड़ा।

**सुरुचि और सौरभ ने जीता कांस्य पदक**

प्रतियोगिता में भारत की सुरुचि सिंह और सौरभ चौधरी की जोड़ी ने भी कांस्य पदक जीता। सुरुचि और सौरभ ने 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित स्पर्धा में यह पदक जीता। कांस्य पदक मुकाबले में सुरुचि और सौरभ की जोड़ी ने मनु भाकर और रविंदर सिंह की जोड़ी को 16-8 से हराया।

### विश्व मुक्केबाजी कप

# हितेश ने जीता स्वर्ण पदक

**रियो डि जेनेरियो,** ब्राजील में आयोजित विश्व मुक्केबाजी कप में भारतीय मुक्केबाजों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए छह पदक जीते हैं। प्रतियोगिता में भारत के लिए हितेश गुलिया ने स्वर्ण पदक जीता, वहीं अभिनाश जामवाल ने रजत पदक अपने नाम किया। टूर्नामेंट में भारतीय मुक्केबाजों ने चार कांस्य पदक भी जीते हैं। भारत ने मुक्केबाजी की नई वैश्विक संस्था विश्व मुक्केबाजी द्वारा आयोजित किसी शीर्ष स्तरीय अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता में पहली बार हिस्सा लिया है।

**हितेश ने जीता स्वर्ण पदक**

हितेश ने इस टूर्नामेंट में स्वर्ण अपने नाम किया और वह विश्व मुक्केबाजी कप में स्वर्ण जीतने वाले पहले भारतीय मुक्केबाज बन गए। हितेश ने टूर्नामेंट में 70 किलोग्राम भारवर्ग स्पर्धा में शानदार प्रदर्शन कर फाइनल में जगह बनाई। फाइनल में उनका सामना इंग्लैंड के ओडेल कामारा से होना था लेकिन कामारा चोटिल हो गए जिससे वे रिंग में नहीं उतर सके और हितेश को वॉक ओवर मिला। हितेश की तरह भारतीय




मुक्केबाज अभिनाश जामवाल ने भी 65 किलोग्राम भारवर्ग के फाइनल में जगह बनाई, लेकिन स्थानीय दावेदार यूरी रेइस को कड़ी टक्कर देने के बावजूद उन्हें रजत पदक से संतोष करना पड़ा।

**चार मुक्केबाजों ने जीते कांस्य पदक**

प्रतियोगिता में भारत के लिए जादुमणि सिंह मंडेंगबाम (50 किलोग्राम), मनीष राठौड़ (55 किलोग्राम), सचिन (60 किलोग्राम) और विशाल (90 किलोग्राम) ने कांस्य पदक जीते। भारत ने विश्व मुक्केबाजी कप में 10 सदस्यीय दल उतारा था जो पेरिस ओलंपिक के बाद टीम का पहला बड़ा अंतर्राष्ट्रीय टूर्नामेंट था।

## ओलंपिक की तैयारियों के लिए खोले जाएंगे 10 प्रशिक्षण केंद्र

**नई दिल्ली,** ओलंपिक खेलों में भारतीय खिलाड़ी ज्यादा पदक जीत सकें, इसके लिए केंद्र सरकार देशभर में 10 ओलंपिक ट्रेनिंग सेंटर स्थापित करने जा रही है। खेल मंत्रालय ने कहा कि वर्ष 2036 के ओलंपिक खेलों की मेजबानी को पुख्ता करने के लिए केंद्र सरकार जर्मनी और जापान की तर्ज पर ओलंपिक ट्रेनिंग सेंटर की स्थापना करेगी। एक ओलंपिक ट्रेनिंग में एक खेल के खिलाड़ियों को विशेष तैयारियां कराई जाएंगी। इस तरह 10 खेलों के लिए 10 सेंटर खोले जाएंगे। यह सेंटर अत्याधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित होंगे, जिनमें विदेशी कोच से लेकर आधुनिक उपकरणों की सुविधाएं दी जाएंगी।

**हर सेंटर में होंगे सौ से अधिक खिलाड़ी**

खेल मंत्रालय के अनुसार ओलंपिक ट्रेनिंग सेंटरों में देश की उच्च खेल प्रतिभाओं को प्रशिक्षित किया जाएगा। हर खेल में इनकी संख्या 100 से 150 तक हो सकती है। इन प्रतिभाओं के चयन के लिए मंत्रालय एक नीति तैयार करेगा।

# श्रीलंका में वन-डे त्रिकोणीय सीरीज के लिए भारतीय टीम का ऐलान

**मुंबई,** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने श्रीलंका में खेली जाने वाली वन-डे त्रिकोणीय सीरीज के लिए भारतीय महिला टीम का ऐलान कर दिया है। भारतीय टीम में हरमनप्रीत कौर की टीम में वापसी हुई है, वे टीम की कमान भी संभालेंगी, वहीं स्मृति मंधाना टीम की उप कप्तान होंगी। हरमनप्रीत को जनवरी में आयरलैंड के खिलाफ घरेलू सीरीज के लिए आराम दिया गया था। बीसीसीआई ने इस टूर्नामेंट के लिए 15 सदस्यीय टीम का ऐलान किया है। यह त्रिकोणीय सीरीज 27 अप्रैल को शुरू होगी और 11 मई को फाइनल मुकाबला खेला जाएगा। इस टूर्नामेंट में भारत और श्रीलंका के अलावा दक्षिण अफ्रीका की टीम भी हिस्सा लेगी।

बीसीसीआई ने कहा कि तेज गेंदबाज रेणुका सिंह ठाकुर और तितास साधु चोटिल हैं। इसलिए उनके चयन पर विचार नहीं किया गया। काशवी गौतम, श्री चरणी और शुचि उपाध्याय को पहली बार भारतीय महिला टीम में जगह मिली है।



**डबल राउंड रॉबिन होगा टूर्नामेंट**

यह टूर्नामेंट डबल राउंड रॉबिन प्रारूप में खेला जाएगा। भारत अपना पहला मैच 27 अप्रैल को श्रीलंका के खिलाफ खेलेगा। तीनों टीमें आपस में चार-चार मैच खेलेंगी और शीर्ष पर रहने वाली दो टीमें फाइनल के लिए क्वालिफाई करेंगी।

**भारतीय टीम -** हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना (उप कप्तान), प्रतिका रावल, हरलीन देयोल, जेमिमा रॉड्रिग्स, ऋचा घोष (विकेटकीपर), यास्तिका भाटिया (विकेटकीपर), दीप्ति शर्मा, अमनजोत कौर, काशवी गौतम, स्नेह राणा, अरुंधति रेड्डी, तेजल हसब्निस, श्री चरणी, शुचि उपाध्याय।

# नगरीय निकायों में कम्युनिटी स्पोर्ट्स को मिलेगा बढ़ावा

**भोपाल,** प्रदेश के खेल एवं युवा कल्याण मंत्री श्री विश्वास कैलाश सारंग ने खेलों के उन्नयन के लिये प्रदेश के सभी महापौरों के साथ बैठक की। बैठक में खेल एवं युवा कल्याण विभाग के सहयोग से नगरीय निकायों में खेलों के प्रति सकारात्मक माहौल बनाने, युवाओं को खेलों के प्रति आकर्षित करने, नगरीय निकायों के खेल इंफ्रास्ट्रक्चर के उन्नयन सहित अनेक विषयों पर चर्चा हुई। श्री सारंग ने कहा कि नगरीय निकायों के पास पहले से मौजूद खेल मैदानों एवं अधोसंरचना का उन्नयन कर खेल गतिविधियों को गति दी जा सकती है। बैठक में नगरीय निकायों और खेल विभाग के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने पर विशेष बल दिया गया,



जिससे राज्य भर में खेलों का व्यापक प्रसार और विकास सुनिश्चित किया जा सके।

श्री सारंग ने कहा कि नगरीय निकायों में कम्युनिटी स्पोर्ट्स को बढ़ावा देने के लिए खेल एवं युवा कल्याण विभाग के सहयोग से विभिन्न पहल की जा सकती हैं। इसमें फिट इंडिया क्लब की स्थापना तथा सामुदायिक स्तर पर विभिन्न खेल गतिविधियों का आयोजन प्रमुख है। उन्होंने उपस्थित सभी महापौरों से आग्रह किया कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में खेलों के उन्नयन के लिये क्षेत्र चिन्हित कर प्रस्ताव तैयार करें। इससे खेलों के प्रति रुचि को बढ़ावा मिलेगा और स्वस्थ एवं सक्रिय समाज के निर्माण की दिशा में सार्थक कदम उठाए जा सकेंगे।

**हर जिले में फिट इंडिया क्लब**

श्री सारंग ने बताया कि भोपाल में प्रदेश का पहला फिट इंडिया क्लब स्थापित किया गया है, जिसका द्वितीय चरण वर्तमान में निर्माणाधीन है। इसी मॉडल को अपनाते हुए प्रदेश के सभी नगरीय निकायों में सर्वसुविधायुक्त फिट इंडिया क्लब स्थापित किए जाएंगे। इन क्लबों में बच्चों, युवाओं, वरिष्ठ नागरिकों सहित सभी आयु वर्ग के नागरिकों के लिए शारीरिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देने वाली सुविधाएं उपलब्ध होंगी। उन्होंने महापौरों से आग्रह किया कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में इन क्लबों की स्थापना के लिए उपयुक्त स्थानों की पहचान कर शीघ्र प्रस्ताव भेजें।

खेल मंत्री ने कहा कि देश में पहली बार प्रदेश सरकार हर विधानसभा क्षेत्र में खेल परिसरों के निर्माण की दिशा में कार्य कर रही है। यह पहल युवाओं को खेलों से जोड़ने, प्रतिभाओं को तराशने और खेल के प्रति सकारात्मक माहौल को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

## ओलंपिक के लिए 70 किलोग्राम भारवर्ग में खेलेंगी लवलीना

**नई दिल्ली,** भारत की दिग्गज महिला मुक्केबाज और ओलंपिक पदक विजेता लवलीना बोरगोहेन अब 70 किलोग्राम भारवर्ग में खेलती हुई नजर आ सकती हैं, अब तक वह 75 किलोग्राम भारवर्ग में हिस्सा लेती थीं। दरअसल अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) ने लॉस एंजेलिस ओलंपिक में मुक्केबाजी की 75 किलोग्राम भारवर्ग स्पर्धा को ओलंपिक कार्यक्रम से हटा दिया है। आईओसी द्वारा किए गए बदलाव के बाद लवलीना को यदि लॉस एंजेलिस ओलंपिक में खेलना है तो उन्हें 70 किलोग्राम भारवर्ग में जाना होगा या 80 किलोग्राम से अधिक भारवर्ग में खेलना होगा।

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित, फोटो : गूगल से साभार)

**सामयिकी**

## यूरोप में वर्ष 2025 का मार्च महीना सबसे ज्यादा गर्म

यूरोप के मौसम और जलवायु परिवर्तन की जानकारी देने वाली एजेंसी कॉपरनिकस ने दावा किया है कि इस वर्ष मार्च में वैश्विक तापमान ऐतिहासिक तौर पर ज्यादा रहा। यह यूरोप का अब तक का सबसे गर्म मार्च महीना दर्ज किया गया है। वहीं वैश्विक तौर पर मार्च 2025 दूसरा सबसे गर्म मार्च का महीना रहा। वैश्विक गर्मी में उछाल के चलते 2023 और फिर 2024 को सबसे गर्म साल दर्ज किया गया।

यूरोपीय मौसम एजेंसी के अनुसार, मार्च 2025 औद्योगिक काल से पहले के मार्च की तुलना में 1.6 डिग्री सेल्सियस अधिक गर्म रहा। मौसम वैज्ञानिकों ने बढ़े हुए तापमान पर चिंता जाहिर करते हुए कहा कि हम मानव जनित जलवायु परिवर्तन की चपेट में हैं। वैज्ञानिकों ने चेतावनी दी है कि अब तापमान में हर एक डिग्री सेल्सियस तापमान की बढ़ोतरी से लू, भारी बारिश और बाढ़ जैसी समस्याओं की निरंतरता और भयावहता बढ़ जाएगी। वैज्ञानिकों का कहना है कि जलवायु परिवर्तन से मध्य एशिया में गर्मी बढ़ी, जिससे अधिक बारिश वाली परिस्थितियों को बढ़ावा दिया।

## तीन अमेरिकी-रूसी क्रू अंतरिक्ष स्टेशन को रवाना

नासा के अंतरिक्ष यात्री जॉनी किम और दो रूसी क्रू अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) के लिए रवाना हो चुके हैं। उन्होंने रूसी अंतरिक्ष यान में सवार होकर आईएसएस के लिए सफलापूर्वक उड़ान भरी। तीनों आठ महीने तक अंतरिक्ष में रहेंगे।

सोयुज बूस्टर रॉकेट ने तय समय पर बैकोनूर लॉन्च सुविधा से उड़ान भरी, जिसे रूस द्वारा कजाकिस्तान में लीज पर लिया गया है। तीनों क्रू के साथ सोयुज एमएस-27 को सफलतापूर्वक कक्षा में स्थापित किया गया। वे तीन घंटे बाद स्टेशन पर डॉक करने के लिए तैयार हैं। नासा के अंतरिक्ष यात्री किम और रूस के सर्गेई रेजिकोव और एलेक्सी जुब्रित्स्की अंतरिक्ष में लगभग आठ महीने बिताएंगे। तीनों अंतरिक्ष यात्रियों ने रूसी एमएस-27 यान में सवार होकर कजाकिस्तान के बैकोनूर लॉन्च साइट में अंतरिक्ष के लिए उड़ान भरी।

प्रधानमंत्री ने तमिलनाडु के रामेश्वरम में किया विभिन्न विकास कार्यों का शिलान्यास और उद्घाटन

# देश के पहले वर्टिकल लिफ्ट रेलवे समुद्री पंबन पुल से व्यापार, यात्रा और लोगों के जीवन पर सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा



प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने तमिलनाडु के रामेश्वरम में पंबन रेल ब्रिज का उद्घाटन किया

- रामेश्वरम के लिए नया पंबन ब्रिज प्रौद्योगिकी और परंपरा को एक साथ लाता है।
- पूरे देश में मेगा प्रोजेक्ट तेजी से आगे बढ़ रहे हैं।
- तमिल भाषा और विरासत दुनिया के हर कोने तक पहुंचे।

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने तमिलनाडु के रामेश्वरम में 8 हजार तीन सौ करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाली विभिन्न रेल और सड़क परियोजनाओं का शिलान्यास एवं लोकार्पण किया। इस दौरान प्रधानमंत्री ने भारत के पहले वर्टिकल लिफ्ट सी ब्रिज - नए पंबन रेल ब्रिज का उद्घाटन किया और सड़क पुल से एक ट्रेन और एक जहाज को हरी झंडी दिखाई और पुल का संचालन देखा। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने कहा कि भगवान श्रीराम का जीवन और उनके शासनकाल से मिली सुशासन की प्रेरणा राष्ट्र निर्माण के लिए महत्वपूर्ण आधार का काम करती है। तमिलनाडु के संगम युग के साहित्य में भी भगवान श्रीराम का उल्लेख है। उन्होंने कहा कि इस विशेष दिन पर उन्हें विभिन्न विकास परियोजनाओं को सौंपने का अवसर मिला है।

### इंजीनियरिंग के चमत्कार से जुड़ा रामेश्वरम

प्रधानमंत्री ने कहा, रामेश्वरम के लिए नया पंबन पुल प्रौद्योगिकी और परंपरा के मिलन का प्रतीक है। हजारों साल पुराना एक शहर अब 21वीं सदी के इंजीनियरिंग चमत्कार से जुड़ गया है। उन्होंने इंजीनियरों और श्रमिकों के समर्पण और कड़ी मेहनत के लिए आभार व्यक्त किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि यह पुल भारत का पहला वर्टिकल लिफ्ट रेलवे समुद्री पुल है, जो बड़े जहाजों को नीचे से गुजरने की अनुमति देता है और साथ ही ट्रेन यात्रा को सक्षम बनाता है। इस पुल की मांग कई दशकों से चली आ रही थी, जनता के आशीर्वाद से इस कार्य को पूरा करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है। तमिलनाडु में बुनियादी ढांचे का विकास भारत सरकार की प्राथमिकता है। पिछले एक दशक में तमिलनाडु का रेल बजट सात गुना से अधिक बढ़ा है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2014 से पहले तमिलनाडु में रेल परियोजनाओं को सालाना केवल सौ करोड़ रुपये मिलते थे, जबकि इस वर्ष तमिलनाडु का रेल बजट 6 हजार करोड़ रुपये से अधिक है।

### पंबन पुल की विशेषता

रामायण के अनुसार, राम सेतु का निर्माण रामेश्वरम के पास धनुषकोडी से शुरू हुआ था। रामेश्वरम को मुख्य भूमि से जोड़ने वाला यह पंबन पुल वैश्विक मंच पर भारतीय इंजीनियरिंग की उल्लेखनीय उपलब्धि के रूप में खड़ा है। इस पुल का निर्माण 700 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से किया गया है। इसकी लंबाई 2.08 किलोमीटर है, इसमें 99 स्पैन और 72.5 मीटर का वर्टिकल लिफ्ट स्पैन है जो 17 मीटर की ऊंचाई तक उठता है, जिससे जहाजों की सुचारू आवाजाही की सुविधा मिलती है। स्टेनलेस स्टील सुदृढीकरण, उच्च श्रेणी के सुरक्षात्मक पेंट और पूरी तरह से वेल्डेड जोड़ों के साथ निर्मित, पुल में अधिक स्थायित्व और कम रखरखाव की आवश्यकता है। पॉलीसिलोक्सेन कोटिंग इसे जंग से बचाती है।

## अंटार्कटिका में चीन ने नए रेडियो टेलीस्कोप का किया अनावरण



चीन ने अंटार्कटिका में एक नई दूरबीन का अनावरण किया है। यह कदम अंटार्कटिक में चीन की क्षमताओं को और मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। यह दूरबीन अंटार्कटिका की प्राचीन और शुद्ध वायुमंडलीय स्थितियों का लाभ उठाकर इन्फ्रारेड की समीक्षा में मदद करेगी।

चीन ने वायुमंडलीय क्षेत्र में अपनी ताकत को और मजबूत करने के लिए अहम कदम उठाया है। इसके तहत चीन ने अंटार्कटिका में एक नई दूरबीन का अनावरण किया है, जिससे इस बर्फीले और संसाधन से भरे पूरे महाद्वीप पर उसकी उपस्थिति और भी मजबूत हो गई है। बता दें कि इस दूरबीन का नाम 'थ्री गॉर्जेस अंटार्कटिक आई' है, और यह 3.2 मीटर एपर्चर वाली रेडियो/मिलीमीटर-वेव दूरबीन है। इसे चीन के थ्री गॉर्जेस यूनिवर्सिटी (सीटीजीयू) और शंघाई नॉर्मल यूनिवर्सिटी (एसएचएनयू) द्वारा सह-विकसित किया गया है।

इस विषय में जारी विज्ञप्ति में बताया गया है कि चीन का यह कदम अंटार्कटिक में अपनी क्षमताओं को और मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। यह दूरबीन अंटार्कटिका की प्राचीन और शुद्ध वायुमंडलीय स्थितियों का लाभ उठाकर इन्फ्रारेड और मिलीमीटर कंपन की समीक्षा में मदद करेगी, जिससे ब्रह्मांडीय घटनाओं का अध्ययन करने में सहायता मिलेगी।

उल्लेखनीय है कि चीन अंटार्कटिका में अपने वैज्ञानिक अनुसंधान को लगातार बढ़ा रहा है। तीन साल पहले वर्ष 2022 में उसने अपना पांचवां विशाल अनुसंधान स्टेशन शुरू किया था। इस स्टेशन में 5,244 वर्ग मीटर का फर्श क्षेत्र है और यह गर्मियों के दौरान 80 अभियान दल के सदस्यों और सर्दियों में 30 सदस्यों को सहायक सेवाएं प्रदान करने के लिए सुविधाओं से लैस है।

## भारत की राष्ट्रपति ने पुर्तगाल के चर्च का किया दौरा

भारत की राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु पिछले सप्ताह पुर्तगाल की यात्रा पर गई हुई थीं। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने सैंटा मारिया चर्च में पुर्तगाल के राष्ट्रीय कवि लुइस वाज डी कैमोज की समाधि पर पुष्पांजलि अर्पित की। राष्ट्रपति भवन के मुताबिक, राष्ट्रपति श्रीमती मुर्मु ने पुर्तगाल के 16वीं सदी के वास्तुकला का एक उत्कृष्ट उदाहरण जेरोनिमोस का भी दौरा किया।

सोशल मीडिया पर राष्ट्रपति भवन ने लिखा, 'राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने सैंटा मारिया चर्च का दौरा किया और लुइस वाज डी कैमोज की समाधि पर पुष्पांजलि अर्पित की। उन्होंने पुर्तगाल के 16वीं सदी के वास्तुकला का अद्भुत उदाहरण जेरोनिमोस का भी दौरा किया।' इसके बाद उन्हें लिस्बन शहर की चाबी प्रदान कर सम्मानित किया गया।

## भारतीय संविधान में पिछड़े वर्गों के लोगों को प्रगति से जोड़ने की भावना प्रधान है – श्री बिरला

लोकसभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला उज्बेकिस्तान के ताशकंद में अंतर-संसदीय संघ (आईपीयू) की ऐतिहासिक 150वीं सभा में शामिल हुए। इस दौरान श्री बिरला ने "सामाजिक विकास और न्याय के लिए संसदीय प्रयास" विषय पर विचार रखते हुए भारत के संविधान के समावेशी और कल्याणकारी स्वरूप पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि भारतीय संविधान में सभी नागरिकों को समान मानने, उन्हें समान अवसर प्रदान करने तथा वंचित और पिछड़े वर्गों के लोगों को प्रगति की मुख्य धारा से जोड़ने की भावना प्रधान है। श्री बिरला ने कहा कि भारत की संसद ने हाल के वर्षों में ऐसे अनेक विधेयक पारित किए हैं, जो सामाजिक न्याय एवं सुरक्षा तथा सभी वर्गों के समावेशन को बढ़ावा देते हैं। समाज के कमजोर वर्गों के हितों की रक्षा के लिए संसद की प्रतिबद्धता का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि 'दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम-2016', उभयलिंगी



व्यक्ति (अधिकारों का संरक्षण) अधिनियम, 2019' और 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम-2023' जैसे कानून समाज के सभी वर्गों के हितों की रक्षा करते हैं।

### न्याय की प्राथमिकता को स्थापित किया

श्री बिरला ने कहा कि भारतीय दंड संहिता को भारतीय न्याय संहिता से प्रतिस्थापित कर भारत ने न्याय की प्राथमिकता को स्थापित किया है। विकास और सामाजिक न्याय के लक्ष्यों को प्राप्त करने में संसदीय समितियों के प्रयासों का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि विभिन्न संसदीय समितियां, जिन्हें हम मिनी संसद भी कहते हैं, संसद एवं सरकार के प्रयासों के पूरक के रूप में कार्य करती हैं।

### नि:शुल्क स्वास्थ्य बीमा की सुविधा

श्री बिरला ने कहा कि भारत सरकार मानव विकास के प्रमुख संकेतकों के लिए निर्धारित लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए पूरी लगन के साथ काम कर रही है। इस संबंध में उन्होंने विशेष रूप से उल्लेख किया कि "विश्व की सबसे बड़ी स्वास्थ्य बीमा योजना, आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री - जन आरोग्य योजना (पीएम-जेएवाई) के अंतर्गत आर्थिक रूप से पिछड़ी भारत की 40 प्रतिशत आबादी को नि:शुल्क स्वास्थ्य बीमा की सुविधा दी जा रही है।

## वर्ल्ड ट्रेड सेंटर की 102वीं मंजिल पर किया गया योग

अमेरिका की सबसे ऊंची इमारत वर्ल्ड ट्रेड सेंटर की 102वीं मंजिल पर योग किया गया। भारत के महावाणिज्य दूतावास ने इस सत्र का आयोजन किया, जिसका नेतृत्व आर्ट ऑफ लिविंग फाउंडेशन की प्रशिक्षक रुचिका लाल ने किया। इस योग सत्र में न्यूयॉर्क में भारत के उप महावाणिज्य दूत विशाल हर्ष, भारतीय प्रवासी, छात्र और योग उत्साही शामिल हुए। यह तैयारी 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के लिए की गई, जिसके आयोजन में अब 75 से भी कम दिन बाकी हैं, जो 21 जून को मनाया जाएगा।

*(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित, फोटो : गूगल से साभार)*

स्वामी- मध्यप्रदेश माध्यम, प्रकाशक- डॉ. सुदाम खाड़े, मुद्रक- डॉ. सुदाम खाड़े द्वारा मेसर्स डी.बी. कॉर्प लिमिटेड, 10-11, सेक्टर-B, इंडस्ट्रियल एरिया, गोविंदपुरा, भोपाल से मुद्रित एवं मध्यप्रदेश माध्यम 40, प्रशासनिक क्षेत्र, अरेरा हिल्स, भोपाल-462011 (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक- रंजना चितले।